जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

महानगर टाइम्स

मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 29 | अंक : 196

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com

जयपुर, गुरुवार, 11 जून, 2026

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित

केंद्रीय मंत्री वैष्णव आज जयपुर दौरे पर

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव 11 जून को जयपुर में एक दिवसीय दौरे पर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वे सुबह 8:15 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद 9:30 से 10:30 बजे तक आकाशवाणी केंद्र जयपुर में वर्चुअल माध्यम से जैसलमेर के रामगढ़ में 20 केवी एफएम ट्रांसमीटर का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में प्रसार भारती के अध्यक्ष प्रसून जोशी भी उपस्थित रहेंगे। इसके बाद 11 बजे मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर के कार्यक्रम में शामिल होंगे। बाद में दोपहर 1 बजे कृषि अनुसंधान केंद्र जयपुर में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्री इस दौरान पौधरोपण भी करेंगे। इसके अलावा अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।

कांग्रेस ने हिंदुओं पर लगाया नाकामी का कलंक : मोदी

कैबिनेट बैठक में पीएम मोदी का तालियां बजाकर स्वागत... एनडीए नेताओं की बैठक में हुआ सम्मान

महानगर टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनके कार्यकाल के 4,399 दिन पूरे होने पर भारत मंडपम में आयोजित एनडीए बैठक में उनका सम्मान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 12 साल में देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ। इस कुसंस्कृति का नाम कांग्रेस ग्रोथ रेट था। इसमें ना गवर्नेंस थी, ना नीति-नीयत, ना ही निर्णय। नाकामी कांग्रेस की थी, लेकिन कलंक हिंदू आबादी पर लगाया गया। उन्होंने कहा हमारे लिए दल से बड़ा हमेशा देश रहा है। हम नेशन फर्स्ट की भावना से काम करते हैं। भारत को सिर्फ दुनिया की बराबरी नहीं करनी, बल्कि उससे एक कदम आगे रहना है। वह दिन दूर नहीं जब हम मेड इन इंडिया प्लेन भी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत 'रिफॉर्म्स एक्सप्रेस' के साथ आगे बढ़ रहा है।

कैबिनेट बैठक में मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा

पीएम की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में पारित प्रस्ताव में उन्हें चुने हुए प्रधानमंत्री के तौर पर जवाहरलाल नेहरू के 4,399 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने पर बधाई दी और भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर, सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र के तौर पर नई ऊंचाई हासिल करेगा। मंत्रिमंडल ने मोदी के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा, समावेशी विकास तथा सामाजिक न्याय के मामलों में उनके नेतृत्व की प्रशंसा की।

कांग्रेस ग्रोथ रेट बनाम एनडीए ग्रोथ रेट

मोदी ने कहा कि 2014 में जनता ने कांग्रेस से निराश होकर एनडीए पर भरोसा जताया था। पिछले 12 सालों में एनडीए ने उस विश्वास को और मजबूत किया है। सरकार की नीतियों के कारण 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। जो लोग पहले गरीब थे, वे अब मिडिल क्लास का हिस्सा बन रहे हैं। मिडिल क्लास अब न्यू मिडिल क्लास है। उन्होंने कहा कि 2014 के 74 एयरपोर्ट बढ़कर 160 से ज्यादा हो गए हैं। एक्सप्रेस-वे 1000 किमी से बढ़कर 6700 किमी और मेट्रो नेटवर्क 5 शहरों से बढ़कर 20 शहरों तक पहुंच गया है। सवाल ये है कि 12 साल में इतना कुछ हो सकता है तो दशकों तक क्यों नहीं हुआ। ये कांग्रेस ग्रोथ रेट और एनडीए ग्रोथ रेट का अंतर है। विकास तो दूर की बात, देश को कांग्रेस ने एक के बाद एक हजारों करोड़ों के घोटाले में घसीट दिया। मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दशकों तक विकास की रफ्तार धीमी रही, जबकि एनडीए ने नई सोच और फैसलों के जरिए तेज विकास को संभव बनाया।

अभिनंदन प्रस्ताव पारित, शुभेंदु ने खिलाई झालमुड़ी

एनडीए सरकार के 12 साल पूरे होने पर भारत मंडपम में हुई बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल की सराहना करते हुए एक अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने रखा, जबकि नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफिय्यू रियो ने इसका समर्थन किया। बैठक में भाजपा-एनडीए शासित 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और अन्य नेता शामिल हुए। सभी ने मोदी को बधाई दी। बैठक के बाद मोदी ने एनडीए नेताओं के साथ झालमुड़ी भी खाई। इससे पहले प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में भी सर्वसम्मति से बधाई प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने पीएम मोदी को सम्मानित किया। इसके बाद मोदी ने नेताओं के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाई।

विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर देश निरंतर तेजी से अग्रसर : भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनता के निर्वाचित

प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिनों तक निरंतर राष्ट्रसेवा कर भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ना प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी के समर्पित नेतृत्व, अथक परिश्रम और 140 करोड़ देशवासियों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। यह बात उन्होंने भारत मंडपम में हुई बैठक में कही। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पीएम के मार्गदर्शन में भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर निरंतर तेजी से अग्रसर रहेगा तथा विश्व पटल पर नए गौरवशाली कीर्तिमान स्थापित करेगा। इससे पूर्व सीएम भजनलाल शर्मा ने सुबह जयपुर में मोती डूंगरी स्थित गणेशजी मंदिर में विशेष पूजा कर देश व प्रदेश की उन्नति तथा प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में 'नमो लोक महोत्सव'

पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में 'नमो लोक महोत्सव' का आयोजन हुआ। पुरुषोत्तम मास की पुण्य वेला में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी के मार्गदर्शन में 'विकसित भारत- संकल्प से सिद्धि' के लिए विशेष प्रार्थना की गई।

भाजपा का प्रदेशव्यापी पूजन कार्यक्रम : पृष्ठ 2 पर

पूनियां-अलका-डांगी का निर्विरोध राज्यसभा पहुंचना तय, तस्वीर साफ

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राजस्थान से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए हो रहे द्विवार्षिक चुनाव में परिणाम लगभग तय हो चुका है। मंगलवार को विधानसभा परिसर में भाजपा प्रत्याशी डॉ. सतीश पूनियां, अलका सिंह गुर्जर और कांग्रेस प्रत्याशी नीरज डांगी के नामांकन पत्रों की जांच पूरी कर ली गई। निर्वाचन विभाग की पड़ताल में सभी नौ नामांकन पत्र सही पाए गए, जिससे तीनों उम्मीदवारों का निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय माना जा रहा है। अब 11 जून तक नाम वापसी की औपचारिक प्रक्रिया शेष है, लेकिन किसी अन्य उम्मीदवार के मैदान में नहीं होने और सभी नामांकन वैध पाए जाने के बाद भाजपा के डॉ. सतीश पूनियां और अलका सिंह गुर्जर तथा कांग्रेस के नीरज डांगी का राज्यसभा पहुंचना तय हो गया है। यदि नाम वापसी की अंतिम तिथि तक कोई अप्रत्याशित घटनाक्रम नहीं होता है तो तीनों उम्मीदवारों को गुरुवार शाम निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंप दिया जाएगा।

रिफाइनरी से इसी माह मिलने लगेगा डीजल

- प्रदेश में ही होगा डीजल, एलपीजी और पेट्रोल आदि उत्पादों का अधिकतम उपयोग

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा है कि एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी द्वारा रिफाइन डीजल, एलपीजी और पेट्रोल आदि उत्पादों का अधिकतम उपयोग राजस्थान में ही किया जाएगा, ताकि प्रदेश में निवेश, रोजगार और राजस्व के नए अवसर विकसित हो सकें। उन्होंने बताया कि राजस्थान रिफाइनरी से कच्चे तेल के परिस्करण के बाद डीजल का उत्पादन इसी माह से होने लगेगा।

मुख्य सचिव रिफाइनरी के उत्पादों के प्रदेश में ही विपणन नेटवर्क के संबंध में माइंस, पेट्रोलियम, सामान्य प्रशासन, गृह, ट्रांसपोर्ट, राजस्व सहित संबंधित विभागों और हिंदुस्तान पेट्रोलियम रिफाइनरी के अधिकारियों की बुधवार को हुई बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रिफाइनरी शुरू होने पर सबसे पहले डीजल और एलपीजी का उत्पादन होगा। एक मोटे अनुमान के अनुसार राजस्थान रिफाइनरी से 4 मिलियन मीट्रिक टन डीजल सालाना रिफाइन होगा। उन्होंने रिफाइनरी के उत्पादों के राज्य में विपणन संभावनाओं को तलाशने और समन्वय के लिए एसीएस अपर्णा अरोरा की अध्यक्षता में समिति बनाने के निर्देश दिए। समिति में हिंदुस्तान पेट्रोलियम के निदेशक विपणन अमित गर्ग और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा।

एचपीसीएल के आउटलेट पर मिलेंगे उत्पाद

श्रीनिवास ने कहा कि रिफाइनरी के उत्पादों का विपणन हिंदुस्तान पेट्रोलियम द्वारा राज्य में आउटलेट खोलकर किया जा सकेगा। साथ ही राज्य में स्टेट मोटर गैराज, राजस्थान पथ परिवहन विभाग, पुलिस, कारागाह, राजस्थान पर्यटन विभाग के होटल्स व जिला स्तर पर आरंभ में डीजल, पेट्रोल आदि से समन्वय बनाते हुए आउटलेट शुरू करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। उन्होंने कहा कि जयपुर, जोधपुर और उदयपुर में मोटर गैराज के पीओएल वितरण केंद्र हैं। इनके अलावा शेष जिलों के कलेक्टर पूल में पीओएल आउटलेट शुरू करने की संभावनाएं देखी जाएंगी। एसीएस माइंस अपर्णा अरोरा ने बताया कि राजस्थान रिफाइनरी में पूरी तरह से उत्पादन शुरू होने पर 4 मिलियन टन सालाना डीजल, 1 मिलियन टन सालाना पेट्रोल, 1 मिलियन टन सालाना पॉलीप्रोपलिन सहित एलएलडीपीई, एचडीपीई, ब्यूटाडाइन, बेन्जीन, टोल्यूइन व सल्फर का उत्पादन होगा। रिफाइनरी के उत्पादों को राज्य में ही बाजार दिलाने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय बनाया जाएगा। इसके अलावा करीब 300 पीओएल वितरण केंद्र हिंदुस्तान पेट्रोलियम द्वारा राज्य में खोल कर संचालित करना प्रस्तावित किया गया है।

रोजगार और अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति

एसीएस अपर्णा अरोरा ने बताया कि कच्चे तेल को प्रोसेस कर पेट्रोल, डीजल, एलपीजी व अन्य उत्पादों से राजस्थान में रोजगार की नई संभावनाएं विकसित होंगी और प्रदेश की इकोनॉमी को नया बूस्ट मिलेगा। उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग, रोडवेज, गृह, जेल और होमगार्ड, राजस्थान पर्यटन विभागों से आउटलेट खोलने की संभावना तलाश कर पेट्रोलियम विभाग को सूचित करने को कहा, ताकि रिफाइनरी में सभी उत्पादों के उत्पादन के साथ ही उनका विपणन सुनिश्चित किया जा सके।

रिफाइनरी में होगा सोलर प्लांट

हिंदुस्तान पेट्रोलियम के निदेशक मार्केटिंग अमित गर्ग ने बताया कि हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने प्रदेश में 300 आउटलेट खोलने, राज्य सरकार के विभागों व उपक्रमों के वाहनों की ईंधन जरूरत को पूरा करने में सहभागी बनने की कार्ययोजना तैयार की है। उन्होंने बताया कि रिफाइनरी में सोलर प्लांट भी लगाया जा रहा है, जिससे रिफाइनरी की ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव नवीन जैन ने सुझाव दिया कि जिला पूलों में आउटलेट शुरू करने पर विचार किया जाना चाहिए।

पलटवार सचिन पायलट ने बिना नाम लिए गहलोत के बयानों पर दिया जवाब

'मैंने हर व्यक्ति का सम्मान किया है, मेरा व्यक्तिगत झगड़ा किसी से नहीं'

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। पूर्व सीएम अशोक गहलोत द्वारा पिछले दिनों कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट को लेकर की गई बयानबाजी के बाद प्रदेश कांग्रेस की राजनीति में आई गर्माहट बुधवार को कुछ और तीखी होती दिखी जब गहलोत के बयानों पर पायलट का जवाब आया और गहलोत को सीख देने के अंदाज में उन्होंने कहा कि मैंने राजनीति क्षेत्र में काम करने वाले हर व्यक्ति का सम्मान किया है। मेरा व्यक्तिगत झगड़ा किसी से नहीं है। मैं संभल कर बोलता हूं, क्योंकि मुंह से एक बार बात निकल गई, वह वापस नहीं आती, इसलिए संघर्ष जरूरी है। सच्चाई के साथ खड़ा होना जरूरी है। सम्मान देना जरूरी है, दुनियाभर के लोगों का क्या व्यवहार होगा, यह हमारे हाथ में नहीं है। वे बुधवार को करौली में उनके पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट की मूर्ति के अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। गहलोत की बयानबाजी के बाद पायलट का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था और उम्मीद जताई जा रही थी कि पायलट की ओर से कुछ ना कुछ जवाब जरूर आएगा। पायलट ने जवाब तो दिया, लेकिन बहुत हद तक संयमित रहे और सीधे किसी का नाम नहीं लिया, हालांकि एक-दो बार तंज जरूर कसे।

'लोभ, लालच से दूर रहने वाला ही सच्चा नेता'

पायलट ने अपने पिता राजेश पायलट को याद करते हुए कहा कि वे जीवन की आखिरी सांस तक कांग्रेस पार्टी के एक जांबाज सिपाही बनकर जनता के हक के लिए लड़ते रहे। सच्चा राजनेता वही है जो लोभ, लालच और पदों की अंधी दौड़ से दूर रहकर केवल जनता का मन जीतने और उनके कल्याण के लिए कार्य करे, ताकि इतिहास उन्हें हमेशा आदर के साथ याद करे।

पोस्टर से गहलोत गायब, पूर्व मंत्री ने कहा नार्को टेस्ट करा लो

कार्यक्रम के पोस्टर में कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं के चेहरे थे, लेकिन पूर्व सीएम अशोक गहलोत का चेहरा नजर नहीं आया। वहीं पूर्व मंत्री रमेश मीणा ने कहा कि गहलोत बार-बार मानेसर की घटना का जिक्र करते हैं। मानेसर गए विधायक को 10 करोड़ रुपए लेने की बात बोलते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि गहलोत साहब, जो विधायक मानेसर गए थे, उनका और अपना नार्को टेस्ट करवा लें, हकीकत सामने आ जाएगी।

'जिनके साथ काम किया, उनका सम्मान करता हूं' (पृष्ठ 9 पर)



भाजपा नेताओं ने की प्रधानमंत्री की दीर्घायु और विकसित भारत के संकल्प की सफलता की कामना

मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 4399 दिन पूरे होने पर भाजपा का प्रदेशव्यापी पूजन कार्यक्रम

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने झारखंड महादेव मंदिर में की पूजा

विश्व मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा जैसे कई ऐतिहासिक कार्य हुए : मदन

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। पीएम नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 4399 दिन पूर्ण होने के मौके पर भाजपा ने बुधवार को प्रदेशभर में विशेष पूजा-अर्चना कार्यक्रम आयोजित किए। जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा देश की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर स्थित झारखंड महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर पीएम मोदी के स्वस्थ एवं सफल नेतृत्व की कामना की। इस अवसर पर राठौड़ ने मीडिया से कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज आत्मनिर्भरता, आर्थिक मजबूती और वैश्विक प्रतिष्ठा की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा विकसित भारत का संकल्प साकार होने की ओर अग्रसर है। राठौड़ ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में रेलवे नेटवर्क के विस्तार, गरीबों के लिए आवास, रोजगार सृजन, पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास, किसानों के कल्याण, सेना के आधुनिकीकरण और विश्व मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा जैसे कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान भी किया।

मंगल कलश यात्रा, हवन यज्ञ, सामूहिक प्रार्थना एवं महाआरती का हुआ आयोजन

सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में मनाया 'नमो लोक महोत्सव'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'नमो लोक महोत्सव' के तहत सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हुए। पुरुषोत्तम मास की पुण्य वेला में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी के मार्गदर्शन में 'विकसित भारत- संकल्प से सिद्धि' के लिए विशेष प्रार्थना की गई। श्रीमद्जगद्गुरु दिवाकर द्वाराचार्य संत शिरोमणि अवधेश दास महाराज के सान्निध्य में मंगल कलश यात्रा, अभिषेक, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ, हवन, महाआरती एवं प्रसादी वितरण का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, भाजपा कार्यकर्ताओं, आमजन, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर राष्ट्र की उन्नति, समाज की समृद्धि एवं जनकल्याण के लिए कामना की। कार्यक्रम के अंत में विधायक गोपाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं और आमजन को महाप्रसादी परोसी। इस अवसर पर विधायक शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, विकास और जनभागीदारी के नए आयाम स्थापित हुए हैं। भारत आज विश्व पटल पर नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत का संकल्प साकार करने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रहित, लोककल्याण और जनसेवा के प्रति सामूहिक संकल्प को सुदृढ़ करने का माध्यम है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता सदैव राष्ट्र प्रथम की रही है।

संगठन महामंत्री ने गोविंददेवजी मंदिर में की पूजा-अर्चना

भाजपा संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने गोविंद देवजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उनके साथ पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, जयपुर सांसद मंजू शर्मा और विधायक बालमुकुंदाचार्य सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इसके अलावा भाजपा पदाधिकारियों ने मोती डूंगरी गणेश मंदिर, गोविंददेवजी मंदिर, झारखंड महादेव मंदिर, बड़ी चौपड़ स्थित श्रीरामचंद्रजी मंदिर, श्री ब्रजनिधिजी मंदिर और नहर के गणेशजी मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना कर पीएम मोदी के स्वस्थ, सफल और दीर्घ नेतृत्व की कामना की। कार्यक्रमों में प्रदेशभर के अनेक भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए।

केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी ने निम्बार्क तीर्थ व पुष्कर में की कल्याण की कामना

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने निम्बार्क तीर्थ और पुष्कर में दर्शन-पूजन कर राष्ट्र, किसानों और जनकल्याण की कामना की। निम्बार्क पीठ में संतों का आशीर्वाद लेने के बाद उन्होंने ब्रह्मा मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा पुष्कर सरोवर की महाआरती में भाग लिया। चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे जनता का विश्वास और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों को छूते हुए विकसित भारत के संकल्प की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

खड़े गणेशजी के दरबार में गूंजी राष्ट्र कल्याण की कामना

जयपुर। देश के सर्वाधिक अवधि 12 वर्ष एवं उससे अधिक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने का गौरव प्राप्त करने वाले पीएम नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन तथा राष्ट्र की सुख-समृद्धि, विकास, शांति और गौरव की कामना को लेकर बुधवार को कोटा के श्री खड़े गणेश जी महाराज मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगलकामना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने भगवान गणेश की पूजा कर पीएम मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं शतायु जीवन की कामना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भी कामना की कि भारत निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहे और राष्ट्रध्वज तिरंगा विश्व मंच पर सदैव गौरव एवं सम्मान के साथ लहराता रहे। इसके बाद शिक्षा मंत्री दिलावर ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। वहीं प्रत्येक जाति, वर्ग, क्षेत्र एवं समुदाय को समान रूप से विकास योजनाओं और अधिकारों का लाभ प्राप्त हो रहा है।

अजमेर दरगाह में चादर पेश, देश की खुशहाली के लिए मांगी दुआ

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान की ओर से विश्व प्रसिद्ध अजमेर शरीफ दरगाह में विशेष चादर पेश कर पीएम मोदी की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य तथा देश की खुशहाली, अमन-चैन और तरक्कीड्ड के लिए दुआ की गई। कार्यक्रम का आयोजन दरगाह के गद्दीनशीन सैयद अफशान चिश्ती की कियादत में हुआ। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने दरगाह में जियारत कर देश की एकता, अखंडता, सामाजिक सौहार्द और विकसित भारत के संकल्प की सफलता के लिए सामूहिक दुआ की। मेवाती ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। कार्यक्रम के बाद मोदी सरकार की उपलब्धियों पर आधारित विशेष पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

राजस्थान कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राजस्थान कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने बुधवार को प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए 29 नए पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी हैं। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी की अनुशंसा पर प्रदेशाध्यक्ष एमडी चोपदार ने ये नियुक्तियां की हैं। नई कार्यकारिणी के गठन में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन को प्राथमिकता देने के साथ-साथ महिला प्रतिनिधित्व पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। विभाग में महिलाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर संगठन में उनकी भागीदारी और भूमिका को मजबूत करने का प्रयास किया गया है। इससे कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रदेश नेतृत्व का मानना है कि नए पदाधिकारियों के शामिल होने से संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी आएगी और कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी। आगामी राजनीतिक चुनौतियों और चुनावी तैयारियों को देखते हुए यह विस्तार महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तार के बाद अब जिला स्तर पर भी बड़े बदलावों की तैयारी चल रही है। आने वाले दिनों में 6 से 7 जिलाध्यक्षों को बदला जा सकता है। इसके अलावा संगठन में कई अन्य महत्वपूर्ण नियुक्तियों और नई जिम्मेदारियों की घोषणा भी जल्द होने की संभावना है। नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड बना अनजान

1500 करोड़ की द्रव्यवती नदी फिर बन रही नाला

- औद्योगिक क्षेत्र में नदी में छोड़ा जा रहा गंदा पानी
- 30 स्थानों पर नदी में गिर रही गंदगी
- पॉल्यूशन बोर्ड के जिम्मे थी 15 जगह, नहीं हुए बंद

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राज्य सरकार ने द्रव्यवती नदी को साफ-सुथरा बनाने के निर्देश दिए थे। इसको लेकर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की ज्वाइंट कॉर्डिनेशन वाली कमेटी बनाई गई। कमेटी में शामिल अधिकारियों ने द्रव्यवती नदी का सर्वे किया। सर्वे के बाद संबंधित विभागों को नदी में छोड़े जा रहे गंदे पानी को रोकने को कहा गया। खास बात यह है कि पॉल्यूशन कंट्रोल पर भी औद्योगिक क्षेत्र से नदी में छोड़े जा रहे गंदे पानी को रोकने की जिम्मेदारी थी, लेकिन राज्य प्रदूषण नियत्रंण मंडल ने अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया। यही वजह है कि नदी में लगातार औद्योगिक इलाकों से पानी छोड़ा जा रहा है।

इससे नदी अपने गंदे नाले के तमगे से बाहर नहीं निकल पा रही है। इस मामले में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के आरओ साउथ विवेक गोयल से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने पिछले दिनों 1500 करोड़ की लागत से तैयार द्रव्यवती नदी को प्रदूषण मुक्त और साफ-सुथरा बनाने के सख्त निर्देश दिए थे। इस अभियान के तहत नगरीय विकास विभाग, जेडीए और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने निरीक्षण शुरू किया।

एसीएस आलोक गुप्ता के नेतृत्व में बनी टीम (जिसमें प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारी भी शामिल हैं) ने बंबाला पुलिया से स्वर्ण जयंती पार्क तक लगभग 40 किलोमीटर के हिस्से का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण में पाया गया कि सीवरेज लाइनें बरसाती नालों से जुड़कर सीधे नदी में गिर रही हैं। इसके अलावा सांगानेर क्षेत्र की कई रंगाई-छपाई इकाइयां अपना अपशिष्ट नदी में छोड़ रही हैं। सरकार ने इन्हें तत्काल रोकने और चिह्नित नालों को प्राथमिकता से बंद करने के निर्देश दिए थे। सुशीलपुरा पुलिया पर भारी मात्रा में सीवरेज के सीधे नदी में गिरने की समस्या को दूर करने के लिए जेडीए द्वारा 15 करोड़ रुपए की नई पाइपलाइन बिछाई जा रही है। सभी रंगाई-छपाई इकाइयों को कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ा जाए, ताकि किसी भी अनट्रीटेड पानी का प्रवाह नदी में नहीं हो।

सर्वे में चिह्नित किए गए थे 30 स्थान

कमेटी ने सर्वे में पाया कि द्रव्यवती नदी में करीब 30 स्थानों पर सीधे गंदा पानी छोड़ा जा रहा है। इसमें से 15 स्थानों पर छोड़े जा रहे गंदे पानी को रोकने की जिम्मेदारी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की थी। नदी में सांगानेर, सीतापुरा, वीकेआई और सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्रों से लगातार गंदा पानी छोड़ा जा रहा है। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के मुख्य पर्यावरणविद प्रेमा लाल ने बताया कि इस मामले में लगातार सुधारात्मक काम किया जा रहा है। नदी को साफ-सुथरा बनाने में कोई कसर नहीं रखी जाएगी। हमारे हिस्से में कितना काम हुआ, इसकी मुझे जानकारी नहीं है।

निगम-जेडीए का काम भी अधूरा

जेडीए और निगम को 15 स्थानों पर द्रव्यवती में छोड़े जा रहे गंदे पानी को रोकने की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन दोनों विभाग इस जिम्मेदारी को पूरी तरह से नहीं निभा पाए हैं। अभी तक निगम और जेडीए 10 स्थानों पर ही गंदे पानी को नदी में गिरने से रोक पाए हैं। पांच स्थानों पर अभी भी गंदा पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। हालांकि इस दिशा में जेडीए व निगम प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है।

तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादलों का फैसला सीएम करेंगे : दिलावर

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। शिक्षकों के तबादलों को लेकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि हाल ही बड़ी संख्या में व्याख्याताओं (लेक्चरर्स) और प्राचार्यों (प्रिंसिपल्स) के तबादले हो चुके हैं। वहीं व्यापक स्तर पर पदोन्नतियां भी दी गई हैं। पदोन्नति के साथ हुए स्थान परिवर्तन भी एक तरह से तबादले ही हैं। ऐसे में फिलहाल लेक्चरर और प्रिंसिपल वर्ग के लिए दोबारा तबादले खोलने की आवश्यकता नहीं है, हालांकि अन्य कर्मचारी वर्गों के तबादलों पर सरकार समय आने पर निर्णय लेगी, जबकि थर्ड ग्रेड शिक्षकों के तबादलों पर अंतिम फैसला मुख्यमंत्री स्तर पर होगा। शिक्षा विभाग में लंबे समय से रिक्त पदों को लेकर उठ रहे सवालों पर मंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया लगातार जारी है और जल्द ही व्याख्याताओं की एक नई चयन सूची जारी होने वाली है, जिनको स्कूल आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि थर्ड ग्रेड से सेकंड ग्रेड में पदोन्नति प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभाग के पास विभिन्न स्तरों पर खाली पदों का वास्तविक आंकड़ा उपलब्ध होगा। इसके आधार पर नई भर्तियों की योजना बनाई जाएगी। फिलहाल थर्ड ग्रेड शिक्षकों की पदोन्नति का मामला न्यायालय में लंबित होने के कारण प्रक्रिया प्रभावित है, लेकिन प्रकरण के निस्तारण के बाद पदोन्नतियों और नई भर्तियों दोनों का रास्ता साफ होगा।

शिक्षा विभाग में वर्तमान में लगभग 1.20 लाख पद रिक्त

दिलावर ने स्वीकार किया कि शिक्षा विभाग में वर्तमान में लगभग 1.20 लाख पद रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि कई वर्ग में अधिशेष शिक्षकों की स्थिति इसीलिए बनी हुई है, क्योंकि थर्ड ग्रेड शिक्षकों की पदोन्नतियां लंबे समय से लंबित हैं। पदोन्नति होने के बाद शिक्षकों का समायोजन होगा और कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी भी दूर हो सकेगी। विभाग का मानना है कि प्रमोशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद रिक्त पदों और शिक्षकों की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी।

21 जून को खुलेंगे स्कूल, हर विद्यालय में होगा योग

वहीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर शिक्षा मंत्री ने कहा कि जब पूरा देश योग दिवस मना रहा है तो शिक्षा विभाग इससे पीछे नहीं रह सकता। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि 21 जून को सभी सरकारी विद्यालय खुले रहेंगे और वहां योग कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ-साथ स्थानीय समाज के लोगों को भी शामिल होने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विभाग का उद्देश्य योग को केवल एक औपचारिक कार्यक्रम तक सीमित नहीं रखना, बल्कि विद्यार्थियों के दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है। 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत शिक्षा विभाग को भी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंत्री ने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी को एक महीने तक हर सप्ताह पांच पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रति सप्ताह दस पौधे लगाने होंगे।

निर्जला एकादशी को निगम करेगा अमृत सेवा

जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। भूखे को भोजन और प्यासे को पानी मानव धर्म की सबसे सेवा मानी गई है। इसी को ध्यान में रखकर नगर निगम जयपुर भीषण गर्मी के बीच निर्जला एकादशी, 25 जून को अमृत सेवा अभियान चलाएगा। इस अभियान के तहत नगर निगम 108 स्थानों पर आमजन के सहयोग से स्टॉल लगाएगा। इन स्थानों पर आमजन को शीतल जल, ज्यूस, दूध, शरबत, फलाहारी सहित अन्य पदार्थ आमजन को वितरित किए जाएंगे। नगर निगम ने अमृत सेवा के तहत 2.5 लाख लोगों की सेवा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। निगम 13 निगम हेडक्वार्टर और एक मुख्यालय पर भी स्टॉल लगाएगा। निगम आमजन के सहयोग से 108 स्थानों पर स्टॉल लगाएगा। एक स्थान पर 2100 और 5100 लोगों के लिए व्यवस्था की जाएगी। इस सेवा कार्य के दौरान यातायात का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा। स्टॉल ऐसे स्थानों पर लगाई जाएगी, जहां से यातायात संचालन में किसी भी प्रकार की परेशानी खड़ी न हो। इसके लिए पुलिस प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा। स्टॉल पर छाछ, दूध, लस्सी सहित व्रत वाले उत्पाद भी बांटे जाएंगे। हर स्टॉल पर तैनात होंगे सफाईकर्मी स्टॉल के लिए नगर निगम टेंट लगाने के अलावा 5 कुर्सियां, दो पंखे, चार टेबल और कचरा पात्र उपलब्ध करवाएगा।

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आदर्श नगर में हवन-यज्ञ

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी आदर्श नगर विधानसभा के तत्वावधान में आर्य समाज, राजापार्क में विशेष यज्ञ एवं हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्र की उन्नति, सुशासन और जनकल्याण की कामना करते हुए आहुतियां अर्पित की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घायु और यशस्वी जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता रवि नैय्यर, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, विनय कूलवाल, डॉ. केएम पारीक, संजीव नारंग, नीरज अग्रवाल, किशोर मोतियानी, श्याम सुंदर सैनी, समाजसेवी मनोज ठाकवानी, महिला मोर्चा अध्यक्ष (गालव नगर मंडल) माया तंवर, हेमा थापा, जयपुर शहर कार्यकारिणी सदस्य अलका खंडेलवाल, विजेता खडोलिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

आठ सूत्री मांगों को लेकर पंचायतीराज संस्थाओं के 16 हजार मंत्रालयिक कर्मचारी आंदोलन की राह पर

मांगें नहीं मानने पर जयपुर में जल समाधि लेने की दी चेतावनी

- कनिष्ठ लिपिक भर्ती 2013 की जांच के नाम पर पूरे कैडर की मांगों को रोकने का आरोप
- जांच अधिकारी पर कैडर विशेष से मिलीभगत का लगाया आरोप

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। पंचायतीराज संस्थाओं के 16 हजार मंत्रालयिक कर्मचारी विगत 1 जून से आंदोलन की राह पर हैं। बुधवार को जयपुर में पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन के बैनर तले आयोजित प्रेसवार्ता में कर्मचारियों ने सरकार को चेताया कि शीघ्र ही उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो जयपुर में 7 जुलाई को जल समाधि लेंगे। इससे पहले समस्त 16 हजार कर्मचारी 6 जुलाई को मुख्यमंत्री कार्यालय का घेराव करेंगे। प्रेसवार्ता में संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने अपनी 8 सूत्री मांगों को एक-एक कर सामने रखा। इससे पहले पदाधिकारियों ने मुख्य जांच अधिकारी पर कैडर विशेष से मिलीभगत का भी आरोप लगाया। वहीं संगठन ने बताया कि उनकी जायज मांगों का समर्थन करने वाले 121 विभाग प्रभावित हो सकते हैं।

संगठन ने बताया- इस कारण लेंगे जल समाधि

कैडर रिव्यू के मामले में पंचायतीराज मंत्री ने 10 अप्रेल को घोषणा किए जाने के बाद कनिष्ठ लिपिक भर्ती की जांच का हवाला देकर कैडर रिव्यू पर रोक लगाई है, जबकि संगठन का आरोप है कि मामले में लगाए गए जांच अधिकारी की कैडर विशेष के साथ मिलीभगत है और जांच में गलत तथ्य प्रस्तुत कर पूरे कैडर को बदनाम किया गया है। प्रेसवार्ता को पुरुषोत्तम टेलर, प्रदेश मुख्य समन्वयक घनश्याम कड़वासरा, प्रदेशाध्यक्ष अशोक कुमार निठारवाल सहित कई पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

ये हैं प्रमुख मांगें

पंचायतीराज संस्थाओं में मंत्रायलिक संवर्ग के लिए पदोन्नति के अवसर वर्तमान में 19.7 प्रतिशत को बढ़ाकर अन्य समस्त विभागों की भांति 56.1 प्रतिशत किया जाए।

सिंगल ओटीपी की व्यवस्था समाप्त कर वित्त विभाग के परिपत्र के अनुसार लेखों में मेकर, चेकर व अप्रूवर की व्यवस्था हो।

प्रदेश की पंचायतों में पूर्ण उत्तराखंड पैटर्न लागू किया जाए।

अंतरजिला स्थानांतरण अनुमत किया जाए।

मंत्रालयिक कर्मचारियों के नोशलन लाभ के न्यायालय आदेशों की पालना हो।

अन्य समकक्ष कार्मिकों के साथ स्टेट पेरिटी मेंटेन करते हुए प्रथम पदोन्नति पद की ग्रेड पे 3600 तथा योग्यता स्नातक की जाए।

हार्ड ड्यूटी अलाउसेंस एवं अतिरिक्त प्रभार भत्ता स्वीकृत हो।

ग्रामीण विकास अधीनस्थ सेवा के स्वीकृत पदों में 50 प्रतिशत मंत्रालयिक संवर्ग से पदोन्नति के लिए आरक्षित किए जाएं।

खोह नागोरियान में आग का मामला : थाना अधिकारी सहित नौ पुलिस कर्मिकों को किया निलंबित

अवैध विस्फोटक सामग्री एवं पटाखा संग्रहण करने वाले की सघन जांच के दिए आदेश

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने खोह नागोरियान क्षेत्र में संचालित अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुई अग्निकांड की घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रारंभिक जांच में लापरवाही के लिए जिम्मेदार पाए गए थाना अधिकारी सहित आठ पुलिस कर्मिको को निलंबित कर दिया है। अंतरिम जांच रिपोर्ट के आधार पर थानाधिकारी खो नागोरिया ओमप्रकाश मातवा सहित हेड कांस्टेबल अशोक, कांस्टेबल रामावतार, दिनेश, आसिफ, हरेंद्र, अशोक को निलंबित किया है। साथ ही पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजीता शर्मा ने घटना के तुरंत बाद एएसआई अमर सिंह एवं हेड कांस्टेबल पप्पू राम को सस्पेंड किया है।

एसीपी के नेतृत्व में जांच कमेटी : पुलिस आयुक्त मित्तल ने बताया कि घटना की निष्पक्ष जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) अजय सिंह को दायित्व सौंपा है। उनके निर्देशन में एक जांच समिति बनाई है, जो घटना के सभी पहलुओं, संबंधित अधिकारियों की भूमिका तथा सुरक्षा मानकों के अनुपालन की जांच कर रिपोर्ट देगी। रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

एक साथ निकले चार जनाजे : पटाखा फैक्ट्री में मौत के बाद खो नागोरियान थाना क्षेत्र से चार लोगों के जनाजे एक साथ निकाले गए। इनमें 16 साल का रब्बिल, दो सगे भाई आजीम व बिलाल और समीर शामिल थे। अजीम और समीर जिगरी दोस्त थे। देर रात 1 बजे उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया।

अवैध कारखानों, गोदामों की होगी जांच

मित्तल ने जयपुर शहर के सभी जिला पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित कारखानों, गोदामों, पटाखा भंडारण स्थलों एवं अन्य जोखिमपूर्ण गतिविधियों का विशेष सर्वे एवं निरीक्षण अभियान चलाया जाए।

ऐसे प्रतिष्ठानों की पहचान कर उनकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मित्तल ने निर्देश दिए कि थाना स्तर पर बीट अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के माध्यम से डोर-टू-डोर सर्वे कर अवैध रूप से संचालित विस्फोटक सामग्री एवं पटाखों के भंडारण स्थलों की पहचान की जाए। अभियान के दौरान अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अभियान की प्रगति एवं की गई कार्रवाई की विस्तृत पालना रिपोर्ट निर्धारित अवधि में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सुरक्षा मानकों की नियमित समीक्षा एवं निगरानी की जाएगी। जयपुर पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा सार्वजनिक जीवन एवं संपत्ति को खतरे में डालने वाली किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलादर्श मेगा टैलेंट हंट में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

युवाओं में दिखी सृजनशीलता की चमक

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। भारत विकास परिषद चित्रकूट शाखा, जयपुर द्वारा आदर्श विद्या मंदिर, राजापार्क में आयोजित समर कैंप 'कलादर्श' मेगा टैलेंट हंट शो-2026 में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर पंचखंड पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी सोमेंद्र महाराज, रवि नैय्यर, राजापार्क गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष अजयपाल सिंह, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष जसबीर सिंह, अनिल लोढ़ा, आदर्श विद्या मंदिर राजापार्क प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रो. राजीव सक्सेना, सचिव संजीव भार्गव, हिंदी स्कूल के प्राचार्य राजेंद्र कुमार गुप्ता, अंग्रेजी स्कूल की प्राचार्य सुनयना नागपाल सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और बहुआयामी प्रतिभा को देखकर यह विश्वास और मजबूत होता है कि युवा शक्ति ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को मंच देने के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता, सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के संस्कारों को भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक, कलात्मक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। आयोजन को अभिभावकों एवं उपस्थित जनों ने सराहा।

एसएमएस इमरजेंसी के बाहर ऑक्सीजन को तरसती रही प्रसूता

वेंटिलेटर पर जिंदगी, सिस्टम ने 12 मिनट तक कराया इंतजार!

एम्बुलेंस में डॉक्टर हाथों से चलाते रहे सांसें!

महानगर टाइम्स संवाददता

जयपुर। यह सिर्फ एक मरीज की कहानी नहीं, बल्कि उस सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था का आईना है, जिसके भरोसे लाखों लोग अपनी जिंदगी सौंपते हैं। बुधवार को जनाना अस्पताल से गंभीर हालत में रेफर की गई 25 वर्षीय प्रसूता ज्योति पटवा की जिंदगी और मौत के बीच की लड़ाई को सिस्टम ने करीब 12 मिनट तक इंतजार करवाया। वेंटिलेटर सपोर्ट पर लाई गई प्रसूता को एसएमएस अस्पताल की इमरजेंसी के बाहर ऑक्सीजन सिलेंडर और वार्ड बॉय का इंतजार करना पड़ा। हालात इतने भयावह थे कि जनाना अस्पताल से साथ आए रेजिडेंट डॉक्टरों को खुद एम्बू बैग के सहारे मरीज की सांसें चलानी पड़ीं। डॉक्टर बार-बार इमरजेंसी में जाकर ऑक्सीजन सिलेंडर और स्टाफ भेजने की गुहार लगाते रहे, लेकिन व्यवस्था मानों बहरी बनी रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एम्बुलेंस के भीतर एक प्रसूता जिंदगी मौत से जूझ रही थी और बाहर सिस्टम फाइलों और जिम्मेदारियों के बीच उलझा हुआ था। काफी देर तक कोई मदद नहीं मिलने पर मरीज के परिजनों का सब्र टूट गया और इमरजेंसी के बाहर हंगामा खड़ा हो गया।

मरीज के पति किशन ने बताया कि उसकी पत्नी आठ माह की गर्भवती थी। पिछले सप्ताह उसे जनाना अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। अत्यधिक रक्तस्राव होने के बाद उसका ब्लड प्रेशर बढ़ गया और वह कोमा जैसी स्थिति में पहुंच गई। इसके बाद डॉक्टरों ने उसे तत्काल एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया।

इमरजेंसी विभाग ने खोली सिस्टम की पोल

इधर, एसएमएस इमरजेंसी से जुड़े चिकित्सकों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि रोज की कहानी बन चुकी है। कई बार दूसरे अस्पतालों से रेजिडेंट डॉक्टर आपस में बात करके मरीज को सीधे एसएमएस भेज देते हैं, लेकिन इमरजेंसी विभाग को पूर्व सूचना नहीं दी जाती।

पहले से मरीजों की भारी भीड़ झेल रही इमरजेंसी अचानक पहुंचे गंभीर मरीजों के लिए तत्काल व्यवस्था नहीं कर पाती। परिणाम यह होता है कि सबसे ज्यादा नुकसान उस मरीज को उठाना पड़ता है जो जिंदगी बचाने की उम्मीद में यहां पहुंचता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि रेफर करने से पहले इमरजेंसी विभाग को सूचित किया जाए तो ऑक्सीजन, बेड, वार्ड बॉय और अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था पहले से की जा सकती है और मरीज को एम्बुलेंस में तड़पना नहीं पड़े।

सबसे बड़ा सवाल

आईसीयू होने के बावजूद एसएमएस रेफर क्यों?

इस पूरे घटनाक्रम ने जनाना अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अस्पताल में आईसीयू और वेंटिलेटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद मरीज को जोखिम भरी हालत में दूसरे अस्पताल भेजने की जरूरत क्यों पड़ी? चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि आवश्यकता होने पर एसएमएस अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों को जनाना अस्पताल बुलाया जा सकता था। इससे मरीज को शिफ्टिंग के दौरान होने वाले खतरे से बचाया जा सकता था।

पश्चिम विक्षोभ से आज से चार दिन 13 शहरों में आंधी-बारिश

19 शहरों का दिन का पारा 40 पार, श्रीगंगानगर सबसे गर्म

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। नया पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने से प्रदेश का मौसम फिर बदलेगा। मौसम विभाग ने 11 से 14 जून के बीच 13 शहरों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। बुधवार को प्रदेश के 19 शहरों का दिन का पारा 40 और 10 शहरों का रात का पारा 30 डिग्री के पार दर्ज किया गया। 45.9 डिग्री के साथ श्रीगंगानगर और 33 डिग्री के साथ संगरिया की रात सबसे गर्म रही। मौसम विभाग के अनुसार श्रीगंगानगर के अलावा जयपुर, चूरू, फलौदी, जैसलमेर, वनस्थली, अलवर, सीकर, कोटा, चित्तौड़गढ़, बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर, संगरिया, फतेहपुर, करौली, दौसा, झुंझुनूं और पाली का दिन का पारा 40 डिग्री के पार रहा। हालांकि अधिकांश शहरों के तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई, लेकिन गर्मी से आमजन को राहत नहीं मिली। दिन के साथ रातों में भी गर्म हवाएं चलीं। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से राज्य के कुछ भागों में 11 जून से पुनः आंधी-बारिश की गतिविधियों में बढ़ोत्तरी होने की प्रबल संभावना है। 11 से 14 जून के दौरान बीकानेर, जयपुर, अजमेर, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में तेज मेघगर्जन के साथ आंधी (50-60 किमी प्रतिघंटा) व कहीं-कहीं हल्की-मध्यम बारिश होने की संभावना है। मंगलवार को राज्य के पूर्वी भाग में कहीं-कहीं हल्की वर्षा दर्ज की गई तो वहीं पश्चिमी भाग मुख्यतया शुष्क रहा। राज्य के पश्चिमी भाग में 1-2 स्थानों पर उष्ण लहर व गर्म रात्रि दर्ज की गई।

जयपुर में दिन के पारे में मामूली बढ़ोत्तरी

जयपुर में गर्मी का असर बरकरार रहा। हालांकि दिन के पारे में मामूली बढ़ोत्तरी तो वहीं रात के पारे में हल्की गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को तेज गर्मी के चलते दोपहर में सड़कें सूनी रहीं। हालांकि दिनभर हल्के व छितराए बादल छाए रहे और हवाएं चलीं। जयपुर का अधिकतम तापमान 42.1 और न्यूनतम 30.4 डिग्री दर्ज किया गया। दिन के तापमान में 0.3 डिग्री की बढ़ोत्तरी और रात के पारे में 0.8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जयपुर के कुछ स्थानों पर आंधी के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इससे आमजन को तेज गर्मी से राहत मिल सकती है।

जनहित एवं आवास विकास से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों को दी मंजूरी

राजस्थान आवासन मंडल की 255वीं बोर्ड बैठक

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राजस्थान आवासन मंडल प्रदेश में आमजन के लिए गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती आवास उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में बुधवार को मंडल की 255वीं बोर्ड बैठक एवं परियोजना समिति की 176वीं बैठक मंडल मुख्यालय में हुई। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के एसीएस एवं मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में आवासीय विकास, आधारभूत संरचना विस्तार तथा जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।

मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने बताया कि बोर्ड बैठक में उदयपुर की पानेरियों की मादड़ी आवासीय योजना में एलआईजी श्रेणी के 144 (जी3) फ्लैट्स के निर्माण के लिए 16.91 करोड़ तथा ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 160 (जी3) फ्लैट्स के निर्माण के लिए 14.82 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय मंजूरी दी गई। वहीं बाड़मेर-लंगेरा आवासीय योजना, जोधपुर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 80 तथा अल्प आय वर्ग के 120 आवासों के निर्माण कार्य के लिए 14.84 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति को भी अनुमोदन दिया गया। इसी के साथ ही परियोजना समिति की 176वीं बैठक में प्रदेश के विभिन्न शहरों में आवासीय एवं सामुदायिक अधोसंरचना के विस्तार से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसके तहत प्रताप नगर योजना, जयपुर के सेक्टर-22 स्थित सामुदायिक केंद्र के संशोधित मानचित्र को अनुमोदित किया गया। अलवर की एनईबी विस्तार आवासीय योजना के सेक्टर-6 में ग्रुप हाउसिंग के लिए आरक्षित भूखंड पर एमआईजी-1 तथा एलआईजी श्रेणी के कुल 64 फ्लैट्स के नियोजन को स्वीकृति प्रदान की गई।

इसी प्रकार जयपुर की इंदिरा गांधी नगर आवासीय योजना के सेक्टर-9 में ग्रुप हाउसिंग के लिए आरक्षित ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-बी के पुनर्गठन के उपरांत एमआईजी-बी श्रेणी के 176 फ्लैट्स के भवन मानचित्र को अनुमोदित किया गया। उन्होंने मंडल की संपत्तियों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए सीमांकन, साइनेज स्थापना तथा फेंसिंग कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर भी बल दिया। बैठक में मंडल सचिव गोपाल सिंह, उपसचिव डॉ. अशोक कुमार, मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल, टी.एस. मीणा, वित्तीय सलाहकार के.सी. कुमावत, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक रिंकु बंसल सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

विद्युत निगमों में तकनीशियन भर्ती के ग्रुप 3 का अंतिम परिणाम जारी

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। विद्युत निगमों में तकनीशियन-तृतीय (आईटीआई) / ऑपरेटर-तृतीय (आईटीआई)/ प्लांट अटेंडेंट-तृतीय (आईटीआई) परीक्षा के ग्रुप 3 (बॉयलर अटेंडेंट/स्टीम टरबाइन-सह-ऑक्सिलरी प्लांट ऑपरेटर) का अंतिम परिणाम 10 जून को जारी किया गया। ग्रुप 3 के कुल 30 पदों के विरुद्ध 28 अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की गई। अगले चरण में ग्रुप 2 का परिणाम 16 जून को जारी किया जाएगा, उसके बाद ग्रुप 1 का परिणाम भी जून में जारी किया जाएगा। चयनित 28 अभ्यर्थियों की सूची जारी कर विद्युत निगमों की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के दौरान विद्युत गृहों के दिए गए विकल्प के अनुसार उत्पादन निगम के विद्युत गृह भी आवंटित कर दिए गए हैं। नियुक्ति आदेश अलग से जारी किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि तकनीशियन-तृतीय (आईटीआई) के कुल 2163 पदों पर भर्ती के लिए प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 24 से 27 नवंबर, 2025 तक किया गया था। प्रारंभिक परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर रिक्तियों के लगभग दस गुणा अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। मुख्य परीक्षा 23 फरवरी 2026 को आयोजित की गई थी। मुख्य परीक्षा में सफल घोषित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन अप्रेल 2026 में जयपुर में हुआ था। दस्तावेज सत्यापन के लिए ग्रुप-3 में कुल 51 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया था, जिनमें से 28 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया है। चयनित अभ्यर्थियों को एसएमएस से भी सूचित किया गया है।

14 स्थानों पर पकड़े बिजली चोरी के मामले, 23 लाख का जुर्माना

होटल, निर्माणाधीन फैक्ट्री, हॉस्टल, स्कूल, वाटर टैंकर सप्लाई में की जा रही थी चोरी

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। डिस्कॉम की सतर्कता शाखा ने बुधवार को पुराना-घाट, दूदू एवं बगरू क्षेत्र में विद्युत चोरी तथा इसके अनधिकृत उपयोग के 14 मामले पकड़े। इनमें कुल 23 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना निर्धारित किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि अधिशासी अभियंता (सतर्कता) केसी गुप्ता के नेतृत्व में सतर्कता दल ने पुराना घाट क्षेत्र में जेएनयू हॉस्पिटल के पास फास्ट फूड की दुकान में बिजली चोरी पकड़ी। हॉस्टल में भी इसका उपयोग किया जा रहा था, जिस पर 1 लाख 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। खोह-नागोरियान के मोमिना नगर में 2 वाटर टैंकर सप्लाई एवं 2 घरों में विद्युत चोरी मिली, जिन पर करीब 5 लाख 78 हजार का जुर्माना लगाया गया। आगरा रोड स्थित न्यू ग्रीन सिटी में घरेलू कनेक्शन व कृषि कनेक्शन से बिजली का उपयोग स्कूल संचालन में किए जाने पर विद्युत दुरुपयोग की वीसीआर भरी गई और करीब 52 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। एक इलेक्ट्रिक व्हीकल शॉप में विद्युत का दुरुपयोग पाए जाने पर 68 हजार का जुर्माना लगाया गया। जयसिंहपुरा खोर स्थित एक आवासीय परिसर में बिजली चोरी पर 1 लाख 16 हजार का जुर्माना लगाया गया।

भूमि के दुरुपयोग को लेकर 48 लोगों व संस्थाओं को नोटिस

जगतपुरा 200 फीट सड़क और वनभूमि प्रकरण

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। झालाना वन क्षेत्र से गुजरने वाली अपेक्स हॉस्पिटल से जगतपुरा आरओबी तक की 200 फीट रोड एक बार फिर विवादों में है। वर्ष 2009 में सड़क निर्माण के लिए दी गई 0.858 हेक्टेयर वन भूमि की फॉरेस्ट क्लियरेंस शर्तों के उल्लंघन के आरोपों के बाद वन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत ने 48 व्यक्तियों व संस्थाओं को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर दस्तावेजों सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि अनुपस्थित रहने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। 8 जून को जारी नोटिस में नाहरगढ़ वन एवं वन्यजीव सुरक्षा सेवा समिति की शिकायत पर मामले में संज्ञान लिया गया है। शिकायत के अनुसार, झालाना-आमागढ़ कंजर्वेशन रिजर्व क्षेत्र में स्थित कुल 0.858 हेक्टेयर वन भूमि सड़क निर्माण के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग को सौंपी गई थी। वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत इस भूमि का

उपयोग केवल सड़क निर्माण के लिए ही किया जा सकता था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उक्त वन भूमि पर अब व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। सड़क के दोनों ओर दुकानें, होटल, अस्पताल संबंधी निर्माण और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान विकसित किए गए हैं। साथ ही भूमि अभिलेखों में भी कथित रूप से अनधिकृत बदलाव किए गए हैं। शिकायतकर्ताओं का यह भी आरोप है कि फॉरेस्ट क्लियरेंस की शर्तों के तहत सड़क किनारे किए जाने वाले वृक्षारोपण एवं संरक्षण कार्यों का भी पालन नहीं किया गया। वन विभाग ने नोटिस में कहा है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह वन संरक्षण अधिनियम, 1980 की धारा-2 का स्पष्ट उल्लंघन माना जाएगा, जो दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। फॉरेस्ट क्लियरेंस के समय यह शर्त भी निर्धारित की गई थी कि वन भूमि की वैधानिक स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा और उसका उपयोग केवल स्वीकृत उद्देश्य तक सीमित रहेगा।

प्रभावितों ने रखा पक्ष

नोटिस के जवाब में एक प्रभावित का कहना है कि उनका परिवार पिछले लगभग 40 वर्षों से अलग खसरा संख्या वाली भूमि पर निवास कर रहा है। उनके अनुसार संबंधित भूमि पूर्व में निजी खातेदारी की रही है और राज्य सरकार द्वारा किए गए सेटलमेंट के बाद खसरा नंबरों में परिवर्तन हुआ। वर्तमान में भूमि राजस्थान सरकार के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उन्होंने वन विभाग से राजस्व रिकॉर्ड एवं खसरा विवरण की पुनः जांच कराने का आग्रह करते हुए कहा कि नोटिस तथ्यों पर आधारित नहीं है इसलिए इसे निरस्त किया जाना चाहिए। इस मामले में अन्य प्रभावितों के जवाब आने के बाद वन विभाग द्वारा प्राप्त दस्तावेजों और राजस्व अभिलेखों की जांच के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जलदाय विभाग में 35 साल से लंबित भर्तियों को लेकर फूटा गुस्सा

इंटक से जुड़े कर्मचारियों दी प्रदेशव्यापी आंदोलन की धमकी

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। जलदाय विभाग में 35 वर्षों से लंबित कर्मचारियों की भर्ती को लेकर बुधवार को इंटक के नेतृत्व में जुटे कर्मचारियों ने हुंकार भरी। प्रांतीय नल मजदूर यूनियन (इंटक) के आह्वान पर जयपुर स्थित मिस्त्री खाना जलदाय कार्यालय परिसर में आयोजित आमसभा में कर्मचारियों ने सरकार व विभागीय प्रशासन को लंबित मांगों के जल्द समाधान का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर में आंदोलन शुरू किया जाएगा।

बैठक में प्रांतीय नल मजदूर यूनियन (इंटक) के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत ने कहा कि जलदाय विभाग के कर्मचारी वर्षों से जायज मांगों के समाधान का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन सरकार और विभाग की ओर से अब तक ठोस पहल नहीं की गई है। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह शेखावत ने भी बैठक को संबोधित किया। जिलाध्यक्ष ताराचंद सैनी, यूथ इंटक के प्रदेशाध्यक्ष अजीत सिंह शेखावत और यूनियन प्रवक्ता विजय सिंह ने कहा कि विभाग में कर्मचारियों के समर्पित अवकाश (सरेंडर लीव) का भुगतान लंबे समय से अटका हुआ है। इसके अलावा लीवरेज राशि में वृद्धि, राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) का पूर्ण लाभ तथा अन्य आर्थिक

मामलों में भी कर्मचारियों को राहत नहीं मिल पा रही है। बैठक में सबसे प्रमुख मुद्दा तकनीकी कर्मचारियों की भर्ती का रहा। यूनियन नेताओं ने कहा कि जलदाय विभाग में पिछले करीब 35 वर्षों से तकनीकी कर्मचारियों की नियमित भर्ती नहीं हुई है। इसके कारण विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी हो गई है और मौजूदा कर्मचारियों पर कार्य का अतिरिक्त दबाव बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भर्ती नहीं होने से विभागीय कार्यों की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के दावे तो करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। कर्मचारियों को समय पर आर्थिक लाभ और सुविधाएं नहीं मिलने से उनका मनोबल प्रभावित हो रहा है।

मुख्यमंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में राज्य कर्मचारियों के लंबित आर्थिक भुगतान, भर्ती प्रक्रिया शुरू करने तथा अन्य मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की जाएगी। यूनियन पदाधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि सरकार और विभाग ने कर्मचारियों की मांगों पर गंभीरता नहीं दिखाई तो प्रांतीय नल मजदूर यूनियन प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और विभाग की होगी। बैठक में वृत्त अध्यक्ष लालचंद शर्मा, जिला महामंत्री बनवारी लाल सैनी, यूथ महामंत्री शैलेश शर्मा, प्रभुलाल शर्मा, महेंद्र शर्मा, गिर्राज पारीक, विनोद कुमार मीणा, शंकर शर्मा, हरिनारायण मीणा, गोकुल सिंह, जगदीश टेलर सहित अनेक कर्मचारी नेताओं ने भाग लिया। कर्मचारियों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

एसएमएस अस्पताल की बड़ी उपलब्धि, गठिया से जूझ रहे मरीज को मिली नई जिंदगी

पहली बार एक साथ हुई हिप और नी रिप्लेसमेंट सर्जरी

ऑपरेशन के दूसरे दिन ही चलने लगा

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी सवाई मानसिंह चिकित्सालय में चिकित्सा क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। अस्पताल के अस्थि रोग विभाग में पहली बार किसी मरीज के कूल्हे (हिप) और घुटने (नी) का जोड़ एक साथ प्रत्यारोपित (रिप्लेस) किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज अब स्वस्थ है और ऑपरेशन के दूसरे दिन से ही स्वयं चल-फिर रहा है। अस्थि रोग विभाग की इकाई-3 के प्रमुख एवं वरिष्ठ आचार्य डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि हेमसिंह (निवासी बड़नगर, तहसील पावटा, जिला जयपुर गठिया की गंभीर समस्या से पीड़ित थे। उनके दाहिने घुटने और बाएं कूल्हे का जोड़ पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था, जिसके कारण उनका चलना-फिरना लगभग बंद हो गया था। मरीज की स्थिति का परीक्षण करने के बाद चिकित्सकों ने दोनों जोड़ बदलने की सलाह दी। इसके बाद 6 जून को ऑपरेशन कर मरीज के दाहिने घुटने और बाएं कूल्हे का प्रत्यारोपण एक साथ किया गया। चिकित्सकों के अनुसार एसएमएस अस्पताल के इतिहास में यह पहला मामला है, जब इस प्रकार का जटिल संयुक्त प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किया गया है।

विशेषज्ञों की टीम ने दिया सफल अंजाम

ऑपरेशन का नेतृत्व डॉ. अनुराग धाकड़ ने किया। टीम में वरिष्ठ आचार्य डॉ. एसके रावत, डॉ. प्रमोद सैनी, डॉ. राजेंद्र जाखड़ तथा डॉ. विपुल झाझरिया शामिल रहे। वहीं निश्चेतना (एनेस्थीसिया) टीम का नेतृत्व वरिष्ठ आचार्य डॉ. श्रीफल मीणा ने किया। टीम में डॉ. ममता खंडेलवाल तथा डॉ. भागचंद जैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पीएम मोदी के 4399 दिन का कार्यकाल पूर्ण होने पर गुरुद्वारे में अरदास

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रसेवा करते हुए ऐतिहासिक 4399 दिन का गौरवमयी एवं सर्वाधिक लंबा कार्यकाल पूर्ण करने के अवसर पर राजापार्क स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सिख समाज एवं गुरुद्वारा संगत की ओर से उनके दीर्घायु जीवन, उत्तम स्वास्थ्य तथा देश की निरंतर प्रगति के लिए विशेष अरदास की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री का नेतृत्व भारत के विकास, अंत्योदय, सुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहा है। उनके कार्यकाल में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान स्थापित की है तथा देश ने अनेक क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। सिख समाज ने कहा कि उनका यह प्रेरणादायी सफर देश के प्रत्येक नागरिक एवं कार्यकर्ता को राष्ट्रहित में समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा देता है।

1008 वरिष्ठ नागरिकों की सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा सम्पन्न

विशेष ट्रेन से सकुशल जयपुर लौटे श्रद्धालु

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। देवस्थान विभाग की ओर से आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा में शामिल 1008 वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रियों का दल बुधवार को विशेष ट्रेन से सकुशल जयपुर लौट आया। यात्रा के सफल समापन पर श्रद्धालुओं ने 'जय सोमनाथ', 'जय द्वारकाधीश' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों के साथ सरकार का आभार व्यक्त किया। यात्रा प्रभारी अधिकारी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि 5 जून से शुरू हुई यह छह दिवसीय यात्रा 10 जून को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने गुजरात स्थित सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, द्वारकाधीश मंदिर, बेट द्वारका और नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए। गुजरात सरकार की ओर से यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया और यात्रा संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 5 जून को जयपुर रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस अवसर पर देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, सांसद मंजू शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। 6 जून को वेरावल रेलवे स्टेशन पहुंचने पर तीर्थयात्रियों का पारंपरिक गुजराती संस्कृति के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रभास पाटन स्थित सोमनाथ मंदिर में वीआईपी दर्शन, संध्या आरती और लाइट एंड साउंड शो का लाभ मिला। 7 जून को गोलकधाम, राम मंदिर, बाणगंगा, भालका तीर्थ, सोमनाथ स्वाभिमान पर्व गैलरी और सोमनाथ बीच का भ्रमण कराया गया। 8 जून को द्वारकाधीश मंदिर और 9 जून को बेट द्वारका और नागेश्वर महादेव के दर्शन कराए गए। 9 जून की रात विशेष ट्रेन जयपुर के लिए रवाना हुई और 10 जून को अपने गंतव्य पर पहुंच गई।

यात्रा के सह प्रभारी अधिकारी श्रवण कुमार लक्षकार ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों ने इस यात्रा को जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताया। श्रद्धालुओं ने कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों में दो ज्योतिर्लिंगों और सप्त पुरियों में शामिल द्वारका पुरी के दर्शन उनके लिए किसी सपने के साकार होने से कम नहीं हैं।

उल्लेखनीय है कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर देशभर में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 1008 वरिष्ठ नागरिकों को इस विशेष तीर्थयात्रा का अवसर प्रदान किया।

जयपुर में प्राकृतिक खेती पर राज्यस्तरीय कार्यशाला कल, सीएम करेंगे संबोधित

भाजपा किसान मोर्चा का आयोजन

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। भाजपा किसान मोर्चा की ओर से 12 जून को जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) स्टेडियम में प्राकृतिक खेती विषयक राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। बुधवार को किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी ने प्रेसवार्ता में बताया कि कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में किसान भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ तथा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर किसानों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती, गौ आधारित कृषि, जैविक संसाधनों के उपयोग और खेती की लागत कम करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी। कैलाश चौधरी ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों पर बढ़ती निर्भरता से खेती की लागत बढ़ रही है और भूमि की उर्वरता भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर लौटने की आवश्यकता है। कार्यशाला में जीवामृत, घनजीवामृत, जैविक खाद और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के लाभ बताए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती किसानों की आय बढ़ाने के साथ मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने, जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

कुटिहार-कुरेठा और कटिहार-सोनौली दोहरी रेल लाइन सीआरएस निरीक्षण के लिए तैयार

महानगर टाइम्स संवाददाता

कटिहार। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार मंडल में रेलवे अवसंरचना विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। कटिहार-कुरेठा तथा कटिहार-सोनौली के बीच नवनिर्मित ब्रॉड गेज दोहरी रेल लाइन अब रेल सुरक्षा आयुक्त के वैधानिक निरीक्षण के लिए पूरी तरह तैयार है। पूर्वोत्तर परिमंडल, कोलकाता के रेल सुरक्षा आयुक्त सुमित सिंघल 12 से 14 जून 2026 तक कटिहार (1.380 किमी) से कुरेठा (12.440 किमी) तथा कटिहार (1.327 किमी) से सोनौली (17.542 किमी) तक निर्मित नई दोहरी लाइन का विस्तृत निरीक्षण करेंगे। ये दोनों सेक्शन कटिहार-कुमेदपुर और कटिहार-मुकुरिया नई दोहरी लाइन परियोजनाओं का हिस्सा हैं। करीब 64.14 किलोमीटर लंबी इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र में रेल क्षमता बढ़ाना और परिचालन दक्षता को मजबूत करना है। परियोजना के अंतर्गत 2 महत्वपूर्ण पुल, 27 बड़े पुल, 23 छोटे पुल तथा आधुनिक रेलवे ट्रैक एवं अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया गया है। परियोजना के पूर्ण होने पर इस दोहरी लाइन कॉरिडोर से 16 रेलवे स्टेशन सीधे लाभान्वित होंगे। इससे ट्रेनों के संचालन में गति आएगी, लाइन क्षमता में वृद्धि होगी, भीड़भाड़ कम होगी तथा यात्रियों और माल परिवहन की सुविधा और अधिक बेहतर होगी। तीन दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान रेल सुरक्षा आयुक्त नवनिर्मित ट्रैक, रेलवे स्टेशनों, पुलों, सिग्नल एवं दूरसंचार प्रणाली, विद्युत सुविधाओं, सुरक्षा प्रबंधों तथा अन्य तकनीकी संरचनाओं का गहन परीक्षण करेंगे। इसके अलावा मार्ग में स्थित विभिन्न फील्ड इंस्टॉलेशन और परिचालन व्यवस्थाओं की भी विस्तृत जांच की जाएगी।

सीडीवी वायरस रोकने को वन विभाग का विशेष अभियान

बाघों को घातक वायरस से बचाने के लिए श्वानों का टीकाकरण

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर/सवाईमाधोपुर। रणथंभौर टाइगर रिजर्व में बाघों, तेंदुओं और अन्य वन्यजीवों को घातक कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीवी) से बचाने के लिए वन विभाग ने विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया है। अभयारण्य से सटे गांवों में श्वानों का वैक्सीनेशन कराया जा रहा है, ताकि यह वायरस घरेलू कुत्तों से वन्यजीवों तक ना पहुंच सके। वन विभाग के अनुसार कैनाइन डिस्टेंपर वायरस वन्यजीवों के लिए बेहद खतरनाक माना जाता है। यह वायरस मुख्य रूप से संक्रमित घरेलू कुत्तों के संपर्क से जंगली जानवरों में फैलता है। संक्रमण की स्थिति में बाघों सहित कई वन्यजीवों की मौत तक हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए वन विभाग ने इसे प्राथमिकता वाला संरक्षण अभियान घोषित करते हुए तेजी से क्रियान्वित किया है। अभियान के तहत वन विभाग और पशुपालन विभाग की संयुक्त टीमें अभयारण्य के आसपास स्थित पेरीफेरल गांवों में पहुंचकर श्वानों का टीकाकरण कर रही हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वन्यजीवों को संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

पीचएचईडी तकनीकी कर्मचारी संघ आज रहेगा सामूहिक उपवास पर

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राजस्थान पीएचईडी तकनीकी कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर 11 जून को प्रदेशभर में सामूहिक उपवास करने की घोषणा की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष संतोष विजय ने बताया कि सभी साथी अपने-अपने कार्यस्थलों पर भूखे रहकर काम करेंगे। भोजनावकाश के दौरान प्रदर्शन भी किया जाएगा प्रदेश अध्यक्ष संतोष विजय जयपुर, प्रदेश महामंत्री जय गोपाल जोशी बीकानेर, कालू राम जाट सूरतगढ़, तोताराम चौहान अजमेर ब्यावर में उपवास पर रहेंगे। इसके बाद ज्ञापन देंगे।

गायत्री नगर में आचार्य शशांक सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। एसएफएस जैन मंदिर से विहार कर आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ का बुधवार को गायत्री नगर जैन मन्दिर जी में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। मंदिर प्रबंध समिति के संयुक्त मंत्री एवं मुनि व्यवस्था समिति के संयोजक संजय ठोलिया ने बताया कि आचार्य का विहार के समय मार्ग में श्रावकों के आवास के सामने आरती व पाद प्रक्षालन किया गया। मंदिर जी पहुंचने पर दिगंबर जैन मंदिर महारानी फार्म, गायत्री नगर मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में बैंडबाजों के साथ समिति के अध्यक्ष अरुण शाह के नेतृत्व में महिला मंडल व मुनि वैय्यावृति महिला समूह के पदाधिकारी व सदस्यों ने मंगल कलश लेकर आचार्य की आरती, पाद प्रलक्षालन कर भव्य अगुवाई की। इस दौरान मंत्री राजेश बोहरा, कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा, उपाध्यक्ष विजय सोगानी, संतोष गंगवाल, राकेश पाटोदी, पदम झांझरी, बसंत बाकलीवाल, पूर्व अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर आचार्य ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि श्रावक व संत एक हो जाए तो मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होने की ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि साधु-सन्तों के आवागमन होते रहने चाहिए, उनका संरक्षण, आहार, विहार कराना श्रावकों का प्रमुख कर्त्तव्य है। युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने बताया कि 11 जून को प्रातः 7:30 बजे से मंगल प्रवचन मंदिर जी में होंगे।

लर्निंग सेमिनार 'अंकुरण' रणथंभौर में संपन्न

35 से अधिक क्लबों के 250 रोटेरियन्स एवं प्रतिनिधियों ने लिया भाग

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर/सवाई माधोपुर। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 के तत्वावधान में तथा रोटरी क्लब कोटा साउथ के तत्वावधान में दो दिवसीय क्लब लीडरशिप लर्निंग सेमिनार 'अंकुरण' नाहरगढ़ रिसॉर्ट, रणथंभौर में संपन्न हुआ। सेमिनार में जयपुर सहित डिस्ट्रिक्ट 3056 के 35 से अधिक क्लबों के लगभग 250 रोटेरियन्स एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रज्ञा मेहता ने किया। उन्होंने कहा कि अरुण बगड़िया के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट टीम नए उत्साह, समन्वय और संकल्प के साथ समाज सेवा के लिए तैयार है। वहीं डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी जनरल संजय कौशिक ने कहा कि 'अंकुरण' केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि डिस्ट्रिक्ट के भविष्य के नेतृत्व को विकसित करने का मंच है सेमिनार अध्यक्ष ओमप्रकाश साहनी ने स्वागत भाषण दिया। क्लब सचिव प्रेमराज दुबे ने अतिथियों का अभिनंदन किया। सेमिनार का मुख्य आकर्षण डीजीई अरुण बगड़िया का 'माय विजन फॉर रोटरी 2026-27' प्रस्तुतीकरण रहा। इस दौरान सदस्यता विकास, पब्लिक इमेज, रोटरी फाउंडेशन, ग्रांट मैनेजमेंट तथा नेतृत्व विकास पर विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। रोटरी फाउंडेशन समन्वयक शरद जैन एवं डॉ. सुब्रमण्यम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। पीडीजी अजय काला एवं बलवंत चिरानिया ने रोटरी में हो रहे वैश्विक परिवर्तनों और नई कार्यशैली पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. केसी शर्मा ने एक अभिनव प्रतिस्पर्धात्मक सत्र का संचालन किया, जिसमें केवल 50 हजार रुपए की लागत से 10 समाजोपयोगी प्रोजेक्ट्स की अवधारणा पर रोचक वाद-विवाद आयोजित किया गया। पीके पाटनी ने युवा पीढ़ी के लिए एनजीओ की भूमिका पर सीनेट रखी।

जैन मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा दो दिवसीय वार्षिकोत्सव

महानगर टाइम्स संवाददाता

फागी/जयपुर। मानसरोवर इंजीनियर्स कॉलोनी में स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रम में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मंदिर समिति के कमल छाबड़ा ने बताया कि मंदिर में आयोजित मीटिंग में निर्णय लिया गया है कि मंदिर जी का वार्षिक उत्सव 13-14 जून को मनाया जाएगा। कार्यकम मंदिर समिति के मनीष छाबड़ा ने बताया कि कार्यक्रम आदित्य सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में, प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी जिनेश के निर्देशन में विभिन्न मंत्रोच्चारणों के द्वारा आयोजित किया जाएगा। कार्यकम में 13 जून को प्रातः 7.30 बजे नव ग्रह विधान और शाम 7.30 बजे आरती एवं भक्तामर पाठ के बाद ठंडाई, मिल्क रोज का आयोजन होगा। 14 जून को सुबह 6.30 बजे पंचामृत अभिषेक, शांतिधारा, 7.30 बजे से शांति नाथ मंडल संगीतमय विधान के साथ ही शांति नाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक लाडू चढ़ाया जाएगा।

बंगाल प्रशासन में बड़ा फेरबदल

18 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

कोलकाता (महानगर टाइम्स संवाददाता)। पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में व्यापक बदलाव करते हुए बुधवार को 18 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियों की घोषणा की। राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 17 महत्वपूर्ण विभागों में सचिव स्तर पर फेरबदल किया गया है, जिसे प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नए आदेश के तहत जगदीश प्रसाद मीणा को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का सचिव बनाया गया है, जबकि पूर्व मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी तथा आवास विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राज्यपाल के सचिव सौमित्र मोहन को सूचना एवं संस्कृति विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नीलम मीणा को पर्यावरण विभाग की प्रधान सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं रविइंदर सिंह को परिवहन विभाग, मौमिता गोदारा को महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग, आर. विमला को उत्तर बंगाल विकास विभाग और मुक्ता आर्य को सुंदरबन मामलों के विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

खेल शिविर एवं टीम चयन से विद्यार्थियों में उत्साह

जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। सांगानेर स्थित सुबोध पब्लिक स्कूल में 11 मई से 10 जून तक कक्षा तृतीय से द्वादश तक के विद्यार्थियों के लिए एक माह का खेल शिविर (स्पोर्ट्स कैंप) का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या आशी श्रीवास्तव की प्रेरणा से आयोजित इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक विकास, फिटनेस तथा समग्र स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर फिटनेस और खेल भावना को बढ़ावा मिला तथा विद्यार्थियों की खेल प्रतियोगिताओं हेतु तैयारी प्रारम्भ की गई। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को योग, क्रिकेट एवं फुटबॉल का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ खेलों एवं शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। विद्यालय में आगामी सीबीएसई एवं अन्य जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं को ध्यान में रखते हुए -14, -17 एवं -19 वर्ग की टीमों का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष तंवर ने की राज्यपाल से भेंट

जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददता)। जयपुर फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष योगेश तंवर ने बुधवार को राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े से लोक भवन में महात्मा ज्योतिबा फुले टर्मिनल मार्केट मुहाना के विकास की मांगों को लेकर मुलाकात की। तंवर ने बताया कि एशिया की सबसे बड़ी मंडियों में शुमार मुहाना मंडी, आज भी विकास के कई पायदानों पर पिछड़ी हुई है। मंडी में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र का अभाव और कचरा निस्तारण का प्रभावी प्रबंधन नहीं है। रोजाना मंडी में हजारों की तादाद में किसान, मजदूर बोझा उठाने वाले ग्राहक व्यापारी आते हैं, लेकिन उनके छोटे मोटे इलाज की कोई भी सुविधा मंडी में नहीं है। इसी प्रकार मंडी में रोज 35 से 40 टन कचरा होता है। अगर प्रशासन चाहे तो इस कचरे से बायो गैस और कंपोस्ट खाद बनाने का प्रोजेक्ट मंडी में ही लगाकर मंडी को स्वच्छ प्रदूषण रहित और सडन से बचा सकता है। इसके अलावा अन्य मुख्य मांगों में यातायात से जुड़ी समस्याएं हैं जैसे आज भी मंडी में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की कोई सुविधा नहीं है। तंवर ने कहा कि मंडी को मेट्रो परियोजना से जोड़ा जाना चाहिए। इसके अलावा मंडी को अजमेर रोड से बेहतर कनेक्टिविटी के लिए भांकरोटा संस्कृत महाविद्यालय, मुहाना गांव वाया मार्ग को विकसित करना चाहिए। तंवर ने बताया कि राज्यपाल ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखने का आश्वासन दिया है।

जेडीए ने 140 करोड़ की 70 बीघा सरकारी भूमि से हटाया अतिक्रमण

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। जेडीए का अवैध कॉलोनियों एवं अतिक्रमणों के विरुद्ध अभियान जारी है। इसी क्रम में बुधवार को प्रवर्तन शाखा ने विभिन्न जोनों में कार्रवाई कर 140 करोड़ रुपए की 70 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया और करीब 42 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर विकसित की जा रही तीन नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त कर दिया गया।

उपमहानिरीक्षक पुलिस एवं मुख्य प्रवर्तन अधिकारी आनंद शर्मा ने बताया कि जोन-10 के ग्राम गोविंदपुरा उर्फ रोपाड़ा, सुमेल एवं बगराना में स्थित लगभग 70 बीघा बेशकीमती चरागाह सरकारी भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाया गया। इन स्थलों पर प्लॉटों की चारदीवारी, टीनशेडनुमा निर्माण, निर्माणाधीन ढांचे एवं अन्य अवैध निर्माणों को जेसीबी मशीनों एवं मजदूरों की सहायता से हटाया गया। इस भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 140 करोड़ रुपए है। इसके अलावा जोन-12 के ग्राम सरना डूंगर में लगभग 10 बीघा, जोन-17 के ग्राम खोरा बिसल में लगभग 4 बीघा तथा जोन-19 के ग्राम बोराज, जोबनेर रोड पर लगभग 28 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन एवं बिना भू-रूपांतरण के विकसित की जा रही नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। इन स्थलों पर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल की सड़कें तथा अन्य अवैध निर्माणों को हटाकर अवैध कॉलोनियां बसाने के प्रयासों को विफल किया गया। ध्वस्तीकरण पर व्यय की वसूली संबंधित व्यक्तियों से नियमानुसार की जाएगी।

श्री अमरापुर स्थान में सद्गुरु टेऊंराम चालीहा महोत्सव, गौकाष्ठ से किया हवन अनुष्ठान

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। स्वामी टेऊंराम महाराज का पावन चालीहा महोत्सव श्री अमरापुर स्थान में भक्ति और धार्मिक अनुष्ठान के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को संत महात्मा, ब्राह्मण पंडित एवं 40 जोड़े बैठाकर हवन यज्ञ अनुष्ठान किया गया। स्वामी मोहन लाल एवं स्वामी मनोहर लाल महाराज ने बताया कि यज्ञ में पर्यावरण की शुद्धता रखने एवं गौ सेवा को ध्यान में रखकर गौ घृत गौ काष्ठ एवं आयुर्वेद जड़ी बूटियों मिश्रित सामग्री प्रयोग किया गया। पंडित विजेंद्र शर्मा और आचार्य जितेंद्र दाधीच वेदाचार्य के सान्निध्य में सभी देवी-देवताओं के मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां दी गई।

सद्गुरु टेऊंराम गौशाला में गौसेवा एवं संकीर्तन : स्वामी मोहन लाल महाराज ने बताया कि सद्गुरु टेऊंराम चालीहा महोत्सव भक्ति, तप साधना के साथ सेवा का उत्सव है। गुरुवार को अपरा एकादशी पर मांग्यावास स्थित 'सद्गुरु टेऊंराम गौशाला' में सुबह 9:30 बजे भजन संकीर्तन और गौ सेवा का कार्यक्रम होगा। पुरुषोत्तम अधिकमास में ग्रीष्म ऋतु की अधिकता को देखते हुए गौ माता को ठंडे तासीर वाले फल तरबूज, खरबूजे, आम आदि खिलाए जाएंगे।

ग्रह परेड : आसमान में दिखेगी दुर्लभ खगोलीय घटना

एक ही दिशा में बेहद करीब नजर आएंगे शुक्र, गुरु और बुध ग्रह

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। जून का महीना खगोल विज्ञान और ज्योतिष, दोनों ही दृष्टिकोणों से बेहद खास माना जा रहा है। इस महीने आसमान में एक दुर्लभ खगोलीय घटना देखने को मिल सकती है, जब शुक्र , गुरु और बुध ग्रह एक ही दिशा में बेहद करीब नजर आएंगे। खगोलविदों के अनुसार 11 जून से 15 जून के बीच इन तीनों ग्रहों को एक साथ देखने का सबसे अच्छा अवसर रहेगा। इस अनोखे नजारे को ग्रह परेड कहा जाता है, जो वर्षों बाद देखने को मिलता है और आकाश प्रेमियों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं होता।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र में शुक्र , गुरु और बुध को शुभ ग्रहों की श्रेणी में रखा गया है। शुक्र को सुख-संपन्नता, प्रेम और भौतिक सुविधाओं का कारक माना जाता है, जबकि गुरु ज्ञान, भाग्य और समृद्धि का प्रतीक हैं। वहीं बुध बुद्धि, वाणी, व्यापार और संचार क्षमता का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे में इन तीनों शुभ ग्रहों का एक साथ प्रभाव सभी 12 राशियों के जीवन में किसी न किसी रूप में बदलाव ला सकता है। हालांकि ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार कुछ राशियों पर इसका प्रभाव अधिक सकारात्मक रहने की संभावना है। इन राशियों को करियर, धन, शिक्षा, व्यापार और पारिवारिक जीवन में विशेष लाभ मिल सकता है।

इन राशियों की चमकेगी किस्मत

मेष राशि : मेष राशि के जातकों के लिए यह ग्रह-परेड शुभ संकेत लेकर आ सकता है। करियर में लंबे समय से चल रही परेशानियां दूर हो सकती हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। व्यापार में नए अवसर प्राप्त होने के योग हैं। आर्थिक मामलों में भी स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है। निवेश से लाभ मिलने की संभावना रहेगी।
संभावित लाभः करियर ग्रोथ, धन लाभ, नए अवसर और आत्मविश्वास में वृद्धि।

सिंह राशि : सिंह राशि के जातकों को गुरु और शुक्र का सकारात्मक प्रभाव मिल सकता है। समाज में मान-सम्मान बढ़ सकता है। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलने के योग हैं। जो लोग नौकरी में प्रमोशन का इंतजार कर रहे हैं, उन्हें अच्छी खबर मिल सकती है। परिवार में भी सुख-शांति का माहौल बना रह सकता है।
संभावित लाभः पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि, प्रमोशन, पारिवारिक सुख और आर्थिक लाभ।

मिथुन राशि : बुध ग्रह मिथुन राशि के स्वामी माने जाते हैं। ऐसे में बुध की मजबूत स्थिति इस राशि के लोगों को विशेष लाभ पहुंचा सकती है। संचार, शिक्षा, मीडिया, लेखन और व्यापार से जुड़े लोगों के लिए यह समय बेहद अनुकूल रह सकता है। रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है और आर्थिक स्थिति में भी सुधार देखने को मिल सकता है।
संभावित लाभः व्यापार में सफलता, शिक्षा में उपलब्धियां, आर्थिक मजबूती और नई योजनाओं में सफलता।

तुला राशि : शुक्र तुला राशि के स्वामी ग्रह हैं। ऐसे में शुक्र की मजबूत स्थिति तुला राशि वालों के लिए शुभ परिणाम दे सकती है। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ सकती है। वैवाहिक जीवन में खुशियां आ सकती हैं। आर्थिक मामलों में लाभ के संकेत हैं। कला, फैशन, मनोरंजन और क्रिएटिव क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए यह समय खास रह सकता है।
संभावित लाभः प्रेम जीवन में सुधार, धन लाभ, सामाजिक प्रतिष्ठा और रचनात्मक कार्यों में सफलता।

धनु राशि : धनु राशि के स्वामी गुरु ग्रह हैं। गुरु की शुभ स्थिति इस राशि के लोगों को भाग्य का साथ दिला सकती है। करियर, शिक्षा और विदेश से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। लंबे समय से अटके कार्य पूरे होने के योग हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है और नए स्रोतों से आय प्राप्त होने की संभावना है।
संभावित लाभः भाग्योदय, शिक्षा में सफलता, करियर ग्रोथ और आर्थिक उन्नति।

अन्य राशियों पर कैसा रहेगा प्रभाव?

हालांकि यह ग्रह परेड सभी राशियों को किसी न किसी रूप में प्रभावित कर सकती है, लेकिन मेष, मिथुन, सिंह, तुला और धनु राशि के जातकों को अपेक्षाकृत अधिक सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना मानी जा रही है। ज्योतिषियों के अनुसार शुभ ग्रहों शुक्र, गुरु और बुध का एक साथ प्रभाव जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में नए अवसर, धन लाभ, संबंधों में सुधार और मानसिक ऊर्जा प्रदान कर सकता है।

मेगा टेलेंट हंट शो कलादर्श में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राजापार्क स्थित आदर्श विद्या मंदिर में बुधवार को मेगा टेलेंट हंट शो कलादर्श 1.0 का आयोजन किया गया। शिविर की संयोजिका प्रधानाचार्या सुनयना नागपाल ने बताया कि नृत्य, सुगम संगीत, फैशन शो, टी शर्ट पेंटिंग,पोस्टर मेकिंग सहित अन्य प्रतियोगिताओं में बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। निदेशिका रीता भार्गव ने बताया कि अशोक परनामी, अजय पाल सिंह और रवि नेय्यर बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। विजयी प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समन्वयिका वंदना मेहरोत्रा ने बताया कि 11 जून से ग्रीष्म कालीन कौशल शिविर का आयोजन किया जाएगा एवं 21 जून को शिविर का समापन होगा।

कमला एकादशी आज, मंदिरों में सजेगी जल विहार झांकी, श्रद्धालु रखेंगे व्रत

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। द्वितीय ज्येष्ट अधिकमास कृष्ण पक्ष की एकादशी गुरुवार कमला एकादशी के रूप में मनाई जाएगी। इसे परमा, पुरुषोत्तमी भी कहा जाता हैं। अधिकमास में होने के कारण ये व्रत तीन साल में एक बार आता है। अब ये व्रत 9 अप्रेल 2029 को आएगा।

आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में ठाकुर जी का पंचामृत अभिषेक कर लाल रंग की सूती पोशाक धारण कराकर गोचारण लीला भाव से श्रृंगार किया जाएगा। राजभोग झांकी में जल विहार की झांकी सजाई जाएगी। आधे घंटे तक ठाकुरजी जल विहार करेंगे। सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित श्री सरस निकुंज में पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में राधा सरस बिहारी जू सरकार का वेदोक्त मंत्रोच्चार से अभिषेक किया जाएगा। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि शाम को एकादशी के पदों का गायन किया जाएगा। पुरानी बस्ती स्थित गोपीनाथ नाथ जी, चौड़ा रास्ता के राधा दामोदर जी, रामगंज बाजार के लाड़ली जी, मुरली मनोहर जी, त्रिपोलिया स्थित ब्रज निधि जी सहित अनेक मंदिरों में एकादशी उत्सव भक्तिभाव से मनाया जाएगा।

व्रत से बनेंगे बिगड़े काम

ज्योतिषाचार्य पं. पुरुषोत्तम गौड़ ने बताया कि धार्मिक मान्यता है कि अधिकमास की एकादशी के व्रत से पाप, दुख और दरिद्रता दूर होती है। इस दिन भगवान विष्णु-लक्ष्मी की पूजा, व्रत, दान, जप, भजन और रात में जागरण किया जाएगा। भविष्योत्तर पुराण के एकादशी माहात्म्य नाम के अध्याय में इस व्रत का जिक्र किया गया है। वैष्णव परंपरा में प्रचलित कथा के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने धर्मराज युधिष्ठिर को अधिकमास के कृष्ण पक्ष की इस एकादशी का नाम, विधि और महत्व बताया था। कथा के भीतर कौण्डिन्य ऋषि ने सुमेधा ब्राह्मण और उनकी पत्नी पवित्रा को यह व्रत करने की सलाह दी थी। भगवान विष्णु के पुरुषोत्तम रूप की पूजा सुबह स्नान कर भगवान विष्णु के सामने व्रत का संकल्प करें। इस दिन भगवान विष्णु के पुरुषोत्तम रुप की पूजा करने का विधान है। इस रूप में भगवान की चार भुजाएं होती है। जिनके हाथों में शंख, चक्र, गदा और पद्म रहते हैं।

पूजा में दीप, धूप, पुष्प, तुलसी और नैवेद्य अर्पित करें। दिनभर संयम रखें। सेहत का ध्यान रखते हुए फलाहार या निर्जल व्रत किया जा सकता है। शाम को विष्णु सहस्रनाम, गीता, एकादशी कथा या भगवान विष्णु के मंत्रों का जप करें। रात में भजन-कीर्तन और जागरण का भी महत्व बताया गया है। द्वादशी पर पारण करें और जरूरतमंदों को दान दें।

सुमेधा-पवित्रा की कथा

कौण्डिन्य ऋषि ने बताई परमा एकादशी व्रत की विधि काम्पिल्य नगर में सुमेधा नाम के ब्राह्मण और उनकी पत्नी पवित्रा रहते थे। दोनों बहुत गरीब थे, लेकिन धर्म और अतिथि सेवा में कमी नहीं रखते थे। गरीबी से परेशान होकर सुमेधा ने परदेश जाने का मन बनाया, लेकिन पवित्रा ने कहा कि भाग्य और पिछले कर्मों का फल घर पर रहकर धर्म से ही बदलेगा। कुछ समय बाद कौण्डिन्य ऋषि उनके घर आए। दोनों ने अपनी क्षमता के अनुसार ऋषि की सेवा की। पवित्रा ने उनसे दरिद्रता दूर करने का उपाय पूछा। ऋषि ने कहा कि अधिक मास के कृष्ण पक्ष की परमा एकादशी का व्रत करो। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा, व्रत, दान और जागरण करने से दुख, पाप और दरिद्रता दूर होती है। सुमेधा और पवित्रा ने श्रद्धा से यह व्रत किया। इसके बाद उनके जीवन में बदलाव आया। कथा के अनुसार, एक राजकुमार ने उन्हें सुंदर घर और जीवन चलाने के लिए गांव दिया। दोनों ने जीवन में सुख पाया और अंत में भगवान विष्णु के लोक को प्राप्त हुए।

कुबेर और राजा हरिशचंद्र ने भी किया था व्रत

कथा में मुख्य रूप से सुमेधा और पवित्रा को यह व्रत करते बताया गया है। हालांकि कौण्डिन्य ऋषि इस व्रत का महत्व बताते हुए कुबेर और राजा हरिशचंद्र का भी उदाहरण देते हैं। कथा के अनुसार, कुबेर ने इस व्रत के प्रभाव से धनाध्यक्ष पद पाया और हरिशचंद्र ने भी कठिन समय में इस व्रत से सुख पाया। लेकिन श्रीकृष्ण ने परमा एकादशी की जो कथा युधिष्ठिर को सुनाई उसके अनुसार सुमेधा-पवित्रा ने इस व्रत को किया था

सजेगा श्याम प्रभु का दरबार

पुरुषोत्तम मास की एकादशी पर गुरुवार को श्याम बाबा के मंदिरों में दरबार सजाकर भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। म्हारे घरा पधारो श्याम संस्था की ओर से मानसरोवर सेक्टर 113 के श्याम पार्क में श्याम प्रभु का गुणगान किया जाएगा। अध्यक्ष रतन कट्टा ने बताया कार्यक्रम शाम 7 बजे शुरू होगा।

नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की

श्री चतुर्भुज जी मंदिर में मनाया नंदोत्सव

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। छोटी चौपड़ स्थित श्री चतुर्भुज जी मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान बुधवार को स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में नंदोत्सव मनाया गया। वामी अवधेशाचार्य महाराज का आयोजकों ने दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। कथा स्थल पर भगवान श्रीकृष्ण जन्म की खुशियां मनाते हुए श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। व्यास पीठ से डॉ प्रशांत शर्मा ने जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म एवं नंदोत्सव प्रसंग का वर्णन किया, पूरा पांडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार किया गया तथा आकर्षक झांकियां सजाई गईं । महिलाओं ने मंगल गीत गाकर बधाइयां दीं, वहीं श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर भगवान का स्वागत किया। कथा स्थल पर माखन-मिश्री, पंचामृत एवं प्रसाद का वितरण भी किया गया। उत्सव में कपड़े, खिलौने, टॉफियां, फल मिठाइयों की जमकर उछाल बधाई गान का आयोजन हुआ। पूरे कथा स्थल आकर्षक गुब्बारों से सजाया गया।

मुरलीपुरा में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। जय हिन्द शुभकामना ग्रुप जयपुर के सहयोग से मुरलीपुरा स्कीम पार्क में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आमजन के लिए ब्लड प्रेशर (बीपी), शुगर, ईसीजी एवं लिपिड प्रोफाइल की जांच निःशुल्क की गई। चिकित्सा शिविर मे सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया तथा अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर में शेखावाटी हॉस्पीटल के डॉ. विकास, डॉ. एस.पी. यादव, माया, मंजू चौधरी, कमलेश कुमार सैनी, मोनू अग्रवाल एवं मोहित यादव सहित अनेक समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विश्व मानवता का पथ प्रदर्शक है राम का आदर्श

महानगर टाइम्स संवादाता

जयपुर। ब्रह्मपुरी रोड स्थित मंगोड़ी वालों की बगीची स्थित श्रीमोहन मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री रामकथामृत वर्षा में बुधवार को व्यासपीठ से अकिंचन जी महाराज ने रसमयी वाणी में विविध प्रसंगों का श्रवण कराते हुए कहा कि भगवान राम ने अपनी प्रत्येक लीला के माध्यम से संसार को मर्यादा और आदर्श का पाठ पढ़ाया। उनका जीवन आज भी विश्व मानवता का पथ प्रदर्शन कर रहा है। कृष्ण स्वरूप बूब ने बताया कि कथा 15 जून तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। कथा का आयोजन सखी सहेली महिला मंडल की ओर से किया जा रहा है।

मानसरोवर में श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा

'मन को जीते बिना कोई महापुरुष नहीं बन सकता'

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। जनमानस में आध्यात्मिक चेतना, नैतिक मूल्यों और संस्कारित जीवन के प्रति जागरूकता का प्रसार करने के उद्देश्य से किरण पथ मानसरोवर स्थित वेदना निवारण केंद्र पर चल रही श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा के दूसरे दिन विविध प्रसंगों पर प्रवचन हुए। व्यासपीठ से गोपाल स्वामी ने कहा कि बुद्धि ही आदमी से अच्छे-बुरे कार्य करवाती है। इसलिए सद्बुद्धि के लिए सज्जन लोगों के साथ रहे और अच्छी पुस्तकों का अध्ययन करें। उन्होंने कहा कि मन को स्थूल शरीर और ग्यारहवीं इन्द्री कहा गया है। कबीर ने कहा था कि वे उन संतों के दास है जिन्होंने मन को मार लिया। मन को जीते बिना विद्वान या महापुरुष नहीं बन सकता है। पुस्तकों का ज्ञान रखना विद्वता नहीं है। मन बहुत बड़ी ठगी में आ जाता है। मन बड़ा चंचल है यह पूजन में नहीं लगता। मन को वश में रखने के लिए ऋषियों ने साधना का विधान बताया है।

इससे पूर्व गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओमप्रकाश अग्रवाल, गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ के मुख्य ट्रस्टी धर्म सिंह राजावत, वेदना निवारण केंद्र के व्यवस्थापक आरडी गुप्ता एवं अन्य ने वेदमाता गायत्री और गुरु सत्ता के चित्र के समक्ष पूजन कर प्रज्ञा पुराण का शुभारंभ किया। शांतिकुंज हरिद्वार के पुष्कर जोन की टोली के उद्गाता बंधुओं ने प्रज्ञा गीतों की स्वर लहरियां बिखेरी। कार्यक्रम का संचालन मणिशंकर पाटीदार और प्रहलाद शर्मा ने किया। गायत्री कचोलिया ने गुरु वंदना प्रस्तुत की।

नहर के गणेशजी मंदिर में भव्य फूल बंगला झांकी सजी, भक्ति रस में सराबोर हुई संध्या

वेद स्वाध्याय पीठ के आचार्यों एवं 500 शिष्यों का हुआ सम्मान, देर रात तक गूंजते रहे भजन

जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित नगर के प्राचीन एवं श्रद्धा के प्रमुख केंद्र सिद्धिप्रदाता दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी मंदिर में बुधवार को विशाल फूलबंगला महोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में दिनभर चले धार्मिक अनुष्ठानों और सायंकालीन भक्ति कार्यक्रमों में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर महंत पं. जय शर्मा के सान्निध्य तथा मंदिर युवाचार्य पं. मानव शर्मा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सुबह भगवान गणेश की विशेष पूजा-अर्चना से हुई। गणेशजी महाराज को नवीन पोशाक एवं रजत मुकुट धारण करवाकर विशेष आरती की गई। इसके बाद मोगरा, रजनीगंधा, गुलाब, हजारा, नवरंगा, आसापाला तथा विभिन्न विदेशी पुष्पों से भगवान का मनोहारी श्रृंगार कर भव्य फूलबंगला झांकी सजाई गई। सायंकाल पांच बजे आयोजित फूलबंगला आरती के दौरान मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। रंग-बिरंगे पुष्पों से सुसज्जित गणपति की अलौकिक झांकी ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर दर्शन किए और मंगलकामनाओं के साथ पूजा-अर्चना की।

आरती के बाद बही भजनों की रसधारा

मंदिर परिसर के जगमोहन में आरती के बाद विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में देश और प्रदेश के ख्यातनाम शास्त्रीय, उपशास्त्रीय एवं सुगम संगीत कलाकारों ने गणपति वंदना और भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सरस्वती देवी एवं उनकी बहन, पारिक बंधु, आकांक्षा राव, गोपाल सिंह राठौड़, गोपाल खींची, सांवराजी कथक, खुशी, भावना, हेमराज, रतनलाल, वाहिद खान पिंटू, बुंदू खान और मुकेश मीणा सहित अनेक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

इन्होंने की संगत

वाद्य संगीत की प्रस्तुतियों ने भी विशेष आकर्षण बटोरा। सेक्सोफोन पर अंबालाल, वायलिन पर संजीव शर्मा, सितार पर किशन कथक तथा तबले पर दिनेश खींची, दिलशाद खान, सद्दाम खान और विजय बारेठ ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मंच संचालन राजेश आचार्य और आर.डी. अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर वेद स्वाध्याय पीठ, ब्रह्मपुरी के आचार्य पंडित योगेश पारिक एवं पंडित महेश शर्मा सहित पीठ के 500 बालक-बालिका शिष्यों का मंदिर परिवार द्वारा सम्मान किया गया। सभी आचार्यों और विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें प्रसादी भी वितरित की गई। कार्यक्रम के अंत में मंदिर परिवार ने सभी आमंत्रित कलाकारों, आचार्यों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धर्म, संस्कृति और वैदिक परंपराओं के संरक्षण के ऐसे आयोजनों को समाज की आध्यात्मिक चेतना के लिए महत्वपूर्ण बताया। श्रद्धा, संगीत और भक्ति के अद्भुत संगम के रूप में संपन्न यह महोत्सव भक्तों के लिए अविस्मरणीय बन गया।

गीता गायत्री मंदिर मे भागवत कथा का शुभारंभ

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। गलता गेट स्थित मंदिर श्री गीता गायत्री में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सान्निध्य में गलता गेट स्थित कनक बिहारी मंदिर से कलश , पोथी यात्रा निकाली गई संतों-महंतों के सान्निध्य में निकली कलश यात्रा में 151 से अधिक महिलाएं एक ही रंग के परिधान पहनकर चल रहीं थी। श्रद्धालु सिर पर गीता रखकर भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे।

प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि व्यासपीठ पर श्री धाम वृंदावन के पं. श्याम नारायण शास्त्री ने भागवत कथा के महात्म्य का श्रवण करवाया। संत समाज अध्यक्ष सिया रामदास महाराज, घाट के बालाजी मंदिर के सुदर्शनाचार्य महाराज, नहर के गणेश जी मंदिर के महंत जय कुमार महाराज, युवाचार्य मानव शर्मा, श्री श्याम प्राचीन मंदिर के महंत लोकेश मिश्रा सहित अन्य संतों-महंतों ने व्यास पीठ का पूजन किया।

राहगीरों को किया जलजीरा वितरण

जयपुर(महानगर टाइम्स संवाददाता)। बढ़ती गर्मी को देखते हुए यस सोसाइटी की ओर से दुर्गापुरा बस स्टैंड पर जलजीरा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व यस सोसाइटी के अध्यक्ष आशीष सराफ ने किया। संयोजक हरीश खड़िया ने बताया कि इस अवसर पर सोसाइटी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने राहगीरों एवं आमजन को शीतल जलजीरा वितरित कर गर्मी से राहत प्रदान की। इस अवसर पर तपन गुप्ता, रोहित अजमेरा, ललित भारद्वाज, राजेन्द्र कुमावत, डीडी सैनी, बचू सैनी, दिव्यांशु श्रीमाल, राजेश कुमावत, प्रेम बदेतिया, सुभाष अग्रवाल, हंसराज सैनी, रूपसिंह कुमावत, दीपक बेदिल एवं धनराज महावर सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पुष्प वर्षा के बीच राष्ट्रीय गौ सम्मान संकल्प यात्रा रवाना

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय गौ सम्मान संकल्प यात्राः 11 ज्योतिर्लिंग पीठाधीश्वर संवाद अभियान को श्रद्धा, उत्साह और जयघोष के वातावरण में रवाना हुई। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं गौभक्तों ने यात्रा दल पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा गौ संरक्षण एवं राष्ट्रहित के इस अभियान की सफलता के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

यात्रा की रवानगी से पूर्व सभी श्रद्धालुओं एवं यात्रा दल के सदस्यों ने टोंक रोड सांगानेर स्थित श्री पिंजरापोल गौशाला में भगवान काल भैरव की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वैदिक मंत्रोच्चार और गौमाता के जयकारों के बीच यात्रा के सफल एवं मंगलमय संचालन की प्रार्थना की गई। उपस्थित जनसमूह ने यात्रा में शामिल प्रतिनिधियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभ यात्रा की बधाई दी।

परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में परिषद की संयुक्त सचिव मोनिका चतुर्वेदी गुप्ता सहित गौसेवा, कृषि, ग्रामीण विकास एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि शामिल हैं। 15 जून तक चलने वाली यह यात्रा देश के प्रमुख ज्योतिर्लिंगों, संतों और धर्माचार्यों से संवाद स्थापित कर राष्ट्रीय गौ सम्मान घोषणा-पत्र तैयार करेगी, जिसे केंद्र एवं राज्य सरकारों को सौंपा जाएगा।

ये होंगे यात्रा के प्रमुख पड़ाव

यात्रा के प्रमुख पड़ावों में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं कालभैरव मंदिर (उज्जैन), ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, शिर्डी साईं बाबा समाधि मंदिर, त्रयबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, शनि शिंगणापुर तथा पंचवटी (नासिक) शामिल हैं। यात्रा के दौरान ज्योतिर्लिंग पीठाधीश्वरों, संत-महात्माओं, गौशाला संचालकों, कृषकों और सामाजिक संगठनों से संवाद कर गौ संरक्षण, गौ संवर्धन, प्राकृतिक कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक पुनर्जागरण से जुड़े सुझाव एकत्र किए जाएंगे।

राष्ट्रीय सांस्कृतिक धरोहर घोषित हो गौमाता

डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय गौ सम्मान संकल्प यात्रा का उद्देश्य गौमाता को राष्ट्रीय सांस्कृतिक धरोहर घोषित कराने के लिए जनमत तैयार करना, गौहत्या निषेध कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राष्ट्रीय सहमति विकसित करना तथा गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस पहल करना है। यात्रा के दौरान तैयार किए जाने वाले राष्ट्रीय गौ सम्मान घोषणा-पत्र में राष्ट्रीय गौ आयोग को संवैधानिक दर्जा देने, गौशालाओं के लिए पृथक राष्ट्रीय नीति बनाने, गौ आधारित प्राकृतिक खेती को राष्ट्रीय मिशन घोषित करने, प्रत्येक राज्य में गौ संरक्षण एवं संवर्धन प्राधिकरण गठित करने तथा पंचगव्य आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया जाएगा।

रिहायशी क्षेत्र में मौत की फैक्ट्री!

सुरक्षा मानकों और प्रशासनिक निगरानी पर उठे गंभीर सवाल

जयपुर के खोह नागोरियान इलाके में हुए भीषण अग्निकांड ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। घनी आबादी से भरे एक रिहायशी इलाके में अवैध रूप से संचालित पटाखा निर्माण एवं भंडारण इकाई में अचानक लगी आग ने पूरे इलाके को दहला दिया। जिसके बाद तेज धमाके होने लगे। इस दर्दनाक हादसे में जिन 8 लोगों की मौत हुई उनमें एक बच्चा ऐसा भी था जो गरीब में पसीने से तरबतर मजदूरों को पानी पिलाने आया था। लेकिन आग की लपटों में वह भी जिंदा भस्म हो गया। और कई अन्य गंभीर रूप से झुलस गए हैं। राहत और बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम किया। आग लगने के बाद कुछ ही मिनटों में तेज विस्फोट होने लगे, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि मौके पर मौजूद लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। फायर ब्रिगेड, पुलिस और प्रशासन की टीमों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित किया। प्रशासनिक अधिकारियों की शुरुआती जांच में सामने आया है कि जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां पटाखों का निर्माण या भंडारण नियमों के विपरीत किया जा रहा था। लेकिन इस सवाल से सभी हुकमरान नजर चुरा रहे हैं कि कई महीनों से चल रही मौत की इस फैक्ट्री पर समय रहते किसी जिम्मेदार का ध्यान क्यों नहीं गया! रिपोर्ट्स के अनुसार, यह इकाई रिहायशी क्षेत्र में संचालित हो रही थी, जिससे हादसे का खतरा कई गुना बढ़ गया। अब यह जांच का विषय है कि इस तरह की गतिविधि लंबे समय तक बिना कार्रवाई के कैसे चलती रही। यह घटना केवल एक हादसा नहीं, बल्कि सुरक्षा मानकों और प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

जयपुर के खोह नागोरियान इलाके में हुए भीषण अग्निकांड ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। घनी आबादी से भरे एक रिहायशी इलाके में अवैध रूप से संचालित पटाखा निर्माण एवं भंडारण इकाई में अचानक लगी आग ने पूरे इलाके को दहला दिया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां पटाखों का निर्माण या भंडारण नियमों के विपरीत किया जा रहा था। लेकिन इस सवाल से सभी हुकमरान नजर चुरा रहे हैं कि कई महीनों से चल रही मौत की इस फैक्ट्री पर समय रहते किसी जिम्मेदार का ध्यान क्यों नहीं गया! प्रारंभिक तौर पर दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। लेकिन क्या इस लापरवाही के लिए ऊपर के अमले की भी कोई जवाबदेही तय की जाएगी!

विशेषज्ञों का मानना है कि विस्फोटक सामग्री से जुड़े उद्योगों या गोदामों को आबादी वाले क्षेत्रों से दूर और तय मानकों के तहत संचालित किया जाना चाहिए। अवैध भंडारण और सुरक्षा नियमों की अनदेखी छोटे हादसों को बड़े अग्निकांड में बदल सकती है। राजस्थान में इससे पहले भी अवैध पटाखा इकाइयों में आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। ऐसे में विशेषज्ञ नियमित निरीक्षण, लाइसेंस सत्यापन और स्थानीय स्तर पर निगरानी बढ़ाने की जरूरत पर जोर दे रहे हैं। लेकिन इस सबके बाद भी सरकारीतंत्र की तंद्रा शायद ही टूटे। जयपुर के खो नागोरियान क्षेत्र में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट और आगजनी की घटना के बाद पुलिस ने आनन-फानन में अपनी खाल बचाने के लिए ही सही पूरे इलाके में बड़े स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को पुलिस की विभिन्न टीमों ने कई स्थानों पर दबिश देकर संदिग्ध गोदामों और पटाखा निर्माण इकाइयों की जांच की, जहां से भारी मात्रा में बारूद और पटाखा बनाने में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अब तक चार से अधिक गोदामों और फैक्ट्रियों पर कार्रवाई की जा चुकी है। शुरुआती जांच में बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिलने के बाद कई स्थानों को जांच के दायरे में लिया गया है। पुलिस ने तीन गोदामों को प्राथमिक तौर पर अवैध गतिविधियों से जुड़ा मानते हुए उनकी विस्तृत जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि संबंधित भवनों के मालिकों, किराएदारों और संचालन से जुड़े लोगों की पहचान की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इन स्थानों पर लाइसेंस के बिना विस्फोटक सामग्री का भंडारण तो नहीं किया जा रहा था। जब्त किए गए बारूद और अन्य सामग्री का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद संबंधित आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम, आपराधिक लापरवाही और अन्य प्रासंगिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का मानना है कि खो नागोरियान अग्निकांड की जांच के दौरान अवैध पटाखा निर्माण और विस्फोटक सामग्री के बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है। इसी कारण पूरे क्षेत्र में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। लेकिन क्या मौत का यह सामान एक दिन में ही इकट्ठा हुआ या फिर बारूद के ढेर पर बैठे लोगों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया तो इसका जवाबदेह कौन है! राजधानी के विस्तार के साथ ही दूरदराज इलाकों तक घनी आबादी की बसावट होने के बाद बेशक पुलिस थाने और चौकियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई हो लेकिन पुलिस का गुप्तचर तंत्र पूरी तरह विफल हो गया इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। वरना क्या कारण है कि पुलिस थाने से महज 2 किमी की दूरी पर मौत का जखीरा भरा पड़ा रहा लेकिन किसी को कानोंकान इसकी खबर तक नहीं हुई! कमोबेश ऐसा ही भयावह मंजर पिछले दिनों दिल्ली के मालवीय नगर स्थित हौजरानी क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड में सामने आया। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि हमारे यहां हादसे अचानक नहीं होते बल्कि उन्हें पैदा किया जाता है। 21 लोगों की दर्दनाक मौत, दर्जनों घायल, धुएं में घुटती सांसें, तीसरी मंजिल से जान बचाने के लिए छलांग लगाते लोग और बेसमेंट के बाहर बंद पड़ा निकास द्वार, यह केवल एक दुर्घटना नहीं बल्कि प्रशासनिक विफलता, भ्रष्ट व्यवस्था और नियमों की खुलेआम हत्या का भयावह परिणाम था। दुखद यह है कि यह कोई नई कहानी नहीं है। बार-बार अग्निकांडों में गरीब-गुरबों की जिंदगी जलती है, लोग बार-बार मरते हैं, जांच समितियां बनती हैं, मुआवजे घोषित होते हैं और फिर सब कुछ पहले जैसा हो जाता है। दिल्ली मालवीय नगर का हादसों हो या फिर जयपुर के खोनागोरियान की ताजा घटना में जो शुरुआती तथ्य सामने आए, वे किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर देने वाले हैं। लेकिन क्या हम इन दर्दनाक और बेहद दुखद घटनाओं से कोई सबक लेकर भविष्य के लिए कोई पुख्ता व्यवस्था करेंगे इस पर फिलहाल विश्वास करना मुश्किल है। क्योंकि खोनागोरियान रिहायशी क्षेत्र में मौत का जखीरा भरकर बैठे आरोपी घटना को 36 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। प्रारंभिक तौर पर दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। लेकिन क्या इस लापरवाही के लिए ऊपर के अमले की भी कोई जवाबदेही तय की जाएगी!

सामूहिक सोच और स्वप्न का समय

नितिन नवीन, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र की सत्ता में विश्वास, विकास और जन-कल्याण को समर्पित अपने 12 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। 'संकल्प से सिद्धि' का यह गौरवशाली कालखंड देश के विकास, आर्थिक सशक्तीकरण, सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा में अभूतपूर्व वृद्धि का साक्षी रहा है।

कांग्रेस देश को अनिश्चितता, भ्रष्टाचार व कमजोर नेतृत्व की विरासत देकर गई थी, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को आत्मविश्वास, सुशासन और विकास की नई पहचान दी है। आज दुनिया भारत को एक क्षेत्रीय ताकत नहीं, बल्कि 21वीं सदी की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में देख रही है। प्रधानमंत्री के लिए राजनीति 'परिवार नहीं, राष्ट्र प्रथम' और 'सत्ता नहीं, सेवा प्रथम' का मार्ग रही है। अगर हम दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के इतिहास को देखें, तो उनकी सफलता के पीछे जो एक मूलमंत्र नजर आता है, वह है उस राष्ट्र का 'सामूहिक स्वप्न'। भारत के संदर्भ में, 2014 में पहली बार सवा सौ करोड़ की विशाल जनता को इस सामूहिक चेतना के सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री मोदी ने किया।

देश को पहला ऐसा नेतृत्व मिला है, जो एक प्रधान सेवक के भाव से 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के महासंकल्प को लेकर निरंतर आगे बढ़ रहा है। साल 2014 में उन्होंने पहले राष्ट्र को एक सामूहिक सोच दी, फिर जन-विश्वास के बल पर उस सोच को सामूहिक संकल्प में बदला और आज वही संकल्प विकसित भारत के रूप में एक विराट सामूहिक स्वप्न का रूप ले चुका है। इस महापरिवर्तन की शुरुआत बुनियादी ढांचे के विकास में अभूतपूर्व क्रांति से हुई। साल 2014 से पहले भारत बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा था। आज जमीनी स्तर पर बदलाव का परिणाम है कि देश में 12 करोड़ से अधिक शौचालय बने, लगभग शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हुआ, एक्सप्रेस-वे नेटवर्क सात गुना बढ़ा और हवाईअड्डे 74 से बढ़कर 160 हो गए।

यह कालखंड मानसिक गुलामी से वास्तविक मुक्ति का साक्षी है। लोक कल्याण मार्ग, कर्तव्य पथ व सेवा तीर्थ का नामकरण और योग की वैश्विक लोकप्रियता इसके प्रमाण हैं। एक समय था, जब देश के शीर्ष नेतृत्व ने तत्कालीन 54 करोड़ की आबादी को बोझ माना था, पर प्रधानमंत्री मोदी मानते हैं कि 140 करोड़ देशवासी भारत की विकास-गाथा की सबसे मजबूत कड़ी हैं। इसी सोच के तहत उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संकल्प को पूरा करते हुए अनुच्छेद 370 को हमेशा के लिए निरस्त किया। आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर उन्होंने नक्सलवाद व आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई गई। कोरोना काल में 220 करोड़ से अधिक मुफ्त वैक्सीन डोज व 'वैक्सीन मैत्री' ने विश्व स्तर पर उभरते भारत की क्षमता का परिचय दिया।

आज का भारतीय युवा 'जॉब सीकर' नहीं, 'जॉब गीवर' बन रहा है। दो लाख से अधिक स्टार्टअप और 125 से ज्यादा यूनिकॉर्न के साथ भारत 'मैनपावर' से 'मैन्युफैक्चरिंग पावर' की ओर बढ़ रहा है। इसी प्रकार, देश महिला विकास से आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का साक्षी बन रहा है, जहां तीन करोड़ से अधिक लखपति दीदियां और सुरक्षा बलों में महिला अधिकारियों की चार गुना वृद्धि नारी-शक्ति के स्वावलंबन को दर्शाती है।

गरीब कल्याण के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं ने वंचितों के दुश्चक्र को गुणात्मक चक्र में बदल दिया है, जिससे 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। चार करोड़ पक्के घर, 60 करोड़ नागरिकों को आयुष्मान कवच और पीएम मुद्रा योजना के तहत 40 लाख करोड़ रुपए का कोलेटरल-फ्री लोन इसका आधार बना। डिजिटल क्रांति ने 'एक रुपए में से सिर्फ 15 पैसे पहुंचने' के पुराने दौर को समाप्त कर डीबीटी के माध्यम से 51 लाख करोड़ रुपए सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजे गए।

जनधन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी और यूपीआई के जरिए आज 314 लाख करोड़ रुपए का वार्षिक डिजिटल लेन-देन हो रहा है, जो वैश्विक स्तर का 49 फीसदी है। इसी तरह, प्रकृति के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हुए भारत ने स्वच्छ भारत अभियान, एक पेड़ मां के नाम और सौर क्षमता को 110 गीगावाट से अधिक पहुंचाकर हरित धरती के संकल्प को सिद्ध किया है।

आज देश के सीमावर्ती क्षेत्रों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली है। कभी देश के अंतिम गांव कहे जाने वाले ये क्षेत्र आज भारत के प्रथम गांव के रूप में नई पहचान पा चुके हैं। इसके साथ ही आज भारत की सैन्य क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और हमारी सेनाएं अत्याधुनिक हथियारों से सुसज्जित हैं। 500वर्षों की प्रतीक्षा के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम और महाकाल महालोक का जीर्णोद्धार हमारे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की उस सभ्यतागत चेतना का पुनर्जागरण है, जो प्रधानमंत्री के मूलमंत्र 'विकास भी, विरासत भी' को पूरी सार्थकता से साकार कर रहा है। पिछले 12 वर्षों में देश के सोचने का नजरिया बदला है। आज के भारत का मिजाज ऐसा है, जहां 'इंटरप्रेंयोर' बनना एक ट्रेंड है, और 'वोकल फॉर लोकल' से लेकर 'मेक इन इंडिया' को अपनाना हर नागरिक का फैशन बन चुका है। आज देश में आध्यात्मिक पर्यटन का एक नया उभार दिख रहा है और सबसे महत्वपूर्ण बात, राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ सामूहिक संकल्प को पूरा करना देश का मानस बन चुका है। इन तमाम सकारात्मक बदलावों के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भूमिका एक 'ट्रेंड सेटर' की रही है। आज भारत न केवल आंतरिक रूप से निरंतर सशक्त हो रहा है, बल्कि वैश्विक पटल पर भी एक महाशक्ति के रूप में तेजी से उभरा है। जब हमारे प्रधानमंत्री को विश्व के 32 देशों का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त होता है, तब यह वास्तव में उस सनातन भारतीय सोच और 140 करोड़ देशवासियों के पुरुषार्थ का सम्मान है। यही कारण है कि आज विकसित भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री की उस दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसे भारत के लोगों ने अटूट विश्वास और संकल्पित भाव से आत्मसात किया है। सरकार के ये 12 वर्ष जहां सेवा, सुशासन और जन-आकांक्षाओं की पूर्ति के रहे हैं, वहीं अगले 21 वर्ष 'विकसित भारत @ 2047' के परम लक्ष्य को हासिल करने की यात्रा होंगे। इस अमृतकाल में हम सभी देशवासी मिलकर एक सशक्त, समृद्ध, सुरक्षित, स्वावलंबी, समर्थ और समरस भारत के सामूहिक स्वप्न को अवश्य साकार करेंगे।

ग्रेट निकोबार परियोजना के जरिए मोदी ने चला बड़ा मास्टरस्ट्रोक, हिंद महासागर के बीचोंबीच होगा भारत का सबसे बड़ा सैन्य किला

नीरज कुमार दुबे

मोदी सरकार ने हिंद महासागर में ऐसा दांव चला है, जिसने चीन की सबसे बड़ी रणनीतिक चिंता बढ़ा दी है। ग्रेट निकोबार में बनने वाला भारत का नया सैन्य और आर्थिक हब अब दुश्मनों के लिए खुली चेतावनी बन चुका है। जिस समुद्री रास्ते से दुनिया का सबसे बड़ा तेल और व्यापार गुजरता है, वहां अब भारत अपनी ताकत का स्थाई पहरा बैठाने जा रहा है। साफ है कि मोदी सरकार हिंद महासागर में भारत को सिर्फ मजबूत नहीं, बल्कि सबसे प्रभावशाली ताकत बनाने की तैयारी में जुट चुकी है।



हम आपको याद दिला दें कि केंद्र सरकार ने पिछले वर्ष जिस हरित क्षेत्र हवाई अड्डे को मंजूरी दी थी, वह अगले पांच वर्षों में तैयार होने की उम्मीद है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह हवाई अड्डा भारतीय नौसेना के संचालन नियंत्रण में रहेगा। यानी यह केवल नागरिक उड़ानों का केंद्र नहीं होगा, बल्कि हिंद महासागर में भारत की सैन्य शक्ति का नया अग्रिम मोर्चा बनेगा। यह दोहरे उपयोग वाला हवाई अड्डा भारत की समुद्री निगरानी क्षमता, सैन्य पहुंच और त्वरित कार्रवाई की ताकत को कई गुना बढ़ा देगा।

हम आपको बता दें कि ग्रेट निकोबार की यह परियोजना चार बड़े स्तंभों पर आधारित है। इनमें अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह, आधुनिक नगर, ऊर्जा संयंत्र और नौसैनिक हवाई अड्डा शामिल हैं। यह पूरा ढांचा भारत को उस समुद्री क्षेत्र में स्थाई उपस्थिति देगा, जहां से दुनिया के दो तिहाई तेल व्यापार और आधा कंटेनर यातायात गुजरता है। ग्रेट निकोबार केवल चालीस किलोमीटर दूर स्थित है उस सिक्स डिग्री चैनल से, जो अदन की खाड़ी से मलक्का जलडमरूमध्य तक फैले समुद्री व्यापार मार्ग का सबसे संवेदनशील हिस्सा माना जाता है। यही वह इलाका है जहां चीन लगातार अपनी घुसपैठ बढ़ा रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र में कई बाहरी ताकतें आर्थिक और सैन्य दबदबा बनाने में जुटी हैं। ऐसे में मोदी सरकार का यह कदम भारत को दक्षिण पूर्वी हिंद महासागर में निर्णायक बढ़त देगा। यानी अब भारत इस पूरे क्षेत्र में सुरक्षा साझेदार और संकट के समय सबसे पहले सहायता पहुंचाने वाली ताकत के रूप में उभरेगा।

रक्षा सूत्रों का साफ कहना है कि यह परियोजना 30 वर्ष पहले ही पूरी हो जानी चाहिए थी, लेकिन पिछली सरकारों की सुस्ती और दूरदृष्टि की कमी के कारण भारत ने बहुमूल्य समय गंवा दिया। अब मोदी सरकार उस रणनीतिक भूल को सुधार रही है। यह परियोजना भारत को अपने सैन्य संसाधनों की तेज आवाजाही, अग्रिम रसद आपूर्ति और समुद्री निगरानी में अभूतपूर्व क्षमता देगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि ग्रेट निकोबार के आसपास समुद्र में विशाल हाइड्रोकार्बन भंडार भी हो सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो यह परियोजना भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी ऐतिहासिक साबित होगी। यानी यह केवल सैन्य ताकत का सवाल नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता का भी बड़ा आधार बनेगी।

साथ ही मोदी सरकार ने उन आलोचनाओं को भी करारा जवाब दिया है, जिनमें इस परियोजना को केवल व्यावसायिक योजना बताकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही थी। रक्षा सूत्रों ने साफ कहा है कि इसे केवल कारोबारी परियोजना कहना भौगोलिक अज्ञानता का प्रमाण है। यह परियोजना सामरिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से भारत के भविष्य की धुरी है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी परियोजनाएं पूरी पारदर्शिता और विधिवत ठेका प्रक्रिया के तहत संचालित की जा रही हैं। हम आपको बता दें कि परियोजना के विभिन्न हिस्सों पर तेजी से काम चल रहा है। कंटेनर बंदरगाह के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नगर परियोजना पर व्यय वित्त समिति की बैठक हो चुकी है, जबकि द्रवीकृत प्राकृतिक गैस आधारित ऊर्जा संयंत्र की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। इससे स्पष्ट है कि मोदी सरकार केवल घोषणाएं नहीं कर रही, बल्कि जमीन पर तेजी से अमल भी कर रही है।

इसके साथ ही पर्यावरण को लेकर उठे सवालों पर भी सरकार ने तथ्यात्मक जवाब दिया है। पर्यावरण प्रभाव आकलन के अनुसार पूरे द्वीप के केवल 166.1 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को विकास के लिए चिह्नित किया गया है, जबकि 81.74 प्रतिशत क्षेत्र राष्ट्रीय उद्यान, जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र, वन और जनजातीय संरक्षण क्षेत्रों के रूप में सुरक्षित रहेगा। वन क्षेत्र के उपयोग में भी आधे से अधिक हिस्से को हरित क्षेत्र के रूप में सुरक्षित रखा जाएगा, जहां पेड़ों की कटाई नहीं होगी। इसके साथ ही वन्यजीवों, प्रवाल भित्तियों और मैंग्रोव संरक्षण के लिए तीस वर्षों में दो हजार दो सौ बीस करोड़ रुपये से अधिक का विशेष संरक्षण कार्यक्रम भी तैयार किया गया है। लेदरबैक कछुए, निकोबार मेगापोड और मगरमच्छों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस तरह स्पष्ट है कि ग्रेट निकोबार परियोजना मोदी सरकार का केवल विकास अभियान नहीं, बल्कि भारत की समुद्री शक्ति का नया शंखनाद है। यह वह मास्टरस्ट्रोक है जो आने वाले दशकों में हिंद महासागर की रणनीतिक तस्वीर बदल सकता है। भारत अब अपने समुद्री हितों की रक्षा केवल तटों से नहीं करेगा, बल्कि समुद्र के बीचोंबीच अपनी निर्णायक उपस्थिति दर्ज कराएगा।

राशिफल

आज दिनांक 11 जून, 2026, गुरुवार, विक्रम संवत् 2083, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष एकादशी, रेवती नक्षत्र, बव करण, शोभन योग, राहुकालः दोपहर 2:06 से 3:47 बजे, सूर्योदय सुबह 5:23 बजे, सूर्यास्त सायं 7:19 बजे, चंद्रोदय सुबह 2:00 बजे, चंद्रास्त शाम 3:12 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:13 बजे से 12:22 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:06 से 5:54 बजे तक, चंद्रमा मीन राशि में संचार करेगा।

दिखावे के चक्कर में अधिक धन खर्च होगा, लेकिन जरूरी काम समय पर पूरे होंगे। इसके अलावा दांपत्य जीवन रात तक अच्छा चलेगा। आज आपको आपको अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। क्रोध से दूर रहना आवश्यक है। नौकरीपेशा जातकों की स्थिति आज अच्छी रहेगी और कारोबार में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

सोच-समझकर लिए गए फैसले लाभ पहुंचाएंगे। इसके अलावा कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा, लेकिन दिन के अंत में धन की कमी का अहसास हो सकता है। लोगों के दिलों में आपके लिए प्यार रहेगा और आप अपने काम में आज बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।

समय पर किसी कार्य के पूरा न होने से परेशान रहेंगे। इसके अलावा आलस और नकारात्मकता आपके ऊपर हावी रहेगी। घर बदलने की सोच रहे हैं तो थोड़ा धैर्य रखें। आप अपने काम को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। शादीशुदा लोग अपने गृहस्थ जीवन में संतुष्ट नजर आएंगे। नौकरी करने वाले लोगों को आज कुछ अच्छी बातें सुनने को मिलेंगी।

सही समय पर लिए गए फैसले बिगड़े काम को बनाएंगे। इसके अलावा आर्थिक स्थिति में सुधार और सेहत से जुड़ी परेशानियां दूर होंगी। नई नौकरी के लिए किया गया प्रयास सफल होगा। शादीशुदा लोग अपने गृहस्थ जीवन में संतुष्ट नजर आएंगे। आज आपको मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी और मन प्रसन्न रहेगा।

आज आपका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर रहेगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव भरा दिन रहेगा, लेकिन आयात-निर्यात करने वालों को आज बड़ा फायदा होगा। प्रेम जीवन में कुछ गलतफहमियां हो सकती हैं, फिर भी आप अपने प्रिय की नाराजगी को दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। घर में माता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। इनका ध्यान रखें, भाग्य प्रबल होगा।

व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

आज चुनौतियां सामने आ सकती हैं, लेकिन आप उन्हें समझदारी और आत्मविश्वास से संभाल लेंगे। किसी भी विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत का रास्ता अपनाएं। जल्दबाजी में लिए गए फैसले नुकसानदेह हो सकते हैं। आय के नए स्रोत बनने के योग हैं।



स्वास्थ्य को लेकर मन थोड़ा चिंतित रह सकता है। तनाव से बचने के लिए परिवार और प्रियजनों के साथ समय बिताएं। प्रोफेशनल लाइफ में नेटवर्किंग से नए अवसर मिलेंगे। करियर की बाधाएं दूर होंगी। बिजनेस में किसी पर आंख मूंदकर भरोसा न करें, धन हानि हो सकती है।



आज सोच-समझकर चुनाव करना आपको स्टेबिलिटी बनाए रखने और अपनी फाइनेंशियल सिक्योरिटी बढ़ाने में मदद करेगा। आज आपको मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी और मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी करने वाले लोगों को आज कुछ अच्छी बातें सुनने को मिलेंगी।



ग्रहों की स्थिति आज आपको पूरे आत्मविश्वास से भर देगी, जिससे काम आसानी से बनेंगे और व्यापार में आज आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आर्थिक रूप से दिन मजबूत रहेगा। आय में वृद्धि होगी और नौकरीपेशा जातक अपने उच्च अधिकारियों से निकटता का लाभ उठा सकेंगे।

व्यापार में आपको कोई बड़ी डील मिल सकती है, क्योंकि आपको बड़ा मुनाफा होगा। सेहत अच्छी रहेगी। बस खानेपीने पर थोड़ा ध्यान दें। अपच से बचें। परिवार के छोटे सदस्य आपका सहयोग करेंगे और परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।



आज सोच-समझकर चुनाव करना आपको स्टेबिलिटी बनाए रखने और अपनी फाइनेंशियल सिक्योरिटी बढ़ाने में मदद करेगा। आज आपको मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी और मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी करने वाले लोगों को आज कुछ अच्छी बातें सुनने को मिलेंगी। किसी लंबी यात्रा की योजना बनेगी। लव लाइफ सुखद रहेगी।

अप्रत्याशित सफलताओं का आधार प्रचंड मनोबल!

प्रेरक प्रसंग

एक बार की बात है गौतम बुद्ध अपने भिक्षुओं के साथ विहार करते हुए शाल्यवन में एक वट वृक्ष के नीचे बैठ गए। धर्म चर्चा शुरू हुयी और उसी क्रम में एक भिक्षु ने उनसे प्रश्न किया- 'भगवन्! कई लोग दुर्बल और साधनहीन होते हुए भी कठिन से कठिन परिस्थितियों को भी मात देते हुए बड़े-बड़े कार्य कर जाते हैं, जबकि अच्छी स्थिति वाले साधन संपन्न लोग भी उन कार्यों को करने में असफल रहते हैं। इसका क्या कारण हैं? क्या पूर्वजन्मों के कर्म अवरोध बन कर खड़े हो जाते हैं?'

'नहीं' बुद्ध ने समझाते हुए कहा, और एक प्रेरक कथा सुनाने लगे- 'विराट् नगर के राजा सुकीर्ति के पास लौहशांग नामक एक हाथी था। राजा ने कई युद्धों में इस पर आरूढ़ होकर विजय प्राप्त की थी। शैशव से ही लौहशांग को इस तरह प्रशिक्षित किया था कि वह युद्ध कला में बड़ा प्रवीण हो गया था। सेना के आगे चलते हुए पर्वताकार लौहशांग जब अपनी क्रुद्धावस्था में प्रचंड हुंकार भरता हुआ शत्रु सेनाओं में घुसता था तो देखते ही देखते विपक्षियों के पांव उखड़ जाते थे।

धीरे-धीरे समय से साथ जिस तरह जन्म के बाद सभी प्राणियों को युवा और जरावस्था से गुजरना पड़ता है, उसी क्रम से लौहशांग भी वृद्ध होने लगा, उसकी चमड़ी झूल गई और युवावस्था वाला पराक्रम जाता रहा। अब वह हाथीशाला की शोभा मात्र बनकर रह गया। उपयोगिता और महत्व कम हो जाने के कारण उसकी ओर पहले जैसा ध्यान भी नहीं था। उसे मिलने वाले भोजन में कमी कर दी गई। एक बूढ़ा सेवक उसके भोजन पानी की व्यवस्था करता, वह भी कई बार चूक कर जाता और हाथी को भूखा प्यासा ही रहना पड़ता।

बहुत प्यासा होने और कई दिनों से पानी न मिलने के कारण एक बार लौहशांग हाथीशाला से निकल कर पुराने तालाब की ओर चल पड़ा, जहां उसे पहले कभी प्रायः ले जाया करता था। उसने भरपेट पानी पीकर प्यास बुझाई और गहरे जल में स्नान के लिए चल पड़ा। उस तालाब में कीचड़ बहुत था दुर्भाग्य से वृद्ध हाथी उसमें फंस गया। जितना भी वह निकलने का प्रयास करता उतना ही फंसता जाता और आखिर गर्दन तक कीचड़ में फंस गया।

यह समाचार राजा सुकीर्ति तक पहुंचा, तो वे बड़े दुःखी हुए। हाथी को निकलवाने के कई कई प्रयास किए गए पर सभी निष्फल। उसे इस दयनीय दुर्दशा के साथ मृत्यु मुख में जाते देखकर सभी खिन्न थे। जब सारे प्रयास असफल हो गए, तब एक चतुर मंत्री ने युक्ति सुझाई। इसके अनुसार हाथी को निकलवाने वाले सभी प्रयत्न करने वालों को वापस बुला लिया गया और उन्हें युद्ध सैनिकों की वेशभूषा पहनाई गई। वे वाद्ययंत्र मंगाए गए जो युद्ध अवसर पर उपयोग में लाए जाते थे।

हाथी के सामने युद्ध नगाड़े बजने लगे और सैनिक इस प्रकार कूच करने लगे जैसे वे शत्रु पक्ष की ओर से लौहशांग की ओर बढ़ रहे हैं। यह दृश्य देखकर लौहशांग में न जाने कैसे यौवन काल का जोश आ गया। उसने जोर से चिंघाड़ लगाई तथा शत्रु सैनिकों पर आक्रमण करने के लिए पूरी शक्ति से कंठ तक फंसे हुए कीचड़ को रौंदता हुआ तालाब के तट पर जा पहुंचा और शत्रु सैनिकों पर टूट पड़ने के लिए दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से आखिर उसे नियंत्रित किया गया।

यह कथा सुनाकर तथागत ने कहा- 'भिक्षुओं! संसार में मनोबल ही प्रथम है। वह जाग उठे तो असहाय और विवश प्राणी भी असंभव होने वाले काम कर दिखाते हैं तथा मनुष्य अप्रत्याशित सफलताएं प्राप्त करते हैं।'

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की उन्नति व सुख-शांति के लिए की प्रार्थना

विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता का लिया संकल्प

महानगर टाइम्स संवाददाता

लालसोट। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को लालसोट की पुरानी अनाज मंडी स्थित गोपालजी महाराज मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्र की समृद्धि, जनकल्याण व विकसित भारत के संकल्प की सफलता के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों ने प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु व देश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने विकास, आत्मनिर्भरता, सुशासन व जनसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जिससे देश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम के अंत में देश-प्रदेश की निरंतर उन्नति, सुख-शांति व समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। उपस्थित लोगों ने विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर विधायक रामविलास मीणा, जिला प्रकोष्ठ संयोजक अनिल बेनाड़ा, समाजसेवी भानुप्रकाश चतुर्वेदी, नगर मंडल अध्यक्ष शंभूलाल कुईवाला, तहसीलदार राजेंद्र मीणा, गिरिराज शर्मा, वैद्य दीनदयाल शर्मा, रघु शर्मा, शिवाजी मंडावरी, जागेंद्र बिहारी शर्मा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेश बिहारी, रिंकू शर्मा, पंडित नरसी शर्मा, भानु प्रकाश चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे।

राष्ट्र की प्रगति और खुशहाली के लिए दी आहुतियां

लालसोट उपखंड मुख्यालय के दौलतपुरा में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल की ओर से भव्य देव पूजन व यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। हवन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राष्ट्र की प्रगति, प्रदेश की खुशहाली और देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए आहुतियां दी गईं। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व गणमान्य नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की विकास यात्रा, सुशासन व जनसेवा के कार्यों की सराहना करते हुए विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि बीते 12 वर्षों में भारत ने आत्मनिर्भरता, आधारभूत विकास, सामाजिक कल्याण व वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। '12 साल बेमिसाल' अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश को विकसित, आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के संकल्प को दोहराया गया। कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राम खिलाड़ी मीणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम बैरवा, मंडल महामंत्री सत्यनारायण गुप्ता, गोपाल मीणा, रोशन लाल, भरत लाल, सूरजन लाल, रंगलाल मीणा, वेद ओमप्रकाश शर्मा, निरंजन शर्मा, राजेंद्र सैनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगर परिषद आयुक्त का जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान पर जोर

विभागीय कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

महानगर टाइम्स संवाददाता

सवाई माधोपुर। नगर परिषद सवाई माधोपुर के नवनियुक्त आयुक्त दलीप पूनिया ने बुधवार को कार्यभार संभाला। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। आयुक्त ने शहर के सभी वार्डों में ऑटो टिपर के माध्यम से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही रोड लाइटों के सुचारू संचालन व वर्षा ऋतु को देखते हुए नालों की सफाई कार्य में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जलभराव की स्थिति से बचाव के लिए नालों से अतिक्रमण हटाकर समयबद्ध सफाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में आयुक्त ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने और आमजन से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी विशेष अभियानों की पूर्व तैयारियां समय रहते पूर्ण करने को भी कहा। आयुक्त दलीप पूनिया ने कहा कि नगर परिषद का मुख्य उद्देश्य आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना और शहर को स्वच्छ, सुंदर व व्यवस्थित बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कोटपूतली-किशनगढ़ ग्रीन एक्सप्रेस-वे के विरोध में प्रदर्शन

किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकालकर की परियोजना निरस्त करने की मांग

महानगर टाइम्स संवाददाता

नीमकाथाना। क्षेत्र में प्रस्तावित कोटपूतली-किशनगढ़ ग्रीन एक्सप्रेस-वे को निरस्त करने की मांग को लेकर किसानों ने विशाल ट्रैक्टर रैली निकालकर विरोध-प्रदर्शन किया। रैली भूदोली चौराहे के पास स्थित मालनगर बालाजी मंदिर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से गुजरते हुए एडीएम कार्यालय पहुंची। यहां किसानों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ साख को ज्ञापन सौंपकर परियोजना को तत्काल निरस्त करने की मांग की। रैली से पूर्व में एक मीटिंग आयोजित हुई। इसके बाद रैली रवाना हुई। ट्रैक्टर रैली में किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट, प्रदेश अध्यक्ष मुसद्दीलाल यादव, जिला अध्यक्ष बलदेव यादव सहित बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। इस दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा

कि एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए उनकी कृषि भूमि का अधिग्रहण किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

किसान नेताओं का कहना है कि यह परियोजना किसानों की आजीविका पर सीधा प्रभाव डालेगी और हजारों बीघा उपजाऊ कृषि भूमि प्रभावित होगी। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा कि किसान अपनी जमीन बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जान दे देंगे, लेकिन जमीन नहीं देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि यह एक्सप्रेसवे आम जनता की जरूरत नहीं है, बल्कि चंद लोगों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। रामपाल जाट ने कहा कि पहले से ही समानांतर हाईवे मौजूद है और नए एक्सप्रेसवे से दूरी में केवल 12 से 13 किलोमीटर की ही कमी आएगी, जबकि इसके लिए करीब 6,500 बीघा उपजाऊ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की आजीविका प्रभावित होगी, हरियाली समाप्त होगी और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कंक्रीट व सीमेंट की नई सड़क बनने से वाहनों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे प्रदूषण में वृद्धि होगी और पर्यावरणीय संकट गहरा सकता है। ऐसे में जब पहले से ही समानांतर सड़क उपलब्ध है तो नए एक्सप्रेसवे की आवश्यकता समझ से परे है। किसान महापंचायत के जिला अध्यक्ष बलदेव यादव ने कहा कि किसान अपनी जमीन बचाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। किसानों ने सरकार से मांग की है कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए कोटपूतली-किशनगढ़ ग्रीन एक्सप्रेसवे परियोजना को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए, अन्यथा आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस दौरान अनेक किसान मौजूद रहे।

ब्रह्मलीन होने पर पद्मश्री महंत बैजनाथ महाराज को दी श्रद्धांजलि

महानगर टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। चंचलनाथ टीला आश्रम में शेखावाटी के विख्यात संत व पद्मश्री महंत बैजनाथ महाराज के ब्रह्मलीन होने पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज के सानिध्य में भजन-कीर्तन, पुष्पांजलि व श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। संत समाज व सर्व समाज के लोगों ने महंत बैजनाथ महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।गौरतलब है कि लक्ष्मणगढ़ स्थित श्रद्धानाथ आश्रम के महंत बैजनाथ महाराज को वर्ष 2024 में आध्यात्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। वर्ष 1935 में जन्मे महंत बैजनाथ महाराज 90 वर्ष की आयु में ब्रह्मलीन हो गए। उनके निधन से संत समाज, नाथ संप्रदाय व शेखावाटी क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। इस अवसर पर पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज ने कहा कि महंत बैजनाथ महाराज 32 मान धूनी के संत, संस्कृत व्याकरण के विद्वान, सरल व विनम्र व्यक्तित्व के धनी थे।

उनका संपूर्ण जीवन संत परंपरा के आदर्शों व मानवीय मूल्यों को समर्पित रहा। संत विचारनाथ महाराज ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महंत बैजनाथ महाराज का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। वहीं अभयनाथ महाराज, उमाशंकर महमिया, रामगोपाल महमिया, शिवचरण पुरोहित, चन्द्रप्रकाश धूपिया, पवन पुजारी, लॉयंस क्लब अध्यक्ष देवेंद्र सिंह शेखावत, महेश बसावतिया, प्रदीप सैनी पार्षद, एडवोकेट सुशील जोशी आदि वक्ताओं ने महंत बैजनाथ महाराज के व्यक्तित्व व कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि पद्मश्री जैसे सम्मान प्राप्त करने के बाद भी वे सदैव विनम्र, सहज व जमीन से जुड़े रहे। उनका निधन एक युग के अवसान के समान है। सभा के अंत में सभी उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत संत को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

प्रतिष्ठानों को फायर सेफ्टी गाइडलाइन की पालना करने के निर्देश

महानगर टाइम्स संवाददाता

सुजानगढ़। बड़े शहरों में हाल ही में आग लगने की हुई बड़ी घटनाओं के मद्देनजर बुधवार को सुजानगढ़ में फायर ऑफिसर रूप सिंह के नेतृत्व में कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर फायर सेफ्टी गाइडलाइन की पालना करने के निर्देश दिए। सिंह ने बताया कि शहर में कई व्यवसायिक कॉम्प्लेक्सों सहित कई कमर्शियल प्रतिष्ठानों को पहले भी नोटिस दिए गए हैं, लेकिन उन्होंने गाइडलाइन की पालना नहीं की। टीम ने सबसे पहले घंटाघर के पास स्थित धनलक्ष्मी कॉम्प्लेक्स में स्थित बैंक, रेस्टोरेंट सहित अन्य दुकानदारों को फायर सेफ्टी नहीं होने पर होने वाले संभावित खतरों के बारे में चेताया और गाइडलाइन की पूरी तरह पालना करने के लिए कहा। इसके बाद टीम ने शहर की स्टेशन रोड पर स्थित एसजी मार्ट व शगुन रिटेल मार्ट का दौरा किया। यहां भी संचालकों को फायर सेफ्टी उपकरण लगाकर पूरी तरह पालना करने के लिए कहा। रूप सिंह ने बताया कि अगले दो हफ्ते पूरे शहर के भवनों में जाकर गाइडलाइन की पालना करने के लिए पाबंद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि धनलक्ष्मी कॉम्प्लेक्स के एक रेस्टोरेंट की किचन में पहले भी आग लगी थी, लेकिन अभी भी इसकी यहां कोई पालना नहीं हो रही। इस बिल्डिंग को कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी फायर एनओसी नहीं ली गई।

स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हिंदुस्तान स्काउट-गाइड के समर कैंप में योग, कौशल व सेवा का अनूठा संगम

महानगर टाइम्स संवाददाता

रामगढ़ पचवारा। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स ब्लॉक रामगढ़ पचवारा की ओर से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में आयोजित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि व कौशल विकास शिविर इन दिनों शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य व सामाजिक सरोकारों का प्रेरणादायी केंद्र बना हुआ है। समर कैंप में बुधवार को योग प्रशिक्षण व परिंडा अभियान के माध्यम से प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। ब्लॉक सचिव नवीन शर्मा सुकार व शिविर प्रभारी सतीश सैन ने बताया कि शिविर में आगामी 21 जून विश्व योग दिवस को ध्यान में रखते हुए विशेष योग सत्र आयोजित किया गया। योग प्रशिक्षक मोहित सोनी व योग प्रशिक्षिका सोनिया जांगिड़ ने शिविरार्थियों को सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाते हुए उनके स्वास्थ्य

लाभों की जानकारी दी।

योगाभ्यास के बाद शिविर परिसर में परिंडा अभियान का शुभारंभ किया गया। सहायक शिविर प्रभारी राजेश शर्मा व किशोर कुमार माली के नेतृत्व में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए और भीषण गर्मी में जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया गया। इस दौरान जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संकल्प भी दिलाया गया। शिविर संचालिका अनीता राजोरिया व व्यवस्थापक प्रभारी गन्नी मोहम्मद ने बताया कि समर कैंप में दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा योग, सिलाई, ब्यूटीशियन, मेहंदी, नृत्य सहित विभिन्न कौशल आधारित प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। समाजसेवी व भामाशाह ललित मीना ने कहा कि वर्तमान समय में कौशल आधारित शिक्षा आत्मनिर्भरता की कुंजी है। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा बालिकाओं व महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में हरकेश सत्तावन, बसराम मीना, हरिओम गुप्ता, ममता शर्मा, कोमल मल्होत्रा, प्राची गुप्ता, आयुषी सैन, मनीषा मीना, रक्षा गौतम, ज्योति बैरवा सहित अनेक गणमान्यजन, प्रशिक्षक व शिविरार्थी उपस्थित रहे।

कपिल मंडी में जल मंदिर का जीर्णोद्धार कर किया शुभारंभ

नीमकाथाना (महानगर टाइम्स संवाददाता)। शहर मध्य कपिल मंडी टैक्सी स्टैंड स्थिति पुराने जल मंदिर का जीर्णोद्धार कर पुनः शुभारम्भ स्थानीय हजारिका परिवार ने विधि-विधान पूर्वक किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के सामाजिक व व्यापारिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी शिरकत कर इस पुनीत आयोजन की पुरजोर प्रशंसा की। जल मंदिर का हजारिका परिवार ने शुभारंभ किया और उपस्थित सभी आमजनों को मुंह मीठा करवाकर शीतल जल पिलाया। गौरतलब यह है कि इस प्याऊ का निर्माण बहुत वर्षों पहले हजारीका परिवार द्वारा ही करवाया गया था, जो जीर्णशीर्ण होकर जर्जर अवस्था में हो गया था। इसकी जानकारी पर हजारीका परिवार ने पुनः आधुनिक जरूरत के हिसाब से निर्माण करवाया। जल मंदिर में आम जन को ठंडा शीतल जल उपलब्ध हो सके, इसको लेकर फ्रीजर लगाया गया है, ताकि कोई भी राहगीर जल पीकर राहत का एहसास कर सके। इस मौके पर हजारीका परिवार ने बताया कि परिवार की वयोवृद्ध गीता देवी ने फीता काटकर जल मंदिर आमजन को समर्पित किया।

मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना कर की सुख-समृद्धि की कामना

महानगर टाइम्स संवाददाता

सीकर। देवस्थान विभाग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन व नगर परिषद के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना व मंगलकामना कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम माधव सागर तालाब स्थित बोलता बालाजी मंदिर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर आशीष मोदी, पूर्व विधायक सीकर रतनलाल जलधारी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार स्वामी, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राजपाल यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिले व प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति, उत्तम स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण व जनकल्याण की कामना के साथ मंत्रोच्चार व धार्मिक अनुष्ठान हुए।

श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया, आरती में भाग लिया और प्रसाद वितरण किया गया। जिले के सभी उपखंडों में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। दातारामगढ़ में खाटूश्यामजी मंदिर व हर्षनाथ मंदिर, लक्ष्मणगढ़ में रघुनाथजी का बड़ा मंदिर, मुरली मनोहरजी मंदिर, सिद्धिविनायक मंदिर व आमली वाले बालाजी मंदिर, फतेहपुर में आसाराम मंदिर, रामगढ़ में श्याम मंदिर, श्रीमाधोपुर में गोपीनाथ मंदिर, धोद में सोमोलाई बालाजी मंदिर और खंडेला में शिवालय सहित प्रमुख मंदिरों में पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि व खुशहाली की मंगलकामनाएं की गईं।

आभा पंजीकरण व ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर क्रियान्वयन

सुजानगढ़ उप जिला चिकित्सालय ने प्रदेश स्तर पर बनाई पहचान

महानगर टाइम्स संवाददाता

सुजानगढ़। राजकीय उप जिला चिकित्सालय सुजानगढ़ ने डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत आभा पंजीकरण व ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में राजस्थान के अग्रणी अस्पतालों में पांचवें नंबर पर अपना स्थान बनाया है। अस्पताल द्वारा मरीजों को आभा पंजीकरण, स्कैन एंड शेयर आधारित ऑनलाइन टोकन प्रणाली, डिजिटल ओपीडी पंजीकरण,

ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श व प्रिस्क्रिप्शन जैसी सेवाएं प्रभावी रूप से उपलब्ध करवाई जा रही हैं। आभा के माध्यम से मरीजों को एक विशिष्ट डिजिटल स्वास्थ्य पहचान प्राप्त होती है, जिससे उनके स्वास्थ्य रिकॉर्ड सुरक्षित व आसानी से उपलब्ध रहते हैं।

डॉ. कमल धनिया व डॉ. ममता चौधरी ने बताया कि अस्पताल प्रशासन द्वारा डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। परिणाम स्वरूप बड़ी संख्या में मरीज आभा आधारित सेवाओं का लाभ उठाते हुए बिना अनावश्यक प्रतीक्षा के ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर चिकित्सकीय सेवाएं प्राप्त कर रहे हैं। बागड़िया हॉस्पिटल में सूचना सहायक विश्वजीत सिंह ने बताया कि राज्य व केंद्र सरकार की डिजिटल स्वास्थ्य संबंधी पहल को जमीनी स्तर पर सफलता पूर्वक लागू करने में अस्पताल की टीम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस उपलब्धि का श्रेय अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, फ्रंट डेस्क ऑपरेटरों, सूचना प्रौद्योगिकी टीम व समस्त कार्मिकों की समर्पित कार्यशैली को जाता है। अस्पताल प्रशासन ने भविष्य में भी डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त व जनहितकारी बनाने का संकल्प व्यक्त किया है।

सैन छात्रावास के लिए भूमि दान करने पर भामाशाह का सम्मान

महानगर टाइम्स संवाददाता

नीमकाथाना। सामाजिक सरोकार और शिक्षा के उत्थान की दिशा में एक प्रेरणादायक मिसाल कायम करते हुए नीमकाथाना तहसील के गांव गांवड़ी निवासी देशराज गोठवाल ने सैन समाज के विद्यार्थियों के लिए बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने नीमकाथाना स्थित बाबा ओघड़ नाथजी की बगीची में आयोजित एक कार्यक्रम में समाज के छात्रावास निर्माण के लिए 250 वर्ग गज भूमि निशुल्क दान की है। इस पुनीत कार्य के

लिए सैन समाज की ओर से देशराज सैन का माला, साफा व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान राष्ट्रीय नाई महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सरोज ने कहा कि देशराज सैन का यह दान केवल सैन समाज ही नहीं, बल्कि सर्व समाज के लिए अनुकरणीय पहल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैन समाज तंवरावाटी 210 के अध्यक्ष मोहनलाल सैन हरजनपुरा ने की।

महिला क्रिकेट को नई दिशा देने के लिए एडहॉक कमेटी की ऐतिहासिक पहल, युवा प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच

प्रदेश में पहली बार अंडर-19 बालिका चैंपियनशिप कराने का फैसला

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) की एडहॉक कमेटी ने महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए राज्य में पहली बार अंडर-19 बालिका राज्य चैंपियनशिप आयोजित करने की घोषणा की है। एडहॉक कमेटी सदस्य अरिष्ट सिंघवी ने बताया कि संयोजक डॉ. मोहित जसवंत यादव एवं समिति के अन्य सदस्यों ने प्रदेश की युवा महिला प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने और महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह फैसला लिया है। सिंघवी ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य उभरती हुई महिला खिलाड़ियों को मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ियों को पुरुष खिलाड़ियों के समान अवसर उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है और यह चैंपियनशिप उसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इससे ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों की प्रतिभाओं को भी आगे आने का अवसर मिलेगा।

राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में जयपुर-कोटा सहित कई जिलों की जीत, तेजस्वरी-चीनू की हैट्रिक

इधर, राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के मुकाबलों में विभिन्न जिलों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। जयपुर ने भरतपुर को 108 रन, बाड़मेर ने झालावाड़ को 54 रन, कोटा ने टोंक को 30 रन व धौलपुर ने बीकानेर को 31 रन से पराजित किया। अलवर केंद्र पर दौसा ने सिरोही को 10 विकेट और हनुमानगढ़ ने अलवर को 15 रन से हराया। जोधपुर में जोधपुर ने बूंदी को 85 रन से शिकस्त दी, जबकि चित्तौड़गढ़ ने जैसलमेर को 10 विकेट से हराया। उदयपुर ने श्रीगंगानगर को 9 विकेट और सवाई माधोपुर ने बारां को 5 विकेट से पराजित किया। झुंझुनूं में सीकर और झुंझुनूं ने क्रमशः डूंगरपुर और चूरू पर एकतरफा जीत दर्ज की। वहीं राजसमंद में नागौर ने बांसवाड़ा को 89 रन और मेजबान राजसमंद ने प्रतापगढ़ को 132 रन से हराया। प्रतियोगिता की सबसे बड़ी जीत भीलवाड़ा ने दर्ज की, जिसने करौली को 275 रन से मात दी। इस मुकाबले में तेजस्वरी जोशी और चीनू राठौर ने हैट्रिक सहित शानदार गेंदबाजी की। वहीं जालोर ने रोमांचक मुकाबले में अजमेर को 3 विकेट से हराकर जीत हासिल की, जिसमें सुमन मीणा ने 93 रन की शानदार पारी खेली।

विधायक गोपाल शर्मा ने भामाशाह बसोतिया को अर्पित की श्रद्धांजलि

महानगर टाइम्स संवाददाता

नवलगढ़। कस्बे के प्रतिष्ठित भामाशाह व व्यवसाई गोविंद राम बसोतिया की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे जयपुर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने बासोतिया परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने का संबल दिया। श्रद्धांजलि सभा में किसान नेत्री सुमन कुलहरि गढ़वाल भी पहुंचीं। उन्होंने गोविंद राम बासोतिया के सामाजिक व व्यावसायिक योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर दोनों जनप्रतिनिधियों ने बासोतिया परिवार के अन्य सदस्यों से भी मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की। सभा में बड़ी संख्या में समाजसेवी, व्यापारी, गणमान्य नागरिक व शुभचिंतक उपस्थित रहे, जिन्होंने दिवंगत गोविंद राम बासोतिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

शैक्षिक महासंघ से जुड़े सीकर जिले के 13 से अधिक सदस्य

महानगर टाइम्स संवाददाता

सीकर। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा) के सदस्यता अभियान में 13,140 सदस्यों के साथ सीकर जिले ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर संगठनात्मक इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। यह उपलब्धि संगठन के प्रति शिक्षकों की अटूट आस्था, कार्यकर्ताओं की निष्ठा और सामूहिक पुरुषार्थ का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरी है। जिला अध्यक्ष कल्याण सिंह कस्वां ने बताया कि यह सफलता केवल सदस्यता का आंकड़ा नहीं, बल्कि संगठन की विचारधारा के प्रति समर्पण, अनुशासित कार्य संस्कृति व प्रत्येक कार्यकर्ता के अथक परिश्रम का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संपत सिंह के संरक्षण, संभाग संगठन मंत्री श्याम सुंदर स्वामी के प्रेरक मार्गदर्शन और जिला व खंड कार्यकारिणी के सक्रिय नेतृत्व ने सीकर को यह गौरवशाली मुकाम दिलाया है। प्रदेशभर में महासंघ के सर्वाधिक 2,79,342 सदस्य संगठन से जुड़े हुए हैं, जिनमें 13,140 सदस्यों के साथ सीकर सर्वाधिक सदस्यता वाला जिला बनकर प्रदेश का सिरमौर बना है। संगठन पदाधिकारियों ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को शिक्षक समाज की एकता, संगठन की सुदृढ़ता व समर्पित कार्यशैली की विजय बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह सफलता भविष्य में संगठन विस्तार, शिक्षक हितों की प्रभावी पैरवी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अभियान को नई ऊर्जा और नई दिशा प्रदान करेगी।

विद्यार्थियों को दिए कॅरियर और व्यक्तित्व विकास के टिप्स

महानगर टाइम्स संवाददाता

सवाई माधोपुर। जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित 'बोल सवाई माधोपुर' इंग्लिश स्पोकन कैंप का मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुढानिया ने निरीक्षण कर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी सीखने की प्रगति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री वितरित करते हुए नियमित अभ्यास, आत्मविश्वास व सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने भी अंग्रेजी संवाद कौशल का प्रदर्शन कर अपनी प्रगति साझा की। सीईओ गौरव बुढानिया ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में स्पोकन इंग्लिश व प्रभावी संचार कौशल सफलता की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं। सवाई माधोपुर विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल होने के कारण यहां के युवाओं के लिए पर्यटन, होटल, गाइड सेवा व आतिथ्य क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। बेहतर भाषा व संवाद कौशल युवाओं को इन अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर सीखने, व्यक्तित्व विकास व अनुशासित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर श्याम मंदिर में पूजा-अर्चना

खाटूश्यामजी (महानगर टाइम्स संवाददाता)। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विश्व विख्यात खाटूधाम स्थित बाबा श्याम के दरबार में विशेष पूजा-अर्चना, हवन व मंगलकामना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से देश की उन्नति, खुशहाली व जनकल्याण की प्रार्थना की गई। बाबा श्याम के पावन दरबार में आयोजित हवन में भाजपा नेता गजानन्द कुमावत व श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान यजमान के रूप में शामिल हुए। आचार्य धर्मेन्द्र धर्ड ने वैदिक मंत्रोच्चार व विधि-विधान के बीच हवन संपन्न करवाया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने बाबा श्याम के समक्ष राष्ट्र की प्रगति, प्रदेश की समृद्धि व समाज में सुख-शांति व सद्भाव बनाए रखने की प्रार्थना की। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी मोनिका सामोर, तहसीलदार शैलजा शेखावत, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ओमप्रकाश चौधरी, नायब तहसीलदार रामनिवास बौचल्या, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश रामूका, प्रदीप तिवाड़ी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी व समाजसेवी मौजूद रहे।

कृषि विभाग डिकॉय टीम पर उगाही के आरोपों पर गर्माई सियासत

मंत्री किरोड़ी के इस्तीफा नहीं देने पर कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

महानगर टाइम्स संवाददाता

सीकर। जिले में कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की कथित डिकॉय टीम के सदस्यों पर उगाही के आरोप ने राजनीतिक माहौल गर्मा दिया है। सीकर के सदर पुलिस थाने में डिकॉय टीम से जुड़े कृषि विभाग के कर्मचारी संदीप कुमार व रजनीश कुमार पर मुकदमा दर्ज होने के बाद अब जिला कांग्रेस भी कृषि मंत्री के भ्रष्टाचार पर इस्तीफा देने के दावे पर उन्हें घेरती की नजर आ रही है।

कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष सुनीता गठाला, फतेहपुर विधायक हाकम अली खां, नीमकाथाना जिला कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद नारायण घसिया, पूर्व विधायक रमेश खंडेलवाल, निवर्तमान सभापति जीवण खां, शहर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सैनी ने कहा कि कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा अपने आप को 24 कैरेट सोना बताते हैं, लेकिन कृषि विभाग में भ्रष्टाचार के चलते एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ी रकम पकड़ी। ऐसा ही मामला सीकर में भी सामने आया, जिसमें कृषि मंत्री के ओएसडी के खाद-बीज व्यापारियों से अवैध रूप से रुपए मांगने का मामला सामने आया था। इसके बाद अब संदीप कुमार व रजनीश कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार में लिप्त होने के सबूत के आधार पर एफआईआर दर्ज होना यह साबित करता है कि पूरे मामले में कहीं ना कहीं कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। उन्होंने कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा पर सवालिया निशान खड़े करते हुए कहा कि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

दूसरी ओर उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग उठाई है कि अगर मंत्री किरोड़ी लाल मीणा अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए इस्तीफा नहीं देते हैं तो उन्हें उनका इस्तीफा लेना चाहिए। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनीता गठाला ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार अपने आप को जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करने वाली बताती है तो सीकर में खुलेआम कर्मचारियों द्वारा रिश्वत मानकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। फतेहपुर विधायक हाकम अली खां ने कहा कि अगर मंत्री किरोड़ी इस्तीफा नहीं देते हैं तो आगे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार हर जिले, ब्लॉक व पंचायत स्तर पर आंदोलन करेंगे और कृषि मंत्री के इस्तीफा की मांग उठाएंगे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कृषि मंत्री इस्तीफा नहीं दे रहे, उल्टा अधिकारियों को मामले में धमका रहे हैं और सरकार का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर मंत्री इस्तीफा नहीं देंगे तो कांग्रेस सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। इस दौरान धोद कांग्रेस प्रत्याशी जगदीश दानोदिया, ओबीसी जिलाध्यक्ष नरेश सैनी, सेवादाल जिलाध्यक्ष रविकांत तिवाड़ी, किसान कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र गठाला, पूर्व पार्षद प्रेम सैनी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राजकीय महाविद्यालयों में प्रवेश की मेरिट व प्रतीक्षा सूची जारी

लालसोट (महानगर टाइम्स संवाददाता)। उच्च शिक्षा विभाग के तहत संचालित राजकीय महाविद्यालयों में सत्र 2026-27 के स्नातक प्रथम सेमेस्टर प्रवेश के लिए मेरिट व प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। सूची में चयनित विद्यार्थियों को 13 जून तक संबंधित महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपने मूल दस्तावेजों का सत्यापन करवाने के साथ ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश शुल्क जमा कराना होगा। राजेश पायलट राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लालसोट, राजकीय महाविद्यालय बगड़ी व राजकीय कन्या महाविद्यालय रामगढ़ पचवारा के प्राचार्य प्रो. सुभाष पहाड़िया ने बताया कि सभी महाविद्यालयों के नोटिस बोर्ड पर मेरिट सूची चस्पा कर दी गई है और विद्यार्थियों को निर्धारित समय सीमा में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। प्राचार्य ने बताया कि मुख्य वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची में शामिल सभी अभ्यर्थियों को 13 जून तक दस्तावेज सत्यापन और शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची 15 जून को प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है।

पशुपालन व स्वास्थ्य से संबंधित प्रदान किया व्यावहारिक प्रशिक्षण

महानगर टाइम्स संवाददाता

नवलगढ़। मुकुंदगढ़ मंडी स्थित रामकुमारी कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस में आयोजित 7 दिवसीय पैरावेट व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से आए 25 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लेकर पशु स्वास्थ्य व पशुपालन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। महाविद्यालय के डीन डॉ. आरके चन्दोलिया ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पशुओं के शारीरिक मापदंडों की जांच, रक्त, मूत्र व मल परीक्षण, इंजेक्शन लगाने की तकनीक, दवा पिलाने की विधि, पशुओं की आयु निर्धारण, सामान्य रोगों की पहचान व उपचार, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ जांच, अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे के उपयोग और सामान्य शल्य चिकित्सा से संबंधित महत्वपूर्ण व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को आधुनिक पशु चिकित्सा तकनीकों व व्यवहारिक ज्ञान से प्रशिक्षित करना था, जिससे वे ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को बेहतर पशु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा सकें। कार्यक्रम के समापन पर संस्थान अध्यक्ष डॉ. पूनम चौधरी, सचिव रमन कुमार, वाइस चेयरमैन निव्य करन चौधरी व डीन डॉ. आरके चन्दोलिया ने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम पशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने, प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने और ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को बेहतर तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

किसान क्रेडिट कार्ड लोन पाकर किसानों के खिले चेहरे

महानगर टाइम्स संवाददाता

बस्सी। कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन बस्सी व तूंगा की पंचायत समिति में किया गया, जिसमें किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड लोन वितरण किया गया। कार्यक्रम में एसबीआई जयपुर एलडीएम गणेश, चीफ मैनेजर एसबीआई आरओबी मनोज, एफएलसी ब्रजमोहन, दिनेश चंद्र सैनी आरोह फाउंडेशन, बस्सी एसबीआई बैंक मैनेजर गिरधारी ने भगवान सहाय मीणा बिहारीपुरा को 2.5 लाख रुपए का किसान क्रेडिट कार्ड लोन यूनियन बैंक बस्सी की ओर से भेंट किया। इसी प्रकार घासीराम मानसर खेड़ी को 2 लाख का किसान क्रेडिट कार्ड लोन यूको बैंक बस्सी द्वारा दिया गया। इस दौरान एसबीआई बैंक ने भी किसानों को लोन दिया और कृषिका एप व पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बस्सी व तूंगा की सभी ब्रांच से बैंक मैनेजर व किसान उपस्थित रहे।

फिट इंडिया का संदेश गांव-गांव जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

66वां केंद्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर शुरू

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की ओर से आयोजित 66वें केंद्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग और परिषद अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने खिलाड़ियों से फिट इंडिया मूवमेंट को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

गुप्ता ने कहा कि यह शिविर केवल खेल कौशल विकसित करने का मंच नहीं, बल्कि अनुशासन, नवाचार व नेतृत्व क्षमता सीखने का भी अवसर है। उन्होंने बताया कि पिछले 65 वर्षों से आयोजित हो रहा यह शिविर 14 खेलों के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहा है। अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खिलाड़ी अपनी तकनीकी दक्षता और प्रदर्शन को बेहतर बना सकेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों से हाई परफॉर्मेंस सेंटर का अवलोकन करने व बायोमैकेनिक्स जैसी खेल विज्ञान तकनीकों की जानकारी लेने की भी सलाह दी। साथ ही युवाओं से माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर फिट इंडिया अभियान से जुड़ने का आग्रह किया।

समारोह की अध्यक्षता पूर्व ओलंपियन व क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सैनी ने की। परिषद सचिव राजकेश मीणा ने शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य खेल अधिकारी वीरेन्द्र पूनिया सहित कई खेल अधिकारी उपस्थित रहे।

दिल्ली अग्निकांड के बाद जैसलमेर में अग्नि सुरक्षा जांच अभियान तेज

महानगर टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। राजधानी दिल्ली में हाल ही में हुई भीषण अग्निकांड की घटना के बाद नगरपरिषद जैसलमेर क्षेत्र में संचालित होटलों व अन्य व्यावसायिक भवनों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कई भवनों में अग्निशमन सुरक्षा मानकों की कमी पाए जाने पर संबंधित संचालकों को नोटिस जारी किए गए। अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा भवनों में अग्निशमन यंत्रों, आपातकालीन निकास मार्गों, विद्युत सुरक्षा व्यवस्थाओं व अन्य आवश्यक अग्नि सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नियमों की अवहेलना पाए जाने पर भवन संचालकों को निर्धारित समयावधि में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अभियान का नेतृत्व अग्निशमन अधिकारी कृष्णपाल सिंह राठौड़ ने किया। उनके साथ सहायक अभियंता नीरज कुमार बंसल, अग्निशमन अधिकारी रोशन कुमार, कनिष्ठ अभियंता लोकेश, फायरमैन लालाराम, नरपतराम, गुलाबराम, दामोदर व मौनप्रकाश सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अग्निशमन अधिकारी कृष्णपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और अग्नि सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

एक किलो से अधिक डोडा पोस्त के साथ तस्कर गिरफ्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता

लालसोट। अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लालसोट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 1.525 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए रमेशचंद पुत्र रामप्रसाद निवासी हट्टिका कॉलोनी लालसोट को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1.525 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद मादक पदार्थ कहां से लाया गया था और इसके पीछे किसी बड़े नेटवर्क की संलिप्तता तो नहीं है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

दौरा दिल्ली-नोएडा प्रवास पर गुरुदेव पंडित राजकुमार शर्मा की मंत्रियों, धर्माचार्यों व उद्योगपतियों से मुलाकात

सनातन संस्कृति, राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक जागरण पर मंथन

महानगर टाइम्स संवाददाता

टोंक। सद्गुरु आश्रम के प्रख्यात ज्योतिषाचार्य, सनातन धर्म प्रचारक व आध्यात्मिक मार्गदर्शक गुरुदेव पंडित राजकुमार शर्मा के तीन दिवसीय दिल्ली व नोएडा प्रवास के दौरान सनातन संस्कृति के संरक्षण, राष्ट्र निर्माण व भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के संकल्प को लेकर अनेक महत्वपूर्ण बैठकें व संवाद आयोजित किए गए। प्रवास के दौरान पंडित शर्मा ने कथा वाचक मनुश्री महाराज रतनगढ़ वालों से भी भेंट की। दोनों के बीच सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार, राष्ट्र निर्माण व समसामयिक सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

प्रवास के दौरान पंडित शर्मा ने दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्रियों सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मुलाकात कर राष्ट्रहित व सांस्कृतिक जागरण के विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता को 'वसुदेव कुटुम्बकम्' का संदेश देने वाली जीवन शैली है। भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा, वेदों का ज्ञान, आध्यात्मिक चेतना और ज्योतिष विज्ञान आज भी विश्व को सही दिशा देने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दू संस्कृति की मूल भावना सेवा, समर्पण, सद्भाव व राष्ट्रभक्ति है, जिसे प्रत्येक भारतीय को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

प्रवास के दौरान पंडित शर्मा ने प्रमुख उद्योगपति मनोज त्यागी, अर्जुन राजावत सहित अनेक गणमान्य नागरिकों से भेंट कर आत्मनिर्भर व सशक्त भारत के निर्माण में सामूहिक सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक चेतना, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति के समन्वय से ही विकसित व समृद्ध भारत का सपना साकार हो सकता है। पंडित शर्मा ने विभिन्न मीडिया संस्थानों को दिए साक्षात्कारों में ज्योतिष, सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति व आध्यात्मिक जागरण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने मीडिया जगत से भी आग्रह किया कि वह युवा पीढ़ी को भारत के गौरवशाली इतिहास, महापुरुषों के आदर्शों व सनातन संस्कृति के मूल्यों से जोड़ने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

शिव-पार्वती विवाह की थीम पर मनाया महेश नवमी महोत्सव

मातृशक्ति पर है सनातन परिवार व्यवस्था को बचाने की जिम्मेदारी : बल्दवा

महानगर टाइम्स संवाददाता

हैदराबाद। 'नारीशक्ति किसी भी कालखंड में कमजोर नहीं रही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हमारी बेटियां आगे आएं, अपने परिवार के साथ एक समुचित तालमेल बनाएं और अपने सपनों को एक नई और ऊंची उड़ान दें।' यह विचार प्रसिद्ध सोशल वर्कर, उद्योगपति, मोटिवेशनल स्पीकर और राजनेता भगवती बल्दवा ने व्यक्त किए। वह माहेश्वरी समाज एवं श्री माहेश्वरी समाज महिला मंडल दिलसुखनगर के संयुक्त तत्वावधान में चैतन्यपुरी स्थित भाग्यश्री फंक्शन हॉल में आयोजित तीन-दिवसीय महेश नवमी महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं।

पाश्चात्य प्रभाव के कारण टूटती परिवार व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सनातन जड़ों को पुनः सींचने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बहनों और बेटियों पर ही है, क्योंकि स्त्री ही परिवार की रीढ़ होती है। उन्होंने पूर्ण विश्वास जताया कि बेटियां अपने असीम सामर्थ्य से इस विकराल समस्या से समाज को निजात दिलाएंगी। कार्यक्रम की विशेष अतिथि एवं कामारेड्डी म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की पार्षद प्रीति इनानी जैन ने भी सभा को संबोधित किया।

संध्याकालीन सत्र की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष हनुमानदास सोमानी ने की। इस सत्र में सांस्कृतिक छटा, समाज सेवा और प्रतिभाओं के सम्मान का संगम देखने को मिला। इस मौके पर 'वॉइस ऑफ दिलसुखनगर-शिवाजी के विवाह के गीत' थीम पर गायन प्रतियोगिता का फाइनल राउंड हुआ। इसके विजेता भरत मर्दा व उपविजेता हनुमान दास सोमानी रहे। भगवान की शादी के संगीत के रूप में आयोजित अंताक्षरी के विजेताओं में अनुराधा मानधना, अनिल मानधना, अभिजीत बांगड़, सरिता लोया और अनुषा लोया शामिल रहे। वहीं, उपविजेताओं में वैष्णवी खटौड़, वैष्णवी खटौड़ (दो बार), ज्योति खटौड़, दुर्गा तवानी और शारदा मानधना शामिल रहे। अंतिम कार्यक्रम के रूप में भगवान शिव-पार्वती के विवाह की सुंदर नाटिका ने सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर भगवान महेश की संध्याकालीन सामूहिक दिव्य आरती की गई और वन्दे मातरम् का गायन हुआ। राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले शहीदों तथा माहेश्वरी समाज के पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री बंसीलाल राठी के देवलोक गमन पर 1 मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्ष हनुमानदास सोमानी के स्वागत उद्बोधन के बाद, महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति सारड़ा ने सभी से समाज के साथ पूर्ण रूप से जुड़ने का आह्वान किया।

संस्था के मंत्री शिवकुमार लखोटिया ने बताया कि 'महेश भगवती बल्दवा फाउंडेशन' के माध्यम से समाज के जरूरतमंद बच्चों को प्रतिवर्ष लाखों रुपये की शिक्षा सहायता दी जा रही है। समाज द्वारा सभी परिवारों के मुखियाओं के लिए एक विशेष बीमा प्रकल्प चलाया जा रहा है, जिसका प्रीमियम न दे पाने वालों का खर्च समाज उठाएगा। वहीं, महिला मंडल 'स्वस्थ नारी-स्वस्थ परिवार' के तहत सेमिनार कर रहा है और अर्थाभाव में इलाज न करा पाने वाली महिलाओं के खर्च का वहन करने के लिए संकल्पबद्ध है। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ बाबूलाल जाजू का विशेष सम्मान किया गया।

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में सात संकल्प

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अहमदाबाद मेट्रो फेज 2ए को दी मंजूरी

महानगर टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शहरी विकास और बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) को रफ्तार देने के लिए अहम कदम उठाए हैं। केंद्रीय कैबिनेट की हालिया बैठक में कई बड़े और दूरगामी प्रभाव वाले फैसले लिए गए हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश के अमरावती के विकास से लेकर गुजरात के अहमदाबाद में मेट्रो रेल के विस्तार की योजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही, देश के राजनीतिक इतिहास में एक नया मील का पत्थर भी जुड़ गया है। आइए, आसान भाषा में समझते हैं कि सरकार के इन फैसलों में क्या-क्या शामिल है।

पीएम मोदी के नाम दर्ज हुआ ऐतिहासिक रिकॉर्ड : सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक निर्वाचित पीएम के रूप में सबसे लंबी अवधि तक पद पर रहने का नया रिकॉर्ड कायम किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को रेखांकित करते हुए हुई कैबिनेट की बैठक में बाकायदा एक प्रस्ताव भी पारित किया गया है।

अहमदाबाद-गांधीनगर रूट का भविष्य कैसा होगा?

इस नए मेट्रो कॉरिडोर के चालू होने के बाद गुजरात के दो प्रमुख शहरों (अहमदाबाद और गांधीनगर) की कनेक्टिविटी पहले से कहीं अधिक मजबूत हो जाएगी। चरण 2ए का काम पूरा होने और इसके शुरू होने पर, अहमदाबाद-गांधीनगर मार्ग पर कुल 77.63 किलोमीटर लंबा एक सं य और विशाल मेट्रो रेल नेटवर्क आम जनता के उपयोग के लिए उपलब्ध हो जाएगा।

सात संकल्पों के बारे में क्या कहा गया?

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से पीएम मोदी ने %सात संकल्प% पेश किए हैं, जिनमें डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, स्टार्टअप इंडिया, नवाचार और उद्यमिता पर विशेष जोर दिया गया है। इन सात संकल्पों में कौशल विकास को प्राथमिकता देने के साथ-साथ खेल जगत और फिटनेस के लिए कार्य म चलाने का आह्वान भी शामिल है, जो भारतीय कॉर्पोरेट और एमएसएमई सेक्टर के लिए एक कुशल, नवोन्मेषी और स्वस्थ कार्यबल तैयार करने की दिशा में बड़ा कदम है।

इसमें दो प्रमुख निर्माण शामिल हैं

- केंद्रीय सरकारी जनरल पूल कार्यालय आवास
- जनरल पूल आवासीय आवास
- इन मंजूरियों से अमरावती में सरकारी कार्यालयों और आवासीय बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास होगा।

अहमदाबाद मेट्रो के विस्तार से यातायात कैसे सुधरेगा?

शहरी परिवहन को सुगम और आधुनिक बनाने के लिए कैबिनेट ने %अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के चरण 2ए% को भी अपनी मंजूरी दे दी है। इस नए विस्तार के तहत 6.032 किलोमीटर लंबा नया मेट्रो कॉरिडोर तैयार किया जाएगा। इस कॉरिडोर में कुल पांच नए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे, जिससे शहर के विभिन्न हिस्सों में कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

अमरावती को केंद्र सरकार से मिली बड़ी सौगात : आंध्र प्रदेश के अमरावती को विकसित करने की दिशा में केंद्र ने अहम कदम उठाया है। कैबिनेट ने अमरावती में केंद्र सरकार की दो प्रमुख अवसंरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) परियोजनाओं को हरी झंडी दिखा दी है।

स्मिता बंसल ने 'द पिरामिड स्कीम' को बताया अपना परफेक्ट ओटीटी डेब्यू, बोलीं- इसकी सोच एकदम नई

'बालिका वधू' फेम अभिनेत्री स्मिता बंसल अपने कॅरियर में एक नया मुकाम हासिल कर बेहद उत्साहित हैं। टीवी इंडस्ट्री में सफल रहीं स्मिता टीवीएफ की हालिया रिलीज वेब सीरीज 'द पिरामिड स्कीम' से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू कर चुकी हैं। स्मिता ने इस प्रोजेक्ट को अपना परफेक्ट ओटीटी डेब्यू बताया है। सीरीज में स्मिता बंसल प्रमिला सिंह के किरदार में नजर आईं। यह सीरीज आम लोगों के मल्टी-लेवल मार्केटिंग और पिरामिड स्कीम की दुनिया में फंसने की कहानी है। यह महत्वाकांक्षा, तेजी से सफलता पाने की चाहत और इसके लिए लोग जो फैसले लेते हैं, उन विषयों पर आधारित है। स्मिता बंसल ने बताया कि 'द पिरामिड स्कीम' ने मुझे इसलिए आकर्षित किया, क्योंकि इसमें टीवीएफ के प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का मौका मिला। मैं सालों से टीवीएफ से जुड़ी हूं और इसके काम देख रही हूं और उन्हें बहुत पसंद करती हूं। वे ऐसी कहानियां बनाते हैं, जो लोगों से जुड़ती हैं और हर उम्र के दर्शकों को पसंद आती हैं। स्मिता ने बताया कि सीरीज की कहानी ने भी तुरंत प्रभावित किया। इसकी सोच बिल्कुल नई और रोमांचक लगी। यह आज के समय के बहुत जरूरी मुद्दों पर बात करती है, जैसे महत्वाकांक्षा, जल्दी सफल होने की चाह और उसके लिए किए जाने वाले फैसले। शो का किरदार, लेखन और पूरा विजन एकदम नया लगा।

एक्टर के रूप में ऐसे प्रोजेक्ट्स तलाशती हैं जो कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने में करे मदद

अभिनेत्री ने कहा कि एक एक्टर के रूप में वे हमेशा ऐसे प्रोजेक्ट्स की तलाश में रहती हैं, जो उन्हें अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने में मदद करे। 'द पिरामिड स्कीम' में प्रमिला सिंह का रोल उन्हें ठीक वैसा ही मौका देता है। सीरीज श्रेयांश पांडे द्वारा बनाई गई है और 'द वायरल फीवर' (टीवीएफ) द्वारा प्रस्तुत की गई है। इसका निर्देशन आशीष आर. शुक्ला और श्रेयांश पांडे ने किया है। 'द पिरामिड स्कीम' 5 जून को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुकी है और काफी पसंद की जा रही है।

सितंबर में होगी शूटिंग

'बिग बॉस 20' की तैयारियां शुरू, सलमान खान होस्ट करेंगे शो

सलमान 'बिग बॉस 20' के जरिए टीवी स्क्रीन पर बड़ा धमाका करने के लिए तैयार हैं। सलमान खान 'बिग बॉस 20' के होस्ट के रूप में वापसी करने वाले हैं। इस शो की शूटिंग सितंबर से शुरू हो सकती है। टेलीविजन का सबसे लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' अपने 20वें सीजन के साथ वापस आ रहा है। लाखों दर्शकों के लिए 'बिग बॉस' का मतलब ही सलमान खान है। सलमान के फैंस के लिए अच्छी खबर यह है कि वह एक बार फिर इस शो को होस्ट करने के लिए तैयार हैं।

इस सीजन में यह होगा खास

इस शो के मेकर्स नए प्रतियोगियों को चुनने के लिए ऑडिशन शुरू करने वाले हैं। इस बार कुछ पुराने मशहूर प्रतियोगी भी दोबारा घर में एंट्री ले सकते हैं। इस शो की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। सलमान 21 सितंबर से इस नए सीजन की शूटिंग शुरू कर सकते हैं।

शो की शूटिंग से पहले दो बड़ी फिल्मों करेंगे पूरी: 'वीकेंड का वार' में सलमान खान का अंदाज, उनका गुस्सा और समझाने का तरीका ही इस शो की असली जान है, जो इस बार भी दर्शकों को देखने को मिलेगा। 'बिग बॉस 19' काफी कामयाब रहा था, जिसमें गौरव खन्ना, फरहाना भट्ट और अमाल मलिक जैसे सितारों ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। इसी वजह से सीजन 20 से लोगों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। 'बिग बॉस' की शूटिंग शुरू करने से पहले सलमान खान अपनी दो बड़ी फिल्मों का काम पूरा करेंगे। वामसी पेडिपल्ली की एक्शन फिल्म में सलमान के साथ साउथ की सुपरस्टार नयनतारा नजर आएंगी। सलमान इस फिल्म का एक बड़ा हिस्सा 'बिग बॉस' शुरू होने से पहले ही शूट करना चाहते हैं। 'मातृभूमि' फिल्म को अपूर्वा लखिया डायरेक्ट कर रहे हैं और इसमें सलमान के साथ चित्रांगदा सिंह दिखाई देंगी। फिल्म में सलमान कर्नल बिक्कु मल्ला संतोष बाबू का किरदार निभा रहे हैं। पहले यह फिल्म गलवान घाटी विवाद पर आधारित थी, लेकिन अब इसमें कुछ बदलाव करके चीन से जुड़े संदर्भों को हटा दिया गया है।

अजय देवगन ने शेयर किया 'धमाल 4' का फर्स्ट लुक, पोस्टर्स में दिखाई दी कॉमेडी की झलक

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने अपनी आगामी कॉमेडी फिल्म 'धमाल-4' का पहला कैरेक्टर पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। पोस्टर को देखकर साफ है कि फिल्म में पहले की तरह ही जबरदस्त कॉमेडी, हंगामा और रोमांच देखने को मिलेगा। 'धमाल-4' का निर्देशन एक बार फिर इंद्र कुमार करेंगे। पोस्टर शेयर करते हुए अजय देवगन ने लिखा कि इन दोनों का एक ही लक्ष्य है, सोना हासिल करना। इन पोस्टर में रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी की झलक दिखाई गई है।

अगले माह 10 जुलाई में रिलीज होगी 'धमाल-4': मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह फिल्म पहले 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक हफ्ते पहले 10 जुलाई को रिलीज किया जा सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि 10 जुलाई का स्लॉट खाली है। हालांकि, मेकर्स की तरफ से इस नई तारीख की आधिकारिक घोषणा होना अभी बाकी है।

फिल्म की स्टार कास्ट और निर्देशन: 'धमाल-4' का निर्देशन एक बार फिर इंद्र कुमार कर रहे हैं, जिन्होंने 'धमाल' सीरीज की पिछली सभी फिल्में बनाई हैं। इस फिल्म को टी-सीरीज और देवगन फिल्म्स मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में अजय देवगन के अलावा रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

'धमाल-4' के सह कलाकार: इस बार फिल्म 'धमाल-4' में संजीदा शेख, अंजली आनंद, उपेंद्र लिमये, विजय पाटकर और रवि किशन जैसे कलाकार भी हंसी का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे। इन पोस्टर्स के सामने आने के बाद से फैंस के बीच 'धमाल-4' को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है।

पेज एक से जारी...

'जिनके साथ काम किया, उनका सम्मान करता हूं'

पायलट ने कहा कि जीवन व राजनीति में संयम अनुशासन जरूरी है। मेहनत खराब नहीं जाती। उन्होंने कहा कि जो लोग राजनीतिक क्षेत्र में काम करते हैं, जिनके साथ हमने काम किया है। उस प्रत्येक व्यक्ति का मैं दिल से सम्मान करता हूं। हमारे विचारों में मतभेद हो भी सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं हैं। सच पूछो तो आंख में आंख डाल कर देखोगे तो पता चलेगा कि व्यक्ति सच बोल रहा है या झूठ। उन्होंने कहा कि हमें तो मोहब्बत की दुकान खोलनी है, चाहे कोई आपसे असहमत हो तो भी उसके कंधे इतने दबा दो कि वह आपके साथ चलने का तैयार हो जाए। उन्होंने कहा कि थोड़ी खटपट चलती रहती है, लेकिन जब पार्टी की बात आती है, किसान की बात आती है जो मंच पर है और जो नहीं है, वे सब आपके साथ हैं।

'हम आपस में ही पद बांट दें तो विचारधारा-संगठन कहां जाएंगे'

गहलोत ने बयान में कहा था कि पायलट को केंद्रीय मंत्री उन्होंने बनवाया और यह बात उन्हें माननी चाहिए। पायलट ने बिना नाम लिए तंज कसते हुए कहा कि हम किसी भी पद पर हो सकते हैं, लेकिन हमारा काम पद बांटने का नहीं है। हम एक-दूसरे को पद बांट दें आपस में ही तो फिर विचारधारा, संगठन और जनता कहां जाएंगे।

'जो फल की इच्छा में राजनीति कर रहा है, वह नाखुश ही रहेगा'

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक उ.प. रेलवे प्रधान कार्यालय जयपुर के द्वारा निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित की गयी है। निविदाओं का विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र. सं.	निविदा सं.	अल्प विवरण	मात्रा	यूनिट	खुलने की तिथि
1	50265017	प्राइस एग्रीमेंट/आरजीसी फॉर सप्लाई ऑफ एल ई डी सिगनल लाइटिंग यूनिट फॉर सब्सिडियरी कलर लाइट सिगनल शंट, रूट एंड कालिंग ऑन सिगनल फॉर ए पीरियड ऑफ वन ईयर	11701	नग	19.06.2026
2	37255008A	कॉपलेर बॉडी विद शंक वियर प्लेट फॉर बीसीएनएचएल, बीओएक्सएनएचएल वैगन	4100	नग	22.06.2026
3	40261655	बैटरी फ्यूज बॉक्स-चीड्	930	नग	23.06.2026
4	6325ENG56	मैन्युफैक्चरिंग-सप्लाई ऑफ 1 इन 12 बीजी Weldable सीएमएस क्रासिंग फॉर 60E1 रेल	2230	सेट	30.06.2026
5	30260457	रबर किट फॉर एफआईबीए FTRTIPL	522	सेट	01.07.2026
6	30264880	प्रीसेट एयर फिल्टर एंड रेगुलेटर लुब्रिकेटर (एफआरएल) यूनिट 1/4 इंच AT 3 बार प्रेशर विद ब्रैकेट एंड फास्टनर designed फॉर pressurised फ्लशिंग	5204	नग	01.07.2026
7	30260219	सेकेंडरी लेटरल डैम्पर	1576	नग	01.07.2026
8	30260016	हाई टेंसिल टाइट लॉक सीबीसी	734	सेट	01.07.2026
9	30263202A	lavatory पैन ओरिएन्ट टाइप फॉर एलएचबी कोच	4111	नग	07.07.2026
10	6325ENG45	रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर मनुफैक्टर एंड सप्लाई ऑफ थिक वेब स्विच	800	सेट	15.07.2026
11	6325ENG48	मैन्युफैक्चरिंग & सप्लाई ऑफ 60 Kg. 1 in 8.5 ओवर राइडिंग कर्व्ड स्विच	57	सेट	16.07.2026
12	326ENG03	मैन्युफैक्चरिंग & सप्लाई ऑफ HVN-66 इंसुलेटिंग लाइनर 60Kg	247120	नग	12.08.2026

CORRIGENDUM

निविदा सं.	निविदा सूचना	विवरण	संशोधन	खुलने की तिथि: मौजुदातिथि	मौजुदातिथि
79250008	एस/2026/23 dt. 27.05.2026	सुपीरियर कवालिटी पिलो फॉर एसी कोच	संशोधन इन टेंडर टाइटल एंड आइटम डिस्क्रिप्शन	10.06.2026	22.06.2026
81261030	एस/2026/20 dt. 14.05.2026	इंडस्ट्रियल कंप्रेस्ड ऑक्सीजन गैस फॉर इंडस्ट्रियल		08.06.2026	01.07.2026

नोटः इच्छुक निविदाकर्ता हमारी वेबसाईट ireps.gov.in पर सामग्री का पूरा विवरण/ स्पेसिफिकेशन/बयाना राशि/निविदा फार्म का मूल्य और अन्य जानकारी देख सकते है। सभी निविदाकर्ताओं से निवेदन है कि अपने डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करें तथा अपनी फर्म को उक्त साइट पर रजिस्टर्ड करें। (2) 50 लाख से नीचे के विज्ञापित निविदा, सीमित निविदा, विशेष सीमित निविदा एवं कम मूल्य की निविदा में भाग लेने के लिए हमारी वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जायें।

844-PH/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक : F-JDA/Zone 08/2026/D-231 दिनांक : 10.06.2026

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 297868 दिनांक 22/05/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Sub Division and Reconstitution जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं :-

आवेदक का नाम	मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड क्षेत्रफल	गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना	योजना का नाम
Abhimanyu Singh Rajawat S/o Arjun Singh Rajawat	श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी श्री सुरेश चन्द गुप्ता	253	288.88 SQ. YARD	Private	SHRI DADU DAYAL NAGAR-CD

सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया : Sub Division and Reconstitution
कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज : रजिस्टर्ड विक्रय पत्र

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Sub Division and Reconstitution जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection Module के माध्यम से आपत्ति Online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। उपायुक्त, जोन 08

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना संख्या 43 to 66-26-27 मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए **दिनांक 29.06.2026 को 15.00 बजें तक** खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैः- **निविदा सं.** 43, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 1ए -सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय, उ.प. रेलवे, बीकानेर के अधीन बीकानेर पर सर्विस इमारतों का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs.52674246.44, **बयाना राशिः** Rs.1053500.00; **निविदा सं.** 44, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 1बी - सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय, उ.प. रेलवे, बीकानेर के अधीन बीकानेर पर स्टाफ क्वार्टरों एवं बंगलो का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs. 51093313.61, **बयाना राशिः** Rs. 1021900.00; **निविदा सं.** 45, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 1सी - सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय, उ. प.रेलवे, बीकानेर के अधीन बीकानेर और लालगढ़ में स्टाफ क्वार्टरों, सर्विस इमारतों एवं बंगलो में बागवानी का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs. 9339920.00, **बयाना राशिः** Rs. 186800.00; **निविदा सं.** 46, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 2ए - सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय, उ.प. रेलवे, बीकानेर के अधीन लालगढ़ में वर्कशॉप एवं जनरल स्टोर का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs.25047880.92, **बयाना राशिः** Rs. 501000.00; **निविदा सं.** 47, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 2बी - सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय, उ.प. रेलवे, बीकानेर के अधीन लालगढ़ में सर्विस बिल्डिंग का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs. 31503386.50, **बयाना राशिः** Rs. 630100.00; **निविदा सं.** 48, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 3 - सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय, उ.प. रेलवे, बीकानेर के अधीन लालगढ़ में स्टाफ क्वार्टरों एवं बंगलो का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs. 35605799.40, **बयाना राशिः** Rs. 712100.00; **निविदा सं.** 49, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 4ए(I) - सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन, उ.प. रेलवे, बीकानेर के अधीन उपमंडल में नापासर (छोड़कर)-नाथवाणा (छोड़कर) खण्ड पर सर्विस बिल्डिंग के लिए जोनल कार्य (2026-27 एवं 2027-28 के लिए)। **अनुमानित लागतः** Rs. 23377581.23, **बयाना राशिः** Rs. 467600.00; **निविदा सं.** 50, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 4ए(II) - सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन, उ. प.रेलवे, बीकानेर के अधीन उपमंडल में लालगढ़ (छोड़कर)-फलौदी (छोड़कर) खण्ड पर सर्विस बिल्डिंग के लिए जोनल कार्य (2026-27 एवं 2027-28 के लिए)। **अनुमानित लागतः** Rs. 30943450.64, **बयाना राशिः** Rs. 618900.00; **निविदा सं.** 51, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 4बी(I) - सहायक मंडल इंजीनियर/ लाईन, उ.प. रेलवे, बीकानेर के अधीन उपमंडल में नापासर (छोड़कर)-नाथवाणा (छोड़कर) खण्ड पर स्टाफ क्वार्टरों के लिए जोनल कार्य (2026-27 एवं 2027-28 के लिए)। **अनुमानित लागतः** Rs. 27830046.72, **बयाना राशिः** Rs. 556600.00; **निविदा सं.** 52, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 4बी(II) - सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन, उ. प.रेलवे, बीकानेर के अधीन उपमंडल में लालगढ़ (छोड़कर)-फलौदी (छोड़कर) खण्ड पर स्टाफ क्वार्टरों के लिए जोनल कार्य (2026-27 एवं 2027-28 के लिए)। **अनुमानित लागतः** Rs. 29517750.39, **बयाना राशिः** Rs. 590400.00; **निविदा सं.** 53, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 5ए - सहायक मंडल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, सूरतगढ़ के अधीन सहायक मंडल इंजीनियर, सूरतगढ़ उपमंडल पर सर्विस इमारतों का जोनल कार्य (2026-27 एवं 2027-28 के लिए)। **अनुमानित लागतः** Rs. 44484373.67, **बयाना राशिः** Rs. 889700.00; **निविदा सं.** 54, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 5बी - सहायक मंडल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, सूरतगढ़ के अधीन सहायक मंडल इंजीनियर, सूरतगढ़ उपमंडल पर स्टाफ क्वार्टरों का जोनल कार्य (2026-27 एवं 2027-28 के लिए)। **अनुमानित लागतः** Rs. 56300068.38, **बयाना राशिः** Rs. 1126000.00; **निविदा सं.** 55, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 6ए - सहायक मंडल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, हनुमानगढ़-प्रथम के अधीन हनुमानगढ़-प्रथम उपमंडल पर सर्विस इमारतों का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs. 35527143.93, **बयाना राशिः** Rs. 710600.00; **निविदा सं.** 56, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 6बी - सहायक मंडल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, हनुमानगढ़-प्रथम के अधीन हनुमानगढ़-प्रथम उपमंडल पर क्वार्टरों का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs. 38171526.66, **बयाना राशिः** Rs. 763400.00; **निविदा सं.** 57, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 7ए - सहायक मंडल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, हनुमानगढ़-द्वितीय के अधीन हनुमानगढ़-द्वितीय उपमंडल पर सर्विस इमारतों का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs. 49619519.51, **बयाना राशिः** Rs. 992400.00; **निविदा सं.** 58, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 7बी - सहायक मंडल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, हनुमानगढ़-द्वितीय के अधीन हनुमानगढ़-द्वितीय उपमंडल पर क्वार्टरों का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs. 57897562.30, **बयाना राशिः** Rs. 1158000.00; **निविदा सं.** 59, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 8ए - सहायक मंडल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, सिरसा के अधीन सिरसा उपमंडल पर सर्विस बिल्डिंगों का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs. 42452009.64, **बयाना राशिः** Rs. 849100.00; **निविदा सं.** 60, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 8बी - सहायक मंडल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, सिरसा के अधीन सिरसा उपमंडल पर स्टाफ क्वार्टरों का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs. 65748012.30, **बयाना राशिः** Rs. 1315000.00; **निविदा सं.** 61, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 9ए - सहायक मंडल इंजीनियर, उ.प. रेलवे, भिवानी के अधीन भिवानी उपमंडल पर सर्विस बिल्डिंगों का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs. 36634073.94, **बयाना राशिः** Rs. 732700.00; **निविदा सं.** 62, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 9बी - सहायक मंडल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, भिवानी के अधीन भिवानी उपमंडल पर स्टाफ क्वार्टरों का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs. 61426039.32, **बयाना राशिः** Rs. 1228500.00; **निविदा सं.** 63, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 10ए - सहायक मंडल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, सादुलपुर के अधीन सादुलपुर उपमंडल पर सर्विस बिल्डिंगों का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs. 50219069.30, **बयाना राशिः** Rs. 1004400.00; **निविदा सं.** 64, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 10बी - सहायक मंडल इंजीनियर, उ. प.रेलवे, सादुलपुर के अधीन सादुलपुर उपमंडल पर स्टाफ क्वार्टरों का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs. 56038030.70, **बयाना राशिः** Rs. 1120800.00; **निविदा सं.** 65, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 11ए - सहायक मंडल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, रतनगढ़ के अधीन रतनगढ़ उपमंडल पर सर्विस बिल्डिंगों का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs. 48264789.76, **बयाना राशिः** Rs. 965300.00; **निविदा सं.** 66, **कार्य का स्थान व नामः** जोन नं. 11बी - सहायक मंडल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, रतनगढ़ के अधीन रतनगढ़ उपमंडल पर स्टाफ क्वार्टरों का जोनल कार्य। **अनुमानित लागतः** Rs. 50725966.01, **बयाना राशिः** Rs. 1014500.00; **नोटः-** अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

847-PH/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

ऑन डिमांड बाइक चोरी करने वाली शातिर गैंग का पर्दाफाश

मौज-मस्ती में उड़ा देते वाहन बेचकर मिली रकम, कई ठिकानों पर दबिश देकर 6 बदमाश पकड़े, 45 बाइक रिकवर

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। पुलिस ने ऑन डिमांड बाइक चोरी करने वाली एक शातिर गैंग का बुधवार दोपहर खुलासा किया है। प्रताप नगर व बजाज नगर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में वाहन चोर गैंग के 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, एक नाबालिग साथी भी पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 45 बाइक

रिकवर की है। चोरी की बाइक को बेचकर मिली रकम को गैंग के बदमाश मौज-मस्ती में उड़ाते थे। पुलिस पूछताछ में कई वारदातों का खुलासा होने की संभावना है। डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा ने बताया कि वाहन चोर गैंग के बदमाश रणजीत निवासी सुल्तानपुर कोटा हाल खानाबदोश प्रहलादपुरा शिवदासपुरा, विवेक कुमार उर्फ लाला निवासी टोडाभीम करौली, किरोड़ी मीणा निवासी शिव विहार कॉलोनी जामडोली, रामसिंह मीणा निवासी रैणी अलवर व रामकेश मीणा निवासी रैणी अलवर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरोह में शामिल एक नाबालिग साथी को भी पकड़ा है।

बदमाश विवेक कुमार उर्फ लाला पर 3 हजार रुपए का इनाम है। खोह नागोरियान थाने में वह पोक्सो एक्ट के मामले में पिछले 3 साल से फरार था। गिरोह के सभी बदमाशों के खिलाफ कई आपराधिक प्रकरण दर्ज है। प्रताप नगर थानाधिकारी पूरणमल यादव के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल दशरथ सिंह, दयाराम, कांस्टेबल शंकर व गणेश की टीम बनाई गई। वहीं, बजाज नगर में थानाधिकारी रामधन डोभाल के नेतृत्व में एएसआई इंद्राज, हैड कांस्टेबल धर्मसिंह, कांस्टेबल रामवतार, भरतलाल व महेन्द्र कुमार की टीम बनाई। दोनों टीमों ने डीएसटी ईस्ट प्रभारी एसआई बन्ना लाल की टीम के साथ मिलकर शहर में हो रही वाहन चोरी को लेकर सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला। बजाज नगर व प्रताप नगर इलाके में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन चोरों को चिन्हित किया गया। पुलिस टीम ने बदमाशों को पकड़ने के लिए कई ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस टीम ने इन्द्रा नगर में दबिश देकर गिरोह के तीन बदमाश किरोड़ी मीणा, रामसिंह मीणा व रामकेश मीणा को पकड़ा। वहीं, प्रताप नगर इलाके में दबिश देकर दो बदमाश विवेक कुमार व रणजीत को पकड़ा गया। पुलिस टीम ने आरोपियों की निशानदेही पर जयपुर शहर से चुराई 45 बाइक पर बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने जयपुर शहर में 60 से अधिक बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देना बताया है। यह बदमाश ऑन डिमांड पर बाइक चुराई गई बाइक को 5 हजार रुपए में बेच देते थे। इनसे मिलने वाली रकम को अपनी मौज-मस्ती में उड़ा देते थे।

होमगार्ड पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश, रॉन्ग साइड से भागा ड्राइवर

जोधपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। शहर के शास्त्री नगर थाना क्षेत्र के जलजोग चौराहे पर होमगार्ड पर कार चढ़ने की कोशिश का मामला सामने आया है। होमगार्ड कार रोकने के लिए बार-बार ड्राइवर को इशारा करता रहा। ड्राइवर भागने की फिराक में कार चलाता रहा। ट्रैफिक पुलिसकर्मी पीछा करने के लिए दौड़े, लेकिन कार ड्राइवर रॉन्ग साइड से भाग गया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच की और कार ड्राइवर रमेश विश्नोई को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार रमेश विश्नोई पाली जिले के रोहट तहसील के निम्बली पटेलान का रहने वाला है। वह किसी काम से जोधपुर आया था। जलजोग चौराहे पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी और एक होमगार्ड तैनात थे। दोनों ने सवार रमेश विश्नोई को रुकने का इशारा करते हुए कार साइड में लेने के लिए कहा। तभी कार सवार ने चौराहे से कार को टर्न कर लिया। भागने की कोशिश में गलत साइड जाने लगा। होमगार्ड ने कार को रोकने के लिए कहा तो उस पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। इसके बाद रॉन्ग साइड में स्पीड से गाड़ी दौड़ाता हुआ निकल गया। शास्त्री नगर थानाधिकारी जुल्फीकार अली ने बताया कि इस पूरे घटना का वीडियो सामने आने के बाद टीम बनाई गई थी। गाड़ी के नंबर के आधार पर कार मालिक की जानकारी निकाली गई।

ट्रक के गुप्त तहखाने में ले जा रहे थे साढ़े चार करोड़ की अफीम

ऑपरेशन जमुहार : एएनटीएफ का नशे के खिलाफ 5 राज्यों में महा-ऑपरेशन

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए नशे के खिलाफ अपने अभियान में एक और ऐतिहासिक सफलता हासिल की है, जिसमें मणिपुर से उत्तर भारत के रास्ते राजस्थान लाई जा रही करीब 90 किलोग्राम अवैध अफीम के दूध की खेप जब्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 4.50 करोड़ रुपए आंकी गई है। हरियाणा के सिरसा जिले में हरियाणा पुलिस के सहयोग से अंजाम दी गई यह कार्रवाई हाल के वर्षों में एएनटीएफ की सबसे बड़ी और प्रभावशाली कार्रवाइयों में गिनी जा रही है। एएनटीएफ महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में ट्रक पूरी तरह खाली मिला और ड्राइवर अनजान बनता रहा। लेकिन जब एएनटीएफ की टीम ने ट्रक के निचले हिस्से की बारीकी से जांच की तो दंग रह गए।

तस्करों ने ट्रक के नीचे लोहे की पत्तियों से वेल्डिंग कर और नट-बोल्ट लगाकर एक गुप्त कमरेनुमा केबिन बना रखा था। जब कटर से उस तहखाने को तोड़ा गया तो उसके अंदर से 95 पोटलियों में पैक 88.970 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। मौके से आरोपी किशनाराम विश्नोई पुत्र छोगा राम उम्र 44 साल निवासी शिवपुरा जिला पाली को गिरफ्तार किया गया और मुख्य सूत्रधार सुखराम विश्नोई को हिरासत में लिया गया। उन्होंने बताया उत्तर-पूर्वी राज्यों से उत्तर भारत में आ रही नशे की बड़ी खेपों को रोकने के लिए मणिपुर मॉड्यूल पर तकनीकी अन्वेषण शुरू किया गया था। महीनों की अथक मेहनत और 5 राज्यों में फैले जाल को काटकर एएनटीएफ ने यह ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। एएनटीएफ को मणिपुर और उत्तर-पूर्वी राज्यों से राजस्थान में भारी मात्रा में मादक पदार्थ लाए जाने का इनपुट मिल रहा था। आईजी विकास कुमार ने अपनी विशेष खुफिया टीमों को तीन बार मणिपुर भेजा, जहां टीमों ने 10-10 दिन कैंप लगाकर पूरे इलाके का सर्वे किया।

जम्मू में ट्रक ड्राइवर को कोड वर्ड में दिया निर्देश

एएनटीएफ की हनुमानगढ़, गंगानगर व नागौर की टीमें तुरंत उस ट्रक के पीछे लग गईं। इसी बीच जम्मू में बैठे मुख्य सूत्रधार मगनलीप (काल्पनिक नाम) ने सुखराम के पकड़े जाने के डर से ट्रक ड्राइवर को कोड वर्ड में निर्देश दिया कि रात तक श्रीनगर पहुंचना था, लेकिन अब जम्मू ही रुकना पड़ेगा, आगे नहीं जाएंगे। इसका मतलब था कि पुलिस के डर से अब माल राजस्थान नहीं बल्कि रास्ते में ही ठिकाने लगाया जाएगा। इसके बाद ट्रक अचानक राजस्थान सीमा से ठीक पहले हरियाणा के सिरसा इलाके में रुक गया। इस क्रिटिकल मोड़ पर आईजी विकास कुमार ने खुद मोर्चा संभाला। उन्होंने देर रात हरियाणा के सिरसा एसपी दीपक सारण को फोन किया। मुस्तैदी दिखाते हुए सिरसा एसपी ने तत्काल अपनी फोर्स को राजस्थान एएनटीएफ की टीम के साथ अटैच किया। इस पूरे धरपकड़ ऑपरेशन की कमान एएनटीएफ की महिला इंस्पेक्टर किरणजीत कौर के हाथ में थी, जो पिछले 36 घंटों से बिना खाए-पिए और सोए पूरी मुस्तैदी से अपने कर्तव्य को अंजाम दे रही थीं। संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध ट्रक को ढूंढ निकाला।

मौज-मस्ती, भगवत भक्ति और पुलिस की पहेली

मणिपुर से नशे का सौदा फाइनल कर सुखराम अपने मौज-मस्ती के ठिकाने लखनऊ पहुंचा, वहां उसने अपनी एक महिला मित्र को बुलाया और उसके साथ नैनीताल और प्रसिद्ध कैंची धाम की यात्रा कर जीवन के आनंद लेता रहा। एएनटीएफ इस पहेली को सुलझाने में जुटी रही कि जिस गाड़ी में करोड़ों का नशा होने का शक है, उससे यह जोड़ा खुलेआम घूम कैसे रहा है। आखिरकार महिला मित्र बस से जयपुर के लिए रवाना हुई और सुखराम अपनी मिजोरम नंबर की कार से अलग रास्ते से जयपुर की तरफ बढ़ा। जयपुर के नजदीक नाकाबंदी कर एएनटीएफ ने सुखराम को दबोच लिया, लेकिन पूरी कार खंगालने पर भी एक ग्राम अफीम नहीं मिली। दरअसल, सुखराम ने टोल नाके पर पुलिस को देखकर अपने सारे मोबाइल व तकनीकी उपकरण रिसेट कर दिए थे। एएनटीएफ की तकनीकी विंग ने जब सुखराम के रिसेट उपकरणों से डेटा रिकवर किया तो उसमें एक संदिग्ध ट्रक के फास्टैग कार्ड की डिटेल मिली। गहनता से जांच करने पर पता चला कि इस ट्रक का फास्टैग भुगतान सुखराम खुद कर रहा था और वह ट्रक मणिपुर से असम, पश्चिम बंगाल, बिहार व यूपी होते हुए हरियाणा की सीमा में दाखिल हो चुका था।

गहरी नींद में किया हमला, मामा को फोन कर बोला- पापा को बचा लो

नाबालिग बेटे ने गंडासे से गला काटकर पिता को मार डाला

महानगर टाइम्स संवाददाता

अलवर। अरावली विहार थाना क्षेत्र में नाबालिग बेटे ने गंडासे से अपने पिता की गला काटकर हत्या कर दी। उसने एक के बाद एक 6 वार किए, जिससे मौके पर ही पिता ने दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद नाबालिग बेटे ने अपने मामा को फोन कर कहा कि घर जाकर पापा को बचा लो। पुलिस ने बेटे को डिटेन कर लिया है। बेटे ने पिता पर हमला उस समय किया, जह वह गहरी नींद में थे। पुलिस की मानें तो शुरुआती पूछताछ में उसने हत्या के कारणों का कोई खुलासा नहीं किया है। लड़के की मां अपने भाई की शादी में पीहर गई थी। घर पर सिर्फ पिता और बेटा थे। पूरा परिवार शादी समारोह में गया था। बेटा और पिता अलवर लौट आए थे।

पुलिस की मानें तो पिता शराब का आदी था। वह ई-रिक्शा चलाता था। हत्या करने के बाद घबराए या गुमराह करने के लिए नाबालिग ने पास ही मौजूद अपने मामा को फोन कर पिता को बचाने की गुहार लगाई। अरावली विहार थाने के एसएचओ रामेश्वर दयाल ने बताया कि रात को पुलिस को इस घटना की सूचना मिली थी। पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे तो कमरे का नजारा देखकर सन्न रह गए। बिस्तर पर लहूलुहान शव पड़ा था। उसका गला बुरी तरह कटा हुआ था। पुलिस ने तुरंत शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां पोस्टमॉर्टम किया गया। मामा ने पुलिस को बताया कि भांजे का फोन आया कि मामा घर जाओ और पापा को बचा लो। मैं जब भागकर वहां पहुंचा तो जीजाजी खून से सने पड़े थे। उनकी सांसें थम चुकी थीं। हमें अंदाजा भी नहीं था कि वो ऐसा कुछ कर देगा। पुलिस जांच में सामने आया है कि पिता मूल रूप से डीग जिले का रहने वाला था। वह अपने परिवार के साथ अलवर में किराए के मकान में रहता था। वह घर आया और सो गया था। इसके कुछ देर बाद ही बेटे ने उसकी हत्या कर दी।

कार में एसी चलाकर सो रहे बैंक मैनेजर की दम घुटने से मौत

महानगर टाइम्स संवाददाता

श्रीगंगानगर। जवाहर नगर थाना क्षेत्र में कार में एसी चला सो रहे प्राइवेट बैंक में लोन मैनेजर की मौत हो गई। घरवालों ने शीशे तोड़कर बॉडी को बाहर निकाला। प्राथमिक जांच में दम घुटने की बात सामने आई है। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस को कार से बीयर के कैन भी मिले हैं। मैनेजर घर से दो दिन से लापता था। फोन बंद आने से परिवार वाले कॉन्टेक्ट नहीं कर पा रहे थे। जवाहर नगर एसएचओ देवेंद्र सिंह ने बताया कि मुकेश सुथार पुत्र बलराम सुथार 42 एनपी रायसिंहनगर के रहने वाले थे। वह मीरा चौक स्थित निजी बैंक शाखा में लोन मैनेजर के पद पर पोस्टेड थे। करीब 5 साल पहले बैंक की नौकरी जॉइन की थी। शादी चार साल पहले हुई थी, जिनके एक बेटी है। मुकेश सुबह घर से निकले, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटे। मोबाइल फोन भी बंद आ रहा था।

परिजन लगातार उनकी तलाश कर रहे थे। सर्च के दौरान गगनपथ पर बिहानी चिल्ड्रन्स एकेडमी के पास आइसक्रीम पार्लर के बाहर खड़ी उनकी कार दिखाई दी। कार बंद थी और मुकेश कार की स्टेयरिंग सीट पर ही थे। कार के गेट लॉक थे, ऐसे में परिजनों ने शीशे तोड़कर बाहर निकाला। प्रथम दृष्टया सामने आया कि कार का एसी ऑन था, कार कैसे बंद हुई इसकी भी जांच की जा रही है। एसएचओ ने बताया कि जवाहरनगर थाने में मामले की सूचना परिजनों ने दी। हैड कांस्टेबल हरदेव मौके पर पहुंचे। पुलिस को कार के अंदर से बीयर के 4 खाली और दो भरे हुए कैन मिले है। शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि दम घुटने से मौत हुई है। हालांकि मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। परिजनों का कहना है कि मुकेश का काम लोन से जुड़ा होने के कारण उन्हें अक्सर बाहर जाना पड़ता था और कई बार देर रात घर लौटते थे।

पंजाब निर्मित बीयर से भरी पिकअप जब्त, ड्राइवर को किया गिरफ्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता

हनुमानगढ़। पल्लू थाना पुलिस ने पंजाब निर्मित बीयर की 6 हजार 720 कैन बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 34 लाख रुपए बताई जा रही है। इस मामले में बीयर से भरी एक पिकअप को जब्त कर ड्राइवर दिनेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। दिनेश कुमार बाड़मेर के अमलखानियों की ढाणी चाडी का निवासी है। यह कार्रवाई जिलेभर में अवैध शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पल्लू थाना प्रभारी सुरेश मील के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार को भारतमाला रोड स्थित उदासर रोही क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस को मुखबिरों से शराब के परिवहन की सूचना मिली थी, जिसके बाद इलाके में नाकाबंदी बढ़ाई गई। इसी दौरान एक संदिग्ध पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली गई। जांच में वाहन से कुल 6 हजार 720 कैन पंजाब निर्मित किंगफिशर बीयर बरामद हुई।

पुलिस ने मौके पर ही पिकअप वाहन को जब्त कर ड्राइवर दिनेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी अवैध रूप से पंजाब से शराब लेकर दूसरे राज्य में परिवहन कर रहा था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था। इस कार्रवाई के दौरान गोपनीय सूचना एकत्र करने और साक्ष्य जुटाने में जिला विशेष टीम की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का मानना है कि पूछताछ में अवैध शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

आरोपी फरार, ससुरालजनों पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

पीहर से लौटी पत्नी की पति ने कुल्हाड़ी मारकर की हत्या

महानगर टाइम्स संवाददाता

करौली। मासलपुर थाना क्षेत्र के बरबटपुरा गांव में बुधवार सुबह एक पति ने अपनी पत्नी की धारदार कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। विवाहिता को गंभीर हालत में हिंडौन अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीहर पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने पति समेत अन्य ससुरालजनों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करौली पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम ने बताया कि मृतका निरमा गुर्जर की शादी करीब 15 साल पहले बरबटपुरा निवासी राजेंद्र गुर्जर के साथ हुई थी। उसका गौना लगभग तीन साल पहले हुआ था। पीहर पक्ष के अनुसार दहेज की मांग और प्रताड़ना से परेशान होकर निरमा करीब छह माह पहले अपने मायके चली गई थी। गांव के पंच-पटेलों और रिश्तेदारों की समझाइश के बाद उसे दोबारा ससुराल भेजा गया था। मृतका के भाई रिकेश गुर्जर निवासी करवाड़ी बयाना ने रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही पति राजेंद्र गुर्जर, देवर और अन्य ससुरालजन दहेज की मांग को लेकर निरमा को प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि ससुराल लौटने के महज दो दिन बाद बुधवार सुबह पति ने धारदार कुल्हाड़ी से उसकी गर्दन पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजन गंभीर हालत में निरमा को इलाज के लिए हिंडौन अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। घटना की सूचना मिलते ही मासलपुर थाना प्रभारी परमजीत सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए करौली डीएसपी अनुज शुभम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाने के निर्देश दिए। पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम ने बताया कि वारदात के बाद आरोपी पति फरार हो गया।

आपसी रंजिश में फायरिंग, पैर में गोली लगने से युवक घायल

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। अशोक नगर थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश और कब्जे के विवाद को लेकर फायरिंग की घटना सामने आई है। फायरिंग में शाहिद नाम के युवक के पैर में गोली लगी है। घायल को इलाज के लिए एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर लाया गया। डॉक्टरों के अनुसार शाहिद की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। शाहिद भट्टा बस्ती इलाके का रहने वाला है। सूचना मिलने पर अशोक नगर थाना पुलिस और एसएमएस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस फायरिंग के पीछे आपसी रंजिश और कब्जे के विवाद के एंगल से जांच कर रही है। साथ ही घटना में शामिल आरोपियों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्य भी खंगाल रही है।

बाइक पर सवार साथी ने कहा- पहले से हो गया था अनहोनी का अंदेशा

आपसी कहासुनी में लाठी-सरिए से हमला कर युवक की हत्या

महानगर टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। खुहड़ी थाना इलाके के सोड़ा गांव में आपसी कहासुनी में युवक की हत्या कर दी गई। युवक के साथ बाइक पर सवार साथी ने पूरी घटना के बारे में बताया है। वहीं परिजनों का आरोप है कि 2-3 बार कहासुनी हुई थी, अंदाजा नहीं था कि वो 15 लोगों के साथ मिलकर हत्या कर देगा। परिजनों ने कहा कि अब जब तक पुलिस 15 लोगों को गिरफ्तार नहीं कर लेती, हम शव नहीं उठाएंगे। घटना का

सीसीटीवी भी सामने आया था। चश्मदीद भोपाल सिंह के अनुसार अचानक सामने से गाड़ियां आई और हेडलाइट से डिपर देने लगे तो अनहोनी का अंदेशा हो गया था। बदमाशों ने महावीर को बुरी तरह पीटा और मुझे कहा कि किसी को बताया तो जान से मार देंगे। एसपी अभिषेक शिवहरे ने बताया कि म्याजलार निवासी महावीर सिंह अपने साथी भोपाल सिंह के साथ जैसलमेर से अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान म्याजलार निवासी हमीर सिंह और अन्य लोगों ने दोनों पर हमला कर दिया और गाड़ी में डालकर ले गए।

मारपीट में महावीर सिंह की मौत हो गई। वारदात के समय बाइक पर पीछे बैठे धानेली निवासी भोपाल सिंह पुत्र राण सिंह ने बताया कि वह और महावीर सिंह बाइक पर जा रहे थे। करीब 30 किलोमीटर दूर सामने से 3 गाड़ियां आती दिखाई दी। दिन का समय था, गाड़ियां डिपर मार रही थी। हमें कुछ अनहोनी का अंदेशा हुआ तो हमने बाइक को साइड में लेकर धीमा कर लिया, लेकिन बदमाशों ने संभलने का मौका ही नहीं दिया और हमारी बाइक को जोरदार टक्कर मारकर गिरा दिया। भोपाल सिंह ने बताया कि टक्कर लगते ही हम गिर गए। बदमाशों ने तुरंत मुझे उठाकर अपनी गाड़ी में डाल दिया। इसके बाद करीब 15 बदमाशों ने महावीर सिंह को घेर लिया और उस पर लाठी, डंडों व लोहे के सरियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उन्होंने महावीर को तब तक बेरहमी से पीटा, जब तक वह अधमरा नहीं हो गया। इसके बाद वे महावीर को भी लहूलुहान हालत में गाड़ी में डालकर रवाना हो गए। भोपाल सिंह ने कहा कि करीब 10 किलोमीटर आगे जाने के बाद बदमाशों ने मेरा मोबाइल छीन लिया और मुझे चलती गाड़ी से नीचे उतार दिया। उन्होंने धमकी दी कि अगर इस बारे में किसी को भी बताया तो जान से मार देंगे। इसके बाद वे महावीर को लेकर भाग गए। गाड़ियों में करीब 15 लोग सवार थे, जिनमें से मायज्लार निवासी हमीर सिंह व सब्जी की गाड़ी चलाने वाले पापू सिंह को पहचान पाया हूं, बाकी अन्य बदमाश थे। महावीर सिंह के पिता गोरधन सिंह ने बताया कि बेटे की आरोपी हमीर सिंह के साथ पहले भी दो-तीन बार कहासुनी हुई थी, लेकिन अंदाजा नहीं था कि वह 15 लोगों को साथ लाकर इस तरह बेरहमी से हत्या कर देगा।

खेल-खेल में खौलती सब्जी की कढ़ाही में गिरा 2 साल का मासूम

महानगर टाइम्स संवाददाता

बांसवाड़ा। कुशलगढ़ इलाके के टिंबेड़ा छोटा गांव में बुधवार सुबह आंगन में चूल्हे पर सब्जी की कढ़ाही चढ़ाकर घर के सदस्य बाहर जाकर बैठ गए। इस दौरान आंगन में खेलता 2 साल का बच्चा खेल-खेल में कढ़ाही तक पहुंच गया। कढ़ाही में सब्जी खौल रही थी। बच्चे का संतुलन बिगड़ा और वह कढ़ाही में जा गिरा, जिससे बच्चे का एक पैर झुलस गया। चीख सुनकर माता-पिता दौड़ते आए और बच्चे को संभाला। बच्चे के पिता रितेश ने बताया कि बुधवार सुबह दो साल का बेटा आयुष घर के आंगन में खेल रहा था। वहीं चूल्हे पर सब्जी बन रही थी। पत्नी ने आंगन में बने चूल्हे पर

सब्जी चढ़ाई और घर के बाहर आ गई। मैं भी बाहर ही था। इस दौरान बेटा आयुष आंगन में खेल रहा था। खेल-खेल में वह चूल्हे के पास पहुंच गया और संतुलन खोकर खौलती सब्जी की कढ़ाही में जा गिरा। बेटे की चीख-पुकार सुनकर हम घर के अंदर भागे तो देखा कि कढ़ाही गिरी हुई थी। बेटा दर्द से कराह रहा था। हादसे में उसके दायां पैर झुलस गया। हमने उस पर पानी डाला और तुरंत जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे बर्न वार्ड में भर्ती कर लिया।

पूर्व उपराष्ट्रपति ने पीएम नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक कार्यकाल और पंडित जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ने पर लिखा लेख

मोदी भारत के भाग्य विधाता, यह नाम देने में मुझे कोई हिचकिचाहट नहीं : नायडू

नई दिल्ली। भारत के पूर्व उप राष्ट्रपति वैंकेया नायडू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐतिहासिक कार्यकाल और पंडित जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड तोड़ने पर एक लेख लिखा है। पूर्व उप राष्ट्रपति ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी की कहानी एक अनोखी दास्तान है। वैंकेया नायडू ने लिखा, 'आजाद भारत ने जवाहरलाल नेहरू से लेकर नरेन्द्र मोदी तक 15 प्रधानमंत्री देखे हैं। उन्होंने अलग-अलग सामाजिक-राजनीतिक और आर्थिक हालात में देश की सेवा की और अपनी पूरी क्षमता से कई तरह की चुनौतियों का सामना किया। मौजूदा प्रधानमंत्री की कहानी एक अनोखी दास्तान है। नरेन्द्र मोदी नेहरू का रिकॉर्ड तोड़कर सबसे लंबे समय तक लगातार (4,399 दिन) पद पर रहने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनके कार्यकाल में अभी तीन साल और बाकी हैं। यह उपलब्धि इसलिए भी अहम है क्योंकि यह ऐसे दौर में मिली है जब जबरदस्त राजनीतिक प्रतिस्पर्धा, गठबंधन की राजनीति, 24 घंटे मीडिया की नजर और सोशल मीडिया से चलने वाली जन-चर्चा का माहौल है। साधारण परिवार में जन्मे मोदी ने गुजरात के वडनगर में चाय बेचने का काम किया और अपने पिता का हाथ बंटाया। वहां से निकलकर देश की राजधानी के साउथ ब्लॉक में प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचना एक असाधारण उपलब्धि है।' भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा, 'इन 12 साल के बाद मुझे पीएम मोदी को 'मैन ऑफ डेस्टिनी फॉर इंडिया' (भारत का भाग्य विधाता) का नया नाम देने में कोई हिचकिचाहट नहीं है। वह भाग्य है- स्वर्णिम भारत। भारत उनके हाथों में सुरक्षित है। मैं नरेन्द्र मोदी को उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं।' पूर्व उप राष्ट्रपति ने लिखा, 'उनकी (पीएम मोदी) यात्रा आत्म-साक्षात्कार की थी। भारत, जनता और उनकी समस्याओं को समझने की, देश के भविष्य को 'स्वर्ण भारत' के रूप में परिकल्पित करने की और इस दृष्टि को साकार करने के लिए प्रयासरत रहने की। उनके मन पर प्रारंभिक रूप से आरएसएस के साथ उनके जुड़ाव का गहरा प्रभाव पड़ा। अपने जीवन के अधिकांश समय उन्होंने चुपचाप आरएसएस, जनसंघ और भाजपा द्वारा विभिन्न स्तरों पर सौंपे गए कर्तव्यों का निर्वहन किया। इस प्रक्रिया में उन्होंने अपार संगठनात्मक क्षमता, स्पष्ट विचार, भारत के भविष्य के सपने देखने का साहस और कर्तव्य की पुकार आने पर उसका सामना करने की क्षमता प्राप्त की।' वैंकेया नायडू ने कहा, '51 वर्ष की आयु में मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने पहले दिन से ही अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया, गुजरात की जनता की उद्यमशीलता और ऊर्जा को उजागर और निर्देशित किया। मुख्यमंत्री के रूप में उनका 13 वर्ष का निर्बाध कार्यकाल कई मायनों में महत्वपूर्ण रहा। उनके कार्यकाल के दौरान उभरे गुजरात मॉडल ने देश की जनता की कल्पना को साकार किया। भारत की जनता एक ऐसे नेता की तलाश में थी जो परिणाम दे सके। उन्हें मोदी में ऐसा नेता मिला। मोदी ने 2014 के लोकसभा चुनावों में एनडीए को जीत दिलाई। पहली बार भाजपा ने बहुमत हासिल किया।

पीएम मोदी को सीएम भजनलाल शर्मा ने लिखा पत्र

140 करोड़ देशवासियों में 'मोदी है तो मुमकिन है' की भावना का हुआ संचार

जयपुर। देश के प्रधानमंत्री के रूप में 12 गौरवशाली वर्ष पूरे करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान की साढ़े 8 करोड़ जनता की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सदैव सेवा, जनकल्याण और राष्ट्र के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण, नारी शक्ति वंदन, युवा सशक्तिकरण और सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन से 140 करोड़ देशवासियों में 'मोदी है तो मुमकिन है' की भावना का संचार हुआ है। मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान को राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, जयपुर मेट्रो फेज-2 परियोजना, माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना सहित कई ऐतिहासिक विकास परियोजनाओं की सौगात मिली है। रिफाइनरी का सपना साकार होने से विकास का एक नया युग शुरू होने जा रहा है। दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्रों ने प्रदेश को देश के प्रमुख औद्योगिक गंतव्यों में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि 12 वर्ष के कालखंड में प्रधानमंत्री मोदी की अनेक जनकल्याणकारी पहल राजस्थान की धरती से हुई हैं। झुंझुनूं से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का राष्ट्रीय विस्तार, पोषण अभियान का शुभारंभ, अजमेर से सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री के सान्निध्य और मार्गदर्शन में प्रदेश विकसित राजस्थान-2047 के संकल्प की ओर तेजी से अग्रसर है।

सांस्कृतिक पुनर्जागरण को मिला आधुनिक स्वरूप

मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के दृढ़ नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की नई सुरक्षा नीति और अटूट राष्ट्रीय संकल्प को विश्व के सामने स्थापित किया गया है। राजस्थान के वीर सपूतों ने भी इस अभियान में साहस, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति का परिचय देकर देश का गौरव बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व शांति, संतुलित-टिकाऊ विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों के वाहक के रूप में विश्व गुरु की संकल्पना को साकार करने की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक निर्माण तथा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व से सांस्कृतिक पुर्नजागरण को आधुनिक स्वरूप मिला है।

राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर से रीको को मिली बड़ी जीत

बोरानाड़ा, जोधपुर में उद्योगों को मिलेगी भूमि, निवेश एवं रोजगार के अवसर होंगे सृजित

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर ने राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) द्वारा जोधपुर के बोरानाड़ा औद्योगिक क्षेत्र के लिए किए गए भूमि अधिग्रहण को वैध ठहराया है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा एवं न्यायाधीश चंद्रशेखर शर्मा की खंडपीठ ने राज्य सरकार और रीको की विशेष अपीलें स्वीकार करते हुए 8 सितंबर, 2017 को एकल पीठ की ओर से दिए गए उस फैसले को

निरस्त कर दिया, जिसमें 33 याचिकाएं स्वीकार कर अधिग्रहण प्रक्रिया रद्द कर दी थी। खंडपीठ ने फैसले में कहा कि भूमि अधिग्रहण अधिकारी की ओर से भूमि स्वामियों की आपत्तियों पर विचार किया गया था तथा सुनवाई का मौका भी दिया था। कोर्ट ने माना कि एकल पीठ ने तकनीकी आधारों पर अत्यधिक हस्तक्षेप किया और संपूर्ण अधिग्रहण प्रक्रिया को समग्रता में देखने के बजाय अलग पहलुओं पर निर्णय दिया। खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि भूमि अधिग्रहण जैसे मामलों में न्यायिक समीक्षा का दायरा केवल निर्णय लेने की प्रक्रिया तक सीमित है। उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा दिए गए इस निर्णय से पूर्व में अवाप्त की गई भूमि में से यथास्थिति के कारण शेष रही 1700 बीघा भूमि पर भी अब रीको द्वारा औद्योगिक विकास के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई की जा सकेगी। बोरानाड़ा में हो रहे औद्योगिक विकास की दृष्टि से इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि उक्त भूमि के पास पूर्व में ही रीको द्वारा बोरानाड़ा में बोरानाड़ा औद्योगिक क्षेत्र, एग्रो फूड पार्क, ईपीआईपी एवं अन्य औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा चुके हैं, जिसमें लगभग 1500 औद्योगिक इकाइयां कार्यरत हैं।

रीको ने हाल ही विकसित किए हैं औद्योगिक क्षेत्र

रीको द्वारा इसी आवाप्तसुदा भूमि में से कुछ भू-भाग पर हाल ही नए औद्योगिक क्षेत्रों मेडिकल डिवाइस पार्क, हैंडीक्राफ्ट एवं फर्नीचर पार्क व सामान्य श्रेणी की इकाइयों के लिए कार्ययोजना बनाकर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए गए, जिसे राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना राइजिंग राजस्थान के तहत औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने की दृष्टि से एमओयू धारकों के लिए रीको द्वारा विशेष प्रत्यक्ष आवंटन योजना लागू की थी, जिसमें इन नए औद्योगिक क्षेत्रों में अधिकाधिक रुझान देखने को मिला है। इस रुझान को देखते हुए उक्त शेष भूमि 1700 बीघा पर भी औद्योगिक निवेश आने से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। रीको द्वारा यथाशीघ्र उक्त भू-भाग पर विकास कार्य शुरू करने तथा भूखंडों के शीघ्र आवंटन के कदम उठाए जा रहे हैं।

आरएसएमईटी और आईआईटी धनबाद के बीच हुआ करार, मलबे से निकले खनिजों का हो सकेगा व्यावसायिक उत्पादन

खनिज के मलबों से मिलेंगे निकेल, कोबाल्ट, क्रोमियम और गैलियम जैसे क्रिटिकल मिनरल्स

- रक्षा, ग्रीन एनर्जी, एयरोस्पेस और एयरोनॉटिकल उद्योगों की आवश्यकता हो सकेगी पूरी
- देश-प्रदेश की ऊर्जा सुरक्षा के साथ-साथ सामरिक और आर्थिक सुरक्षा होगी मजबूत

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में क्रिटिकल मिनरल के एक्सप्लोरेशन और अध्ययन को नई गति मिल रही है। हाल ही प्रदेश में पिंक मार्बल और हरे मार्बल के मलबों के ढेर (अपशिष्ट) के अध्ययन में निकेल, कोबाल्ट, क्रोमियम और गैलियम जैसे क्रिटिकल मिनरल्स की गुणवत्तापूर्ण मात्रा के सकारात्मक संकेत मिले हैं। इन मिनरल्स से रक्षा, ग्रीन एनर्जी, एयरोस्पेस और एयरोनॉटिकल उद्योगों की आवश्यकता की पूर्ति हो सकेगी, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा के साथ-साथ सामरिक और आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी।

अन्य जिलों में भी चिह्नित किए जा चुके खनिजों के ढेर

खान विभाग द्वारा चिह्नित 78 डम्प्स में से शेष 68 डम्प्स और टेलिंग्स का भी वैज्ञानिक मूल्यांकन आईआईटी आईएसएम धनबाद के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें खदान डम्प्स का जियो रेफरेन्सड डेटाबेस, मेपिंग, सैंपलिंग, निष्कर्षण, मिनरालॉजिकल एनालिसिस व उपलब्ध संसाधनों का आकलन करते हुए टंगस्टन, लिथियम, कोबाल्ट, निकल, आरईई के रिसोर्सेज जैसे महत्वपूर्ण खनिज की उपलब्धता का पता लगाया जा सकेगा। उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, सलूंबर, ऋषभदेव, अजमेर, ब्यावर, सावर, नागौर, सिरोही, जोधपुर, बालेसर, सोजत सिटी और जालोर में अलग-अलग खनिजों के ढेर चिह्नित किए जा चुके हैं। हाल ही अतिरिक्त मुख्य सचिव खान और पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा से आईआईटी धनबाद के प्रो. धीरज कुमार, आईआईटी आईएसएम के एमेरिट्स प्रो. एएस वैंकटेश, टेक्समिन के दानिश और ऑपरेशंस मैनेजमेंट आईआईटी दिल्ली के विक्रम केवाई ने मुलाकात कर डम्प्स में क्रिटिकल मिनरल्स की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता की संभावना व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि पीएम नरेंद्र मोदी का क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के एक्सप्लोरेशन और खनन पर विशेष फोकस है।

मुख्यमंत्री की पहल पर खान विभाग के आरएसएमईटी और आईआईटी धनबाद के बीच राजस्थान के खनिज डम्प्स के संबंध में एक समझौता संपन्न हुआ है। इस समझौते के अनुरूप प्रदेश में खनिजों के विशाल ढेरों (ह्यूज डम्प्स ऑफ मिनरल्स), जिनका कोई उपयोग भी नहीं है, में उपलब्ध बेशकीमती क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक खनिजों का पुनर्चक्रण कर इसे व्यावसायिक उत्पादन में उपयोग करने के लिए अध्ययन किया जा रहा है। यह अध्ययन अभिनव प्रयास है। इस समझौते के अंतर्गत खान विभाग द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 78 डम्प्स चिह्नित कर 10-10 डम्प्स का कलस्टर बनाया गया। इनमें से उदयपुर जिले और आसपास के कलस्टर में पिंक मार्बल के 8 डम्प्स और ग्रीन मार्बल (सर्पैंटिनाइट) के 2 डम्प्स का अध्ययन किया गया। इन डम्प्स में निकेल, कोबाल्ट, क्रोमियम और गैलियम की बड़ी मात्रा पाई गई है। आरंभिक अनुमान के अनुसार यह मात्रा पृथ्वी की पपडी (क्रस्ट) में इनकी सामान्य उपलब्धता से 25 से 40 गुना अधिक है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से औद्योगिक और पर्यटन गतिविधियों को मिलेगी गति

1359 करोड़ की एनएच -62 फोरलेन परियोजना को मिली मंजूरी

नागौर-बीकानेर फोरलेन मार्ग से विकास को मिलेगा नया आयाम

सुगम कनेक्टिविटी से निवेश और रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में सड़क तंत्र का तेजी से सुदृढ़ीकरण हो रहा है। इसी दिशा में उनके प्रयासों से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने नागौर-बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-62) के फोरलेन निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना को लगभग 1359.33 करोड़ रुपए की लागत से बीओटी (टोल) मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इससे पश्चिमी राजस्थान की कनेक्टिविटी को नई मजबूती मिलने के साथ ही निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही औद्योगिक एवं पर्यटन गतिविधियों को भी गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने नागौर-बीकानेर फोरलेन परियोजना को मंजूरी मिलने पर कहा कि डबल इंजन सरकार के विजन और सशक्त नेतृत्व में राजस्थान में आधारभूत संरचनाओं के विकास को निरंतर बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही आधुनिक, सुरक्षित और सुगम सड़क नेटवर्क का प्रदेश में विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से नागौर और बीकानेर सहित नजदीकी क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी। साथ ही यह परियोजना विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

नारी चौपाल-नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित

महिलाओं के सशक्तिकरण एवं जागरूकता पर दिया विशेष जोर

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। महिलाओं के नेतृत्व एवं निर्णय क्षमता को बढ़ावा देने, राजकीय योजनाओं एवं सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने तथा सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बुधवार को जयपुर जिले में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर नारी चौपाल-नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद सभागार, जयपुर में हुआ। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित महिला केंद्रित योजनाओं एवं सेवाओं पर संवाद किया गया। साथ ही बाल विवाह रोकथाम, साइबर सुरक्षा, एनीमिया नियंत्रण, लिंगानुपात सुधार तथा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं सूचना आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया गया। साथ ही महिला संरक्षण एवं सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों और महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न सहायता केंद्रों एवं सेवाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (तृतीय) देवयानी, उपनिदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं पार्थवी, महिला अधिकारिता विभाग के डॉ. राजेश डोगीवाल तथा इनाया फाउंडेशन की कार्यकारी अध्यक्ष नितिशा शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला एवं ब्लॉक स्तर पर शामिल हुए प्रतिभागी

कार्यक्रम में जिलास्तर पर 310 प्रतिभागियों ने सहभागिता की, जबकि जिले के समस्त ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों में 1,622 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान लाडो प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में उनकी भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाना रहा।

जोधपुर मंडल के समदड़ी-लूनी रेलखंड के मध्य रद्द और रीशेड्यूल रहेंगी ट्रेन

जयपुर(महानगर टाइम्स संवाददाता)। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा जोधपुर मंडल के समदड़ी-लूनी रेलखंड के मध्य सतलाना यार्ड में समपार फाटक संख्या 227 पर आरयूबी निर्माण कार्य के लिए ब्लॉक जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार इस कार्य के कारण 74839 भगत की कोठी-बाड़मेर ट्रेन 14 व 21 जून एवं 74840 बाड़मेर-भगत की कोठी ट्रेन 15 व 22 जून को रद्द रहेगी। इसी प्रकार 14 व 21 जून को बाड़मेर से प्रस्थान करने वाली 14896 बाड़मेर-भगत की कोठी ट्रेन समदड़ी तक संचालित होगी। यह ट्रेन समदड़ी-भगत की कोठी के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। साथ ही 14893 भगत की कोठी-पालनपुर ट्रेन 14 व 21 जून को भगत की कोठी के स्थान पर समदड़ी से रवाना होगी। यह ट्रेन भगत की कोठी-समदड़ी के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। इनके अलावा 14887 ऋषिकेश-बाड़मेर ट्रेन 20 जून को ऋषिकेश से अपने निर्धारित समय से 2 घंटे की देरी से रवाना होगी।

मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं (प्रारंभिक स्टेशन से)

14 व 21 जून को जैसलमेर से रवाना होने वाली 20485 जैसलमेर-साबरमती ट्रेन परिवर्तित मार्ग वाया लूनी-मारवाड़-महेसाना होकर संचालित होगी। यह ट्रेन पाली मारवाड़, मारवाड़ जं., रानी, फालना, सुमेरपुर जवाई बांध, पिंडवाड़ा, आबूरोड, पालनपुर, सिद्धपुर व ऊंझा स्टेशनों पर ठहराव करेगी तथा दुदाड़ा, समदड़ी, मोकलसर, जालोर, मोदरान, मारवाड़ भीनवाल, रानीवाड़ा, धनेरा, भीलड़ी व पाटन स्टेशनों पर ठहराव नहीं करेगी। इसी तरह 14 व 21 जून को साबरमती से रवाना होने वाली 20486 साबरमती- जैसलमेर ट्रेन परिवर्तित मार्ग वाया महेसाना-मारवाड़-लूनी होकर संचालित होगी। यह ट्रेन ऊंझा, सिद्धपुर, पालनपुर, आबूरोड, पिंडवाड़ा, सुमेरपुर जवाईबांध, फालना, रानी, मारवाड़ जं. व पाली मारवाड़ स्टेशनों पर ठहराव करेगी तथा पाटन, भीलड़ी, धनेरा, रानीवाड़ा, मारवाड़ भीनवाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर, समदड़ी व दुदाड़ा स्टेशनों पर ठहराव नहीं करेगी।

राजस्थान पुलिस की ट्रैफिक स्ट्राइक

6 दिन में 50 हजार से ज्यादा वाहनों पर कार्रवाई

ब्लैक फिल्म वालों पर सबसे बड़ा शिकंजा

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस का विशेष अभियान अब सख्त हो गया है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान के तहत 6 दिनों में 50,174 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वहीं पुलिस ने कड़ा शिकंजा कसते हुए छठे दिन में रिकॉर्ड 10,825 चालान बनाए। राजस्थान पुलिस की 'पहले समझाइश, फिर सख्ती' नीति के तहत यह अभियान सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में लगातार प्रभावी साबित हो रहा है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि डीजी ट्रैफिक अनिल पालीवाल के पर्यवेक्षण में 4 जून से शुरू हुए अभियान में अब तक शीशों पर अवैध काली फिल्म लगाने वाले 19694 वाहनों पर कार्रवाई की गई। नियम विरुद्ध नंबर प्लेट एवं पंजीयन चिह्न प्रदर्शित करने वाले 13046 वाहनों पर कार्रवाई हुई। वाहनों पर अनधिकृत शब्द, पदनाम, प्रतीक एवं अन्य लेखन प्रदर्शित करने के 6791 मामलों एवं अवैध बॉडी या चेसिस मॉडिफिकेशन वाले 4 हजार 757 मालों में कार्रवाई की गई। इसके अलावा अवैध लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर, स्ट्रोब लाइट एवं हूटर का उपयोग करने वाले 3244 वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। साथ ही प्रेशर हॉर्न एवं एयर हॉर्न का उपयोग करने वाले 2642 वाहन चालकों को नियमों के उल्लंघन पर दंडित किया गया।

छठे दिन सर्वाधिक मामले दर्ज

अभियान में छठे दिन सर्वाधिक 10825 वाहनों पर सख्त कार्रवाई करते हुए चालान बनाए गए। इस दिन 4220 वाहनों से ब्लैक फिल्म हटवाई गई। नियम विरुद्ध नंबर प्लेट वाले 2449 वाहनों और 1784 वाहनों पर अनाधिकृत लेखन मिलने पर नियमानुसार प्रवर्तन किया गया। प्रेशर व एयर हॉर्न पर 571, अनधिकृत लाल, नीली बत्ती, फ्लैशर, स्ट्रोब लाइट एवं हूटर के लिए 763 वाहनों पर कार्रवाई की गई।

महात्मा गांधी अस्पताल की ओर से निशुल्क लीवर एवं पेट रोग परामर्श शिविर आज

- राम मंदिर राजापार्क परिसर स्थित महात्मा गांधी सिटी सेंटर में होगा आयोजन

जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)। ग्लोबल फैटी लिवर डे के अवसर पर महात्मा गांधी अस्पताल जयपुर के सेंटर फॉर डायजेस्टिव साइंसेज की ओर से 11 जून को निशुल्क लीवर एवं पेट रोग परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य फैटी लिवर रोग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, समय पर पहचान सुनिश्चित करना तथा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। शिविर राजापार्क राम मंदिर परिसर स्थित महात्मा गांधी सिटी सेंटर में लगाया जाएगा। शिविर में सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों को निशुल्क परामर्श देंगे और आवश्यक जांचें होंगी। शिविर का नेतृत्व लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. नैमिष एन मेहता करेंगे। उनके साथ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं हेपेटोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक भी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में मरीजों के लिए ब्लड प्रेशर, बॉडी मास इंडेक्स, ब्लड शुगर, एलएफटी (लिवर फंक्शन टेस्ट), हेपेटाइटिस बी एवं सी तथा फाइब्रोस्कैन जैसी महत्वपूर्ण जांचें निशुल्क उपलब्ध रहेंगी। लीवर रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक आनंद सारस्वत, डॉ. करन कुमार, सर्जन डॉ. विनय महला, डॉ. देवेंद्र चौधरी, डॉ. अनिल कुमार गुप्ता आदि सेवाएं देंगे। डॉ. नैमिष एन मेहता ने बताया कि वर्तमान समय में फैटी लिवर तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या बनकर उभर रही है। असंतुलित खानपान, मोटापा, मधुमेह और शारीरिक गतिविधियों की कमी इसके प्रमुख कारण हैं। समय रहते इसकी पहचान और उपचार नहीं किया जाए तो यह गंभीर लिवर रोगों का कारण बन सकता है।

खान एवं पेट्रोलियम विभाग की विशिष्ट शासन सचिव ने किया राजस्थान संपर्क पोर्टल 181 का निरीक्षण

विभाग के 15 हजार से अधिक परिवादों की डैशबोर्ड पर की लाइव समीक्षा

90.89 प्रतिशत मामलों का हुआ सफल निस्तारण

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राज्य सरकार की मंशानुरूप आमजन की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील निस्तारण के उद्देश्य से खान एवं पेट्रोलियम विभाग की विशिष्ट शासन सचिव नम्रता वृष्णि ने बुधवार को राजस्थान संपर्क पोर्टल 181 के कॉल सेंटर का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पोर्टल के ग्रीवांस एनालिसिस समरी डैशबोर्ड के माध्यम से विभागवार, विषयवार और जिलावार लंबित प्रकरणों के आंकड़ों की लाइव समीक्षा की। डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि पोर्टल पर खान एवं पेट्रोलियम विभाग से संबंधित कुल प्राप्त परिवादों में से विभाग की सक्रियता से 90.89 प्रतिशत का निस्तारण किया जा चुका है।

जिलावार शिकायतों की ली जानकारी

जिलावार शिकायतों की समीक्षा करते हुए विशिष्ट शासन सचिव ने देखा कि सर्वाधिक शिकायतें भीलवाड़ा, जयपुर, जोधपुर, अजमेर और पाली जिलों से प्राप्त हुई हैं। उन्होंने इन जिलों के खनिज अभियंताओं और संबंधित अधिकारियों को पेंडिंग चल रहे मामलों की साप्ताहिक समीक्षा करने तथा अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। विशिष्ट शासन सचिव ने आवश्यक तकनीकी अपग्रेडेशन और रिपोर्टिंग सिस्टम को बेहतर बनाने के संबंध में मौके पर ही दिशा-निर्देश प्रदान किए।

विशिष्ट शासन सचिव ने नॉट सेटिस्फाइड की श्रेणी में दर्ज मामलों पर निर्देश दिए कि परिवादियों से सीधे फोन पर बात कर उनकी समस्या की वास्तविकता को समझा जाए। उन्होंने इस दौरान प्राप्त कुछ विशिष्ट और गंभीर शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लिया। अजमेर के भिनाय ब्लॉक व बडली में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध खनिज परिवहन के मामलों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही राजपुरा गांव में चरागाह भूमि पर बजरी के अवैध खनन की शिकायत पर सुनवाई कर परिवादी को राहत दी गई।

विशिष्ट शासन सचिव वृष्णि ने निर्देश दिए कि पोर्टल पर आने वाले हर परिवाद का संबंधित श्रेणी में ही दर्ज होना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन श्रेणियों में एक जैसी विषय-वस्तु आ रही है, वहां श्रेणियों का पुनर्गठन या पुनर्निर्धारण किया जाए। इसके साथ ही खान विभाग में आने वाली ऐसी शिकायतें जो पेट्रोलियम या अन्य सह-संबद्ध विषयों से संबंधित हैं। उन्हें तुरंत सही विभाग में ट्रांसफर करने की व्यवस्था को और सुचारु बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं आईटी विंग के तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2024-26